www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष : 09 अंक : 286
नई दिल्ली
मंगलवार, 04 नवम्बर 2025
मूल्य : 3.00 पृष्ठ : 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित




03 जेएनयूएसयू चुनाव : अध्यक्ष पद के ...
06 घरेलू खपत के दम पर मजबूत अर्थव्यवस्था
प्लेयर ऑफ द मैच रहीं शेफाली वर्मा... 12

## भारत अब टेक्नोलॉजी का उपभोक्ता नहीं, तकनीक के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्वकर्ता : मोदी



✔ आज ग्लोबल ऑर्डर में हम एक नए शिफ्ट को देख रहे हैं। आप सब जय जवान, जय किसान के विजन से लंबे अरसे से परिचित रहे हैं। रिसर्च एंड फोकस करते हुए हमने उसमें जय विज्ञान और जय अनुसंधान भी जोड़ा है।

उत्तम भारत संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान, उन्होंने एक लाख करोड़ रुपए के अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) स्कीम फंड का भी शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इतिहास में कुछ क्षण ऐसे आते हैं, जिनसे कई पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है। कुछ साल पहले हमारे बच्चों ने चंद्रयान का सफर देखा, उसकी सफलता भी देखी और ये सफलता विज्ञान के प्रति जबरदस्त तरीके से उनको आकर्षित करने का अवसर बन गई। उन्होंने कहा, 21वीं सदी का ये दौर सबसे अभूतपूर्व बदलावों का दौर है। आज ग्लोबल ऑर्डर में हम एक नए शिफ्ट को देख रहे हैं। आप सब जय जवान, जय किसान के विजन से लंबे अरसे से परिचित रहे हैं। रिसर्च एंड फोकस करते हुए हमने उसमें जय विज्ञान और जय अनुसंधान भी जोड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बनाया है, ताकि हमारे यूनिवर्सिटीज में रिसर्च और इनोवेशन को स्केल-अप किया जा सके। इसके साथ-साथ हमने रिसर्च डेवलपमेंट स्कीम भी शुरू की है और इसके लिए 1 लाख करोड़ रुपए की राशि तय की है। उन्होंने यह भी कहा कि जब साइंस को स्केल मिलती है, जब इनोवेशन इंक्लूसिव बनती है, जब तकनीक परिवर्तन लाती है, तो बड़ी उपलब्धियों की नींव तैयार होती है। पीएम मोदी ने कहा, भारत अब टेक्नोलॉजी का उपभोक्ता नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्वकर्ता बन चुका है। आज दुनिया का सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर भारत के पास है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत में नवाचार का आधुनिक इकोसिस्टम बने, इसके लिए हम ईज ऑफ डूइंग रिसर्च पर फोकस कर रहे हैं। भारत, आज नैतिक और मानव-केंद्रित कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वैश्विक ढांचे को आकार दे रहा है।

### पीएम मोदी ने एक लाख करोड़ का आरडीआई फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन किया। इस इवेंट के दौरान, उन्होंने एक लाख करोड़ रुपए के रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन (आरडीआई) फंड को लॉन्च किया है। इस स्कीम का उद्देश्य देश में वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करना है। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज का कार्यक्रम विज्ञान पर केंद्रित है, लेकिन उससे पहले मैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बारे में बात करना चाहता हूं। पूरे देश को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर गर्व है। मैं टीम को बधाई देता हूं और उन सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने भारत को गर्व महसूस कराया है। भारत को हाल ही में अंतरिक्ष में मिली सफलता पर पीएम मोदी ने कहा, कल, इसरो ने इंडियन नेवी के जीसैट-7आर (सीएमएस-03) कम्युनिकेशन सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। मैं इसरो और इस मिशन में शामिल सभी वैज्ञानिकों को बधाई देता हूं। आज साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए एक और अहम पड़ाव है। नए इनोवेशन पर चर्चा करने की जरूरत थी, और इस सोच के साथ ईएसटीआईसी कॉन्क्लेव की परिकल्पना की गई है। पीएम मोदी ने आगे कहा, साइंस में बदलाव की रफ्तार अब लीनियर नहीं बल्कि एक्सपोनेंशियल है। हमारी सरकार ने रिसर्च और डेवलपमेंट में नए मौकों के लिए एक लाख करोड़ रुपए के आरडीआई फंड को लॉन्च किया है। हमारा मकसद सिर्फ सरकारी संस्थानों में ही नहीं।

## ईडी ने अनिल अंबानी के घर समेत 3,084 करोड़ की संपत्ति की कुर्की की

### धन शोधन मामले में रिलायंस समूह पर बड़ी कार्रवाई, चार आदेश जारी

शैलेन्द्र शर्मा



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी समूह कंपनियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत की गई है। ईडी ने इस संबंध में चार अस्थायी कुर्की आदेश जारी किए हैं। सूत्रों ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में अनिल अंबानी का मुंबई के पाली हिल स्थित आवास भी शामिल है। इसके अतिरिक्त दिल्ली के महाराजा रणजीत सिंह मार्ग पर स्थित रिलायंस सेंटर का भूखंड तथा समूह की कंपनियों की कई अन्य आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं। इन संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये बताया गया है। एजेंसी के अनुसार, यह मामला रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) द्वारा जुटाई गई सार्वजनिक धनराशि के दुरुपयोग और उसे अन्य उद्देश्यों में लगाने से संबंधित है। ईडी का कहना है कि इन दोनों कंपनियों ने बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त करने के बाद धन को नियत प्रयोजन के बजाय अन्य खातों में स्थानांतरित किया। जांच के दौरान यह पाया गया कि यस बैंक ने वर्ष 2017 से 2019 के बीच आरएचएफएल में 2,965 करोड़ रुपये और आरसीएफएल में 2,045 करोड़ रुपये का निवेश किया था। दिसंबर 2019 तक ये निवेश गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में बदल गए। उस समय आरएचएफएल पर 1,353.50 करोड़ रुपये तथा आरसीएफएल पर 1,984 करोड़ रुपये की देनदारी थी। सूत्रों ने बताया कि अंबानी समूह के विरुद्ध यह कार्रवाई 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच से जुड़ी हुई है। इन अनियमितताओं में समूह की कई कंपनियों द्वारा सामूहिक ऋण राशि को निर्धारित परियोजनाओं के बजाय अन्य उपयोगों में लगाने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस वर्ष अगस्त में अनिल अंबानी से पूछताछ की थी। इससे पूर्व 24 जुलाई को एजेंसी ने देशभर में 50 कंपनियों और उनके अधिकारियों के लगभग 35 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान कई वित्तीय दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए गए थे। गौरतलब है कि यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उस प्राथमिकी से संबंधित है, जिसमें रिलायंस समूह, यस बैंक और पूर्व बैंक प्रमुख राणा कपूर के रिश्तेदारों की कंपनियों के बीच कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन की जांच की जा रही है। इस बीच, रिलायंस समूह ने पहले किसी भी प्रकार की अनियमितता से इनकार किया था। कंपनी ने अपने पूर्व बयान में कहा था कि उसके विरुद्ध लगाए गए 17,000 करोड़ रुपये की अनियमितताओं के आरोप निराधार हैं और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर वर्तमान में अपने व्यावसायिक योजनाओं को लागू करने पर केंद्रित है। ईडी द्वारा की गई इस ताजा कार्रवाई से अनिल अंबानी समूह पर कानूनी दबाव एक बार फिर बढ़ गया है। एजेंसी द्वारा विस्तृत आधिकारिक बयान शीघ्र ही जारी किए जाने की संभावना है।

## न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई शुरू की



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई शुरू की। इस सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को उसके समक्ष उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की तीन सदस्यीय विशेष पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अधिकतर राज्यों ने अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। पीठ ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से यह बताने को कहा कि पिछली तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। पीठ के समक्ष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। मामले में सुनवाई जारी है। शीर्ष अदालत ने 27 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करते हुए पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवंबर को उसके समक्ष उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया था कि अदालत के 22 अगस्त के आदेश के बावजूद अनुपालन हलफनामे क्यों नहीं दायर किए गए। पीठ ने अपने आदेश का पालन नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की थी और कहा था कि 27 अक्टूबर तक पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को छोड़कर किसी भी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ने अनुपालन हलफनामे दायर नहीं किए थे।

## भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है वंशवाद: थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि वंशवादी राजनीति भारतीय लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है और अब समय आ गया है कि भारत वंशवाद की जगह योग्यता को अपनाए। उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक सत्ता का निर्धारण योग्यता, प्रतिबद्धता या जमीनी स्तर पर जुड़ाव के बजाय वंशवाद से होता है, तो शासन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया संगठन प्रोजेक्ट सिंडिकेट के लिए लिखे एक लेख में तिरुवनंतपुरम के सांसद ने बताया कि नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस से जुड़ा हुआ है, लेकिन राजनीतिक परिदृश्य में वंशवाद का बोलबाला है। थरूर का यह बयान भारत-पाकिस्तान संघर्ष और पहलगाम हमले के बाद राजनयिक प्रयासों पर उनकी टिप्पणियों को लेकर उठे विवाद के कुछ सप्ताह बाद आया है। उस समय उनकी टिप्पणियां कांग्रेस के रुख से अलग थीं और कई पार्टी नेताओं ने उनकी मंशा पर सवाल उठाते हुए उन पर निशाना साधा था। इंडियन पॉलिटिक्स आर ए फेमिली बिजनेस शीर्षक वाले लेख में थरूर ने कहा कि दशकों से एक परिवार भारतीय राजनीति पर हावी रहा है और नेहरू-गांधी परिवार का प्रभाव भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था, लेकिन यह विचार पुख्ता हुआ है कि राजनीतिक नेतृत्व एक जन्मसिद्ध अधिकार हो सकता है। यह विचार भारतीय राजनीति में हर पार्टी, हर क्षेत्र और हर स्तर पर व्याप्त है। थरूर ने कहा कि बीजू पटनायक के निधन के बाद उनके बेटे नवीन ने अपने पिता की खाली लोकसभा सीट जीती। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने यह पद अपने बेटे उद्धव को सौंप दिया और अब उद्धव के बेटे आदित्य भी प्रतीक्षारत हैं। थरूर ने राजनीतिक वंशवाद के और उदाहरण देते हुए कहा, ह्ययही बात समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर भी लागू होती है, जो उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और जिनके बेटे अखिलेश यादव बाद में उसी पद पर रहे। अखिलेश अब सांसद और पार्टी के अध्यक्ष हैं। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान के बाद उनके बेटे चिराग पासवान ने पार्टी की कमान संभाली। उन्होंने जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, पंजाब और तमिलनाडु में भी वंशवादी राजनीति की मिसालें दीं। थरूर ने यह भी तर्क दिया कि यह (वंशवादी राजनीति) केवल कुछ प्रमुख परिवारों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ग्राम सभाओं से लेकर संसद तक, भारतीय शासन के ताने-बाने में गहराई से समाई हुई है। उन्होंने पाकिस्तान में भुट्टो और शरीफ परिवार, बांग्लादेश में शेख और ज़िया परिवार तथा श्रीलंका में भंडारनायके और राजपक्षे परिवार का उदाहरण देते हुए कहा, सच कहूं तो, इस तरह की वंशवादी राजनीति पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित है। थरूर का कहना था, लेकिन ये भारत के जीवंत लोकतंत्र के साथ खास तौर पर बेमेल लगते हैं। फिर भारत ने वंशवादी मॉडल को इतनी पूरी तरह क्यों अपनाया है?

## ओआरएस ब्रांडिंग वाले पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक संबंधी याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है, जिसमें किसी भी फल-आधारित, गैर-काबोर्नेटेड या रेडी-टू-ड्रिंक पेय पदार्थ पर ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) लेबलिंग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि एफएसएसएआई द्वारा उठाए गए कदम गंभीर जन स्वास्थ्य चिंताओं से प्रेरित हैं और ये नियामक उपाय पूरे खाद्य उद्योग पर लागू होते हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 31 अक्टूबर को पारित एक आदेश में, एफएसएसएआई के 14 और 15 अक्टूबर के उन आदेशों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसके तहत उसने खाद्य और पेय पदार्थ कंपनियों को अपने लेबलिंग में ओआरएस शब्द का उपयोग करने की अनुमति वापस ले ली थी, जब तक कि वे मानक चिकित्सा संयोजन विधि (फॉमूर्लेशन) को पूरा नहीं करते। उच्च न्यायालय ने कहा, इन परिस्थितियों में, यह अदालत एफएसएसएआई द्वारा 30 अक्टूबर, 2025 को पारित उपरोक्त आदेश पर रोक लगाने की इच्छुक नहीं है। यह विशेष रूप से ओआरएस फॉमूर्लेशन की चिकित्सीय आवश्यकता वाले लोगों द्वारा आपत्तिजनक उत्पादों के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों और प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों के मद्देनजर है। अदालत ने आगे कहा कि उसे जन स्वास्थ्य के मद्देनजर एफएसएसएआई द्वारा उठाए गए कदमों पर रोक लगाना उचित नहीं लगता।

## माटीकला मेलों में बिक्री का बना रिकॉर्ड, 4.20 करोड़ का आंकड़ा पार

✔ लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, कानपुर देहात और मुरादाबाद के मेलों में बढ़ी खरीदारों की उत्साही भागीदारी

✔ 70 जनपदों में आयोजित लघु माटीकला मेलों में 2.19 करोड़ की उल्लेखनीय बिक्री हुई दर्ज, पिछले वर्ष से 91 लाख अधिक विक्रय संपन्न

✔ कारीगरों को सीधे उपभोक्ता से जोड़ने का सफल रहा प्रयास

✔ योगी सरकार ने पारंपरिक माटीकला को प्रोत्साहन करने के लिए बोर्ड गठन सहित किए हैं कई अभिनव प्रयास



**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयोजित माटीकला मेलों में प्रदेश के कारीगरों व हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। इस अवधि में बोर्ड ने 10 दिवसीय माटीकला महोत्सव, 07 दिवसीय क्षेत्रीय माटीकला मेले और 03 दिवसीय लघु माटीकला मेले आयोजित किए। इन सभी मेलों में कुल 691 दुकानें लगाई गईं और 4,20,46,322 की बिक्री हुई। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में दर्ज कुल बिक्री 3,29,28,410 की तुलना में ड्91,17,912 अधिक है, जो लगभग 27.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ती है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे ज्यादा फोकस परंपरागत शिल्पों व उद्योगों में कार्यरत कारीगरों की उन्नति पर है। प्रदेश समेत देश-विदेश में उनके उत्पादों को वृहद स्तर पर खरीदार मिलें, इसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं और माटीकला बोर्ड इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

**70 जनपदों में बड़े स्तर पर हुई खरीदारी**

लखनऊ के खादी भवन में 10 से 19 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 10 दिवसीय माटीकला महोत्सव में 56 दुकानों द्वारा 1,22,41,700 की बिक्री हुई। गोरखपुर, आगरा, कानपुर देहात और मुरादाबाद में 13 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 07 दिवसीय क्षेत्रीय मेलों में 126 दुकानों ने 78,84,410 का विक्रय किया। इसी क्रम में प्रदेश के 70 जनपदों में 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 03 दिवसीय लघु माटीकला मेलों में 509 दुकानों के माध्यम से 2,19,20,212 की बिक्री दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोजित मेलों में कुल 878 दुकानों द्वारा 3,29,28,410 की बिक्री हुई थी। यद्यपि इस वर्ष कुल दुकानों की संख्या कम रही, फिर भी विक्रय में वृद्धि यह दशार्ती है कि उत्पादों की गुणवत्ता, प्रदर्शनी की व्यवस्था और विपणन सहयोग अधिक प्रभावशाली रहा।

## 25 वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड ने हासिल किए विकास के प्रभावशाली लक्ष्य

✔ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने रजतोत्सव के क्रम में विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया

✔ जनता के प्रति निरंतर उत्तरदाई बने रहना संसदीय प्रणाली की शक्ति भी और चुनौती भी



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना, रजतोत्सव के अवसर पर आयोजित, उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने इस ऐतिहासिक अवसर के लिए उत्तराखंड विधान सभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों तथा सभी राज्यवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में, यहां के जनमानस की आकांक्षा के अनुरूप, बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से, नवंबर, 2000 में इस राज्य की स्थापना की गई। विगत पचीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य-सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने सराहनीय प्रगति की है।

इसी तरह डिजिटल और फिजिकल कनेक्टिविटी तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलमेंट के क्षेत्रों में भी विकास हुआ है। राष्ट्रपति ने राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विशेष सराहना करते हुए कहा कि, इससे राज्य में सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। इसी तरह श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधान सभा अध्यक्ष नियुक्त करके उत्तराखंड विधान सभा ने अपना गौरव बढ़ाया है।

# सीए फ़ाउंडेशन, इंटर एवं फाइनल के परिणाम में मथुरा के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** सोमवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी सीए फ़ाउंडेशन इंटर एवं फाइनल के परीक्षा परिणाम में जनपद की प्रतिभाओं ने लगातार सफलता का परचम फहराते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है।

सोमवार को जारी सीए फ़ाउंडेशन के परीक्षा परिणाम में दिव्य भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनन्या शर्मा, संचित अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, रजत सिंह, एंड सीए इंटरमीडिएट में कुनाल गोयल, ध्रुव अग्रवाल, भूमि शर्मा, नारायण सिसोदिया, चंद्रशेखर बंसल, वंश गोस्वामी, वंशिका गोयल, यशिका अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल एंड सीए फाइनल में राघव वार्ष्णेय, निपुन वार्ष्णेय, क्षमा शर्मा, आदित्य अग्रवाल, हर्ष खंडेलवाल, मनु गोयल ने सफलता हासिल कर जनपद में कीर्तिमान स्थापित किया है। एबीसी कॉमर्स क्लासेज कृष्णा नगर मधुबन एन्क्लेव के निदेशक सीए अमित बंसल ने बताया कि जनपद के छात्र-छात्राएं पिछले दो दशक से लगातार कीर्तिमान स्थापित कर पूरे देश में मथुरा का नाम रोशन कर रहे हैं। सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय अपने माता-पिता तथा शिक्षक सीए विवेक वार्ष्णेय, सीए रिया बंसल, रिंकू जिंदल एवं संचालक सीए अमित बंसल व मथुरा ब्रांच के अध्यक्ष सीए राहुल चौधरी को दिया है।

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में न्यू एलनबैरी वर्क्स में मिली नौकरी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के 43 विद्यार्थियों को न्यू एलनबैरी वर्क्स कंपनी में नौकरी मिली है। प्रसिद्ध आटोमोबाइल कंपनियों के लिए गेयर और शाफ्ट बनाने वाली कंपनी ने संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आफर लैटर जारी करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी मेहनत, पढ़ाई के प्रति गंभीरता और लगन की सराहना की है।

कंपनी द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के दौरान संस्कृति विवि के विद्यार्थियों का तीन चरणों में योग्यता परीक्षण करने के बाद 43 विद्यार्थियों को न्यू एलन बैरी वर्क्स लि. में काम करने का मौका दिया है। कंपनी के महाप्रबंधक एचआर प्रोडक्शन बीके खुंटिया ने बताया कि 'न्यू एलनबेरी वर्क्स' कंपनी एक मजबूत उद्यमशीलता संस्कृति का लाभ उठाते हुए, भविष्योन्मुखी इंजन और ट्रांसमिशन अनुप्रयोगों के लिए ऑटोमोटिव गियर और शाफ्ट बनाती है। सिद्ध क्षमताओं और ठोस संसाधनों के साथ, पिछले 40 वर्षों में, स्वदेशी मांग को पूरा करने की अपनी




प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सामने आया है।

उन्होंने बताया कि संस्कृति विवि के छात्र-छात्राओं का चयन एक निर्धारित योग्यतापरक चयन प्रक्रिया के तहत हुआ। विवि के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता परिचय देकर इंटरव्यू क्वालीफाई किया है। इन सभी बच्चों को कंपनी ने नौकरी के लिए चुना है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्र ओमप्रकाश, प्रदीप, क्रिशन गोपाल, मोहित कुमार, गग्गन, मनोज, भविष्य कुमार, आकाश कुमार, गौरव सिंह, भूपेंद्र, राधारमन, हेमराज, मनीष कुमार, गजेंद्र सिंह, विशाल, भूदेव प्रसाद, प्रेमचंद्र, राहुल राजपूत, आकाश सिंह, प्रिंस राज कौशिक, संजय, गुड्डू यादव, शुभम शर्मा, जयराम, नवीन, विवेक, योगेश, अमन सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, मोहित चौधरी, ब्रज किशोर, मोहन, भोजपाल, छत्रपाल सिंह, राम महाराज, दीपक, हरीश चंद्र, संदीप, भूदेव शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, भरत, मोहित, प्रदीप को कंपनी ने आफर लैटर प्रदान किए हैं।

विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने चयनित छात्र-छात्राओं को उनके प्लेसमेंट पर बधाई देते हुए कहा कि अपने ज्ञान और कौशल से नियोक्ता कंपनी के विकास में अपना सारा श्रम समर्पित करें। कंपनी की प्रगति ही आपके यश में वृद्धि करेगी। संस्कृति विश्वविद्यालय की कौशल और नवाचार से ओतप्रोत शिक्षा का ही यह प्रभाव है कि विवि के विद्यार्थियों को नामी-गिरामी कंपनियों द्वारा हाथों-हाथ लिया जा रहा है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी / जिला मजिस्ट्रेट ने की बीएलओ संग समीक्षा बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी / जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह ने उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे जैन सहित मथुरा सदर के समस्त बीएलओ के साथ तहसील सदर के सभागार में एसआईआर के संबंध में समीक्षा बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त बीएलओ को निर्देशित किया कि आप घर-घर जाकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ करें। उक्त कार्य महत्वपूर्ण है, जिसके लिए आप नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने कहा कि देश में 08 बार एसआईआर हुआ है तथा वर्ष 2025 का एसआईआर 09वीं बार किया जा रहा है। जनपद में 2130 बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि बीएलओ को एसआईआर कार्य में सहयोग करें, जिससे शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जा सके। सहायता के लिए निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने सभी बीएलओ को अवगत कराया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है। नोटिस प्राप्त होने पर, निर्वाचक को निम्नलिखित श्रेणियों के आधार पर अभिलेख उपलब्ध कराने होंगें। यदि भारत के बाहर जन्म हुआ है (विदेश में भारतीय मिशन द्वारा जारी जन्म पंजीकरण का प्रमाण संलग्न करें)। यदि पंजीकरण / नागरिकीकरण द्वारा भारतीय नागरिकता प्राप्त की है (नागरिकता पंजीकरण प्रमाणपत्र संलग्न करें)। यदि 01.07.1987 और 02.12.2004 के बीच भारत में जन्म हुआ है, तो ऊपर दी गई सूची में से स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जिसमें जन्मतिथि और/या जन्मस्थान का पता चलता हो। या ऊपर दी गई सूची में से पिता या माता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्मतिथि और / या जन्मस्थान को प्रमाणित करता हो। यदि 02.12.2004 के बाद भारत में जन्म हुआ है, तो ऊपर दी गई सूची में से स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और / या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो।

ऊपर दी गई सूची में से पिता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और / या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। ऊपर दी गई सूची में से माता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और / या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। यदि अभिभावक में से कोई भारतीय नहीं है, तो अपने जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट और वीजा की एक प्रति उपलब्ध करायें।

# मुन्नार में पर्यटक को 'परेशान करने' के आरोप में टैक्सी चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

**इडुक्की (केरल)।** मुन्नार में मुंबई की एक महिला पर्यटक द्वारा टैक्सी चालकों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाए जाने के बाद वाहन चालकों के एक समूह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

महिला पर्यटक की पहचान सहायक प्रोफेसर जाह्नवी के रूप में की गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तीन मिनट का एक वीडियो साझा कर आरोप लगाया कि जब उन्होंने डिजिटल माध्यम से बुक कराई गई कैब से यात्रा करने की कोशिश की तो स्थानीय टैक्सी चालकों ने उन्हें परेशान किया।

उन्होंने कहा कि मुन्नार की उनकी यात्रा ''बेहद रोमांचक'' थी लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना के कारण वह दोबारा केरल नहीं आएंगी।

महिला ने वीडियो में कहा कि जब वह मुन्नार से निकलने की तैयारी कर रही थीं तो उनके मेजबान ने उन्हें बताया कि स्थानीय टैक्सी संघों के विरोध के कारण उबर और ओला जैसी 'ऑनलाइन टैक्सी' सेवाओं को वहां काम करने की अनुमति नहीं है।

इसके बाद उन्होंने अपने उबर चालक से संपर्क किया और उसे किसी दूसरी जगह मिलने के लिए कहा ताकि वह अन्य लोगों की नजर में न आए।

महिला ने कहा, ''जब हम अपना सामान लाद रहे थे तभी अचानक पांच-छह आदमी वहां आए। जाहिर है कि वे हमारा पीछा कर रहे थे। उन्होंने हमारे कैब चालक को धमकाना शुरू कर दिया और कहा कि वह हमें नहीं ले जा सकता।'' जाह्नवी ने बताया कि इसके बाद उन्होंने मदद के लिए पुलिस को फोन किया। उन्होंने कहा, ''पुलिसकर्मी आए लेकिन हमसे एक शब्द भी कहे बिना सीधे टैक्सी संघ के सदस्यों के पास चले गए। उनके साथ थोड़ी बातचीत करने के बाद पुलिस ने हमें बताया कि हम उबर या ओला कैब से यात्रा नहीं कर सकते।''

पर्यटक ने बताया कि जब उन्होंने केरल पर्यटन अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने भी यही बात कही।

उन्होंने कहा, ''हर कोई कह रहा था कि आपको यह तय करने का अधिकार नहीं है कि आप किसके साथ यात्रा करेंगी। आपको सुरक्षित महसूस करने या अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है।''

इस वीडियो के आधार पर मुन्नार पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए रविवार को उन टैक्सी चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जिनकी पहचान फुटेज से की जा सकती है।

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 126(2) (गलत तरीके से रोकना), 135(2) (आपराधिक धमकी) और 3(5) (साझा इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 30 अक्टूबर को हुई थी। उन्होंने कहा कि वे उस दिन मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों की भूमिका की पुष्टि कर रहे हैं और जांच के तहत जाह्नवी का बयान दर्ज करने के लिए उनसे संपर्क करने की भी कोशिश कर रहे हैं।

# दरबार स्थानांतरण बहाल होने से जम्मू और श्रीनगर के बीच के फासले कम होंगे: उमर अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने पूर्ववर्ती राज्य की दोनों राजधानियों के बीच की खाई पाटने के लिए वर्षों पुरानी 'दरबार स्थानांतरण' की परंपरा को फिर से शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ चीजों को ''पैसे से नहीं तौला जाना चाहिए''।

इस परंपरा के तहत सर्दियों में जम्मू कश्मीर सरकार के कार्यालयों को श्रीनगर से जम्मू और गर्मियों में जम्मू से श्रीनगर स्थानांतरित किया जाता है। दरबार स्थानांतरण के तहत श्रीनगर में सिविल सचिवालय और अन्य स्थानांतरित कार्यालय 30 और 31 अक्टूबर को बंद हो गए और सोमवार से अगले छह महीनों के लिए शीतकालीन राजधानी से काम शुरू कर दिया गया।

अब्दुल्ला ने कहा कि कुछ लोग हमेशा जम्मू और श्रीनगर के बीच दरार पैदा करने तथा राजनीतिक लाभ के लिए 'जम्मू बनाम कश्मीर' का मुद्दा उठाने की कोशिश करते हैं।

उन्होंने कहा, ''हम इस दरार को पाटना चाहते हैं और दोनों जगहों के लोगों के बीच की दूरी को कम करना चाहते हैं।''

'दरबार स्थानांतरण' की शुरुआत लगभग 150 साल पहले डोगरा शासकों ने की थी। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रशासन के ई-ऑफिस में पूरी तरह से बदलाव का हवाला देते हुए जून 2021 में इस पर रोक लगा दी थी। सिन्हा ने कहा था कि इससे सालाना लगभग 200 करोड़ रुपये की बचत होगी।

जम्मू के व्यापारिक समुदाय समेत विभिन्न वर्गों ने इस फैसले की तीखी आलोचना करते हुए इस प्रथा को फिर से शुरू करने पर जोर दिया था और इसे व्यापार एवं दोनों क्षेत्रों के बीच पारंपरिक संबंधों के लिए एक झटका बताया था।

अब्दुल्ला ने 16 अक्टूबर को फिर से 'दरबार स्थानांतरण' की शुरुआत करके अपना चुनावी वादा पूरा किया जिससे यहां के व्यापारिक समुदाय को राहत मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह (फैसला) खासकर जम्मू के लिए कितना महत्वपूर्ण था, यह आपको आज सुबह पता चल गया होगा। मेरे आधिकारिक आवास से सिविल सचिवालय तक का सफर आमतौर पर पांच मिनट का होता है, लेकिन इसमें एक घंटे का समय लग गया क्योंकि लोग सड़कों पर उमड़ पड़े और उन्होंने अपना प्यार बरसायाज 'दरबार स्थानांतरण' रोके जाने से जम्मू पर बहुत बुरा असर पड़ा।''

अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने 'दरबार स्थानांतरण' की फिर से शुरुआत करके अपनी जिम्मेदारी निभाई और उम्मीद जताई कि उनके इस फैसले से जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।

उन्होंने कहा, ''सबसे जरूरी बात यह है कि हर चीज को पैसों से नहीं तौला जाना चाहिए। 'दरबार स्थानांतरण' पैसे बचाने के लिए रोका गया था। कुछ चीजें पैसों से बढ़कर होती हैं क्योंकि इसमें जम्मू कश्मीर के दोनों क्षेत्रों के लोगों की भावनाएं और एकता शामिल होती है।''

# जम्मू कश्मीर को बांटने की चाहत रखने वाले आज नाकाम रहे : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू।** 'दरबार स्थानांतरण' परंपरा की एक बार शुरुआत होने पर जम्मू में फिर से सरकारी कार्यालयों के खुलने पर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि ''जम्मू कश्मीर को बांटने की चाहत रखने वाले नाकाम रहे हैं''।

अब्दुल्ला ने यहां कार्यालयों के फिर से खुलने के अवसर पर पत्रकारों से कहा कि केंद्र शासित प्रदेश एकजुट है और इसे सामूहिक रूप से विकास की ओर बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''जम्मू कश्मीर को अलग करने की चाहत रखने वाले आज विफल हो गए हैं।'' उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के सभी हिस्से ''एक'' हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने वालों को ''राजनीति छोड़ देनी चाहिए'' और इसके बजाय लोगों के कल्याण एवं केंद्र शासित प्रदेश के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू भी प्रगति करेगा और उम्मीद जताई कि सचिवालय के आने से उसे ''अधिक से अधिक लाभ'' मिलेगा।

उन्होंने कहा, ''इस (पूर्ववर्ती) राज्य को फिर से उठ खड़ा होना होगा। यह युद्धों सहित कई विनाशों से उबर चुका है तथा हमें मिलकर इसका पुनर्निर्माण करना होगा और इसे विकास की ओर ले जाना होगा।''

अब्दुल्ला ने इस कदम का स्वागत करने के लिए 'चैंबर ऑफ कॉमर्स' और लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा, ''मैं जम्मू के हर उस शख्स का आभार व्यक्त करता हूं जिसने इस कदम का समर्थन किया।''

जैसे ही मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला रेजीडेंसी रोड और रघुनाथ बाजार से गुजरे 'जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' सहित विभिन्न व्यापारी संघों ने उनका भव्य स्वागत किया और 2021 में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा रोकी गई वर्षों पुरानी परंपरा को फिर से शुरू करने के उनके फैसले की सराहना की।

महाराजा हरि सिंह द्वारा शुरू की गई 'दरबार स्थानांतरण' की परंपरा को एक ''बड़ा कदम'' बताते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह कदम जम्मू कश्मीर के लोगों के बीच एकता को दर्शाता है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''इसका मतलब है कि जम्मू-कश्मीर के लोग खुद को एक मानते हैं, चाहे उनकी भाषा या धर्म कुछ भी हो, वे एक ही धरती के हैं।''

जनता की मांगों को पूरा करने के मुद्दे पर अब्दुल्ला ने कहा कि लंबे समय से की जा रही 'दरबार स्थानांतरण' की मांग पूरी हो गई है और विश्वास व्यक्त किया कि अन्य मांगें भी ''अगले चार वर्षों के भीतर धीरे-धीरे'' पूरी हो जाएंगी।

जम्मू कश्मीर में 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनावों के बारे में नेकां अध्यक्ष ने कहा, ''सभी को उम्मीद है कि चुनाव अच्छे होंगे और हमें भी उम्मीद है कि ये हमारे लिए बेहतर होंगे। हमारी उम्मीदें सकारात्मक हैं।''

# नशे में धुत फौजी का हंगामा, पुलिसकर्मी से हाथापाई कर फाड़ी वर्दी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** सदर थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित एक फौजी ने शराब के नशे में रविवार रात को जमकर उत्पात मचाया। राहगीरों से गाली-गलौच करके मारपीट की। अंडे की ढकेल पलट दी। सूचना पर पहुंची पुलिस कर्मियों से भी हाथापाई कर दी। वर्दी फाड़ दी। चार पुलिस कर्मियों ने उसे संभाला। फिर उठाकर थाने ले गए। पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उसे सेना के अधिकारियों के सिपुर्द कर दिया।

रविवार रात आठ बजे शराब के नशे में एक फौजी सिविल लाइंस स्थित राहगीरों से गाली-गलौच कर रहा था। कुछ राहगीरों ने विरोध जताया तो उनके साथ मारपीट कर दी। पास ही स्थित अंडे की ढकेल के पास पहुंचे शराबी युवक की ढकेल संचालक से कहासुनी हो गई। उसने ढकेल पलट दी। हंगामे को देख आसपास के लोगों ने सदर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर नशे में धुत युवक उनसे भी उलझ गया। उसने एक सिपाही की वर्दी फाड़ दी और धक्का-मुक्की करने लगा। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और किसी तरह युवक को काबू में किया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया। पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो गया। सदर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि युवक ने अपना नाम राजन निवासी बिहार बताया है। वह सेना में नौकरी करता है। सेना के अधिकारियों को बुलाकर नियमानुसार युवक को उनके सिपुर्द कर दिया गया।

# राजस्थान के आरएपीएस संयंत्र में हाइड्रोजन सल्फाइड रिसने से बेहोश हुए मजदूर की नौ दिन बाद मौत

**कोटा।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में रावतभाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र (आरएपीएस) के भारी पानी संयंत्र में 'हाइड्रोजन सल्फाइड' गैस के रिसाव के कारण कुछ दिन पहले बेहोश हुए एक मजदूर की मौत हो गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मजदूर धर्मेंद्र लोहार और आरएपीएस में एक ठेकेदार के अधीन काम करने वाले चार अन्य श्रमिक 25 अक्टूबर को रखरखाव कार्य के दौरान भारी पानी संयंत्र में 'हाइड्रोजन सल्फाइड' गैस के रिसाव के बाद बेहोश हो गए थे।

एक अधिकारी ने बताया कि रिसाव के कारण बेहोश हुए चार अन्य मजदूरों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

रावतभाटा थाने के सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) शांतिलाल बुनकर ने सोमवार सुबह पत्रकारों को बताया कि वेंटिलेटर पर रखे गए धर्मेंद्र लोहार की रविवार देर रात कोटा के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। लोहार लगभग 15 से 20 वर्षों से आरएपीएस स्थित भारी जल संयंत्र में संविदा श्रमिक के रूप में कार्यरत था।

इस बीच लोहार की बहन ने संयंत्र प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है।

एएसआई ने बताया कि कोटा के महाराव भीमसिंह (एमबीएस) अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है और प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिवार को सौंप दिया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि लोहार की बहन चित्तौड़ के भैंसरोडगढ़ निवासी सीमा लोहार ने शिकायत दर्ज कराई है कि भारी जल संयंत्र में जहरीली गैस के रिसाव के बाद उसका भाई बेहोश होकर गिर पड़ा। मामले में आगे की जांच जारी है।

# हमंत विश्व शर्मा और गौरव गोगाई ने महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप की सराहना की

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम को उनके पहले आईसीसी विश्व कप खिताब जीतने पर बधाई दी। उन्होंने इस पल को प्रतिभा और टीम वर्क की जीत बताया है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हरा दिया और पहली बार विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया ।

शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, 'हमारी 'वुमेन इन ब्लू' ने दुनिया को पछाड़ते हुए 'महिला विश्व कप 2025' जीता है। यह प्रतिभा, टीम वर्क और जुनून की जीत है जो देश भर में लाखों लोगों को प्रेरित करेगी। टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई। वे चैंपियन बनने की हकदार थीं।'

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने भी चैंपियन टीम को शुभकामनाएं दीं।

गोगोई ने कहा, 'भारतीय महिला क्रिकेट टीम को उनके ऐतिहासिक विश्व कप जीत के लिए मेरी शुभकामनाएं। उनके साहस, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है और हर भारतीय दिल को खुश कर दिया है।'

गोगोई ने इस उपलब्धि को 'वास्तव में भारतीय क्रिकेट में एक सुनहरा पल' बताया और कहा कि यह जीत पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

# बंगाल के पूर्व मंत्री के नाम से जालसाजों ने फर्जी फेसबुक और व्हाट्सएप अकाउंट बनाए, जांच शुरू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और पूर्व मुख्य सचिव मनीष गुप्ता के नाम पर एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाए जाने का मामला सामने आया है जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि साइबर जालसाजों ने गुप्ता के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया था।

एक अधिकारी ने कहा, 'जालसाजों ने उनकी तस्वीर को व्हाट्सएप नंबर पर 'डिस्प्ले पिक्चर' के रूप में भी इस्तेमाल किया और उसके कई परिचितों को संदेश भेजे।'

पुलिस ने बताया कि चूंकि फेसबुक प्रोफाइल और व्हाट्सएप 'डिस्प्ले पिक्चर' में पूर्व नौकरशाह की तस्वीर थी, इसलिए उनके कई परिचितों ने शुरू में संदेशों को वास्तविक मान लिया।

एक जांच अधिकारी ने बताया कि जालसाजों ने कथित तौर पर गुप्ता के परिचितों से पैसे मांगने के लिए संदेश भेजे थे, जिसमें दावा किया गया था कि एक विशेष उद्देश्य के लिए धन की तत्काल आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'संदेशों को वास्तविक मानकर कुछ लोगों ने कथित तौर पर जालसाजों द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर दी।'

घटना के बारे में जानने के बाद गुप्ता ने अपने जानने वालों को सतर्क किया और बाद में शहर के पुलिस मुख्यालय लालबाजार स्थित साइबर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने कहा, 'हमारे साइबर धोखाधड़ी अधिकारियों को संदेह है कि जालसाज किसी अन्य राज्य से ऐसा कर रहे हैं और वे एक ऐसे नेटवर्क का हिस्सा हैं जो लोगों के साथ ठगी करने के लिए प्रसिद्ध व्यक्तियों की फर्जी प्रोफाइल बनाते हैं।'

उन्होंने बताया कि पुलिस, धोखाधड़ी करने के लिए जिस व्हाट्सएप नंबर से संदेश भेजा गया उस मोबाइल नंबर का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# अधिकारी लोगों की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निरस्तारण करें: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का सोमवार को निर्देश दिया। शर्मा ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई के दौरान दिया।आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने जनसुनवाई में आई महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को सबसे पहले सुना और अधिकारियों को उनकी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

शर्मा ने जनसुनवाई में आए लोगों की कई समस्याओं का संतोषजनक निस्तारण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'जनसुनवाई में परिवादी अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से बड़ी उम्मीद रखते हैं। ऐसे में अधिकारी उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध निस्तारण करें तथा अधिकारी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ काम करते हुए लोगों को राहत दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई करें तथा आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से हो। शर्मा ने इस दौरान कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना।

# वेणुगोपाल के 'लड़कों की सरकार' वाले बयान पर मंत्री शिवनकुट्टी का पलटवार

**कन्नूर/अलप्पुझा।** केरल के शिक्षा मंत्री और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता वी. शिवनकुटटी ने अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद 'लड़कों की सरकार' बनने संबंधी कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल के बयान पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि राज्य की वाम सरकार लड़कियों समेत सभी वर्गों की है।

रविवार को अलप्पुझा में कांग्रेस महासचिव (संगठन) वेणुगोपाल ने पांच साल पहले चुनाव घोषणापत्र में वादा किए जाने के बावजूद सामाजिक कल्याण पेंशन नहीं बढ़ाने को लेकर वामपंथी सरकार की आलोचना की थी। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव के बाद संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की सरकार बनने का दावा



किया था।

पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की ओर से की गई घोषणा को लेकर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा था कि सत्ता में पांच साल पूरे करने के बाद भी, वामपंथी सरकार ने पेंशन राशि में केवल 400 रुपये की वृद्धि की - और वह भी विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले।

वेणुगोपाल ने कहा, 'वे पहले से जानते हैं कि किसकी सरकार बनेगी - यह लड़कों की सरकार, यूडीएफ सरकार होगी। चूंकि वह ये बात जानते हैं, इसलिए यह घोषणा केवल लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए की गई है। '

शिवनकुट्टी ने सीधे वेणुगोपाल के बयान का उल्लेख किए बिना सोमवार को तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह कन्नूर जिले के चेरुथजम सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान एक लड़की को सांत्वना देते दिखाई दे रहे हैं, जो एक तस्वीर प्रस्तुत करने के बाद रोने लगी थी।

शिवनकुट्टी ने कहा, 'ऐसे समय में जब लड़कियां ताज पहन रही हैं और (भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप में जीत का संदर्भ देते हुए) दुनिया में चोटी पर पहुंच रही हैं, तो प्यारी निहारा तुम क्यों रो रही है? '

उन्होंने कहा, 'मैंने उसे सांत्वना देते हुए पूछा कि 'तुम क्यों रो रही हो, बच्ची?'

शिवनकुट्टी ने कहा कि उन्होंने लड़की को पास बुलाया और जब तक उसके चेहरे पर मुस्कान नहीं आई, तब तक जाने नहीं दिया।

शिवनकुट्टी ने बताया कि उन्होंने उससे कहा, 'प्यारी बच्ची, यह दुनिया लड़कियों की भी है। यह सरकार लड़कियों समेत सभी की है। '

P-03:28 paga09_jhn.qxd 11/3/2025 9:33 PM Page 1



# डीयू के कुलपति ने किया माइक्रोकॉन 2025 का शुभारंभ, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों पर जताया गर्व

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** देश के वैज्ञानिकों, डॉक्टरों और विशेषज्ञों के राष्ट्रीय सम्मेलन माइक्रोकॉन 2025 का आयोजन सोमवार को नई दिल्ली के अशोका होटल में हुआ। क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी, संक्रमण नियंत्रण और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर केंद्रित इस पांच दिवसीय आयोजन का शुभारंभ दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कोविड-19 महामारी के दौरान माइक्रोबायोलॉजी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उसके लिए हम सब आभारी हैं। कुलपति ने 2023 में रिलीज हुई फिल्म द वैक्सीन वॉरह्व का जिक्र करते हुए कहा कि इस फिल्म में दिखाया गया है कि मीडिया में यह नेरेटिव सेट किया गया था कि भारत वैक्सीन नहीं बना सकता, लेकिन हमने इसे कर दिखाया। यह गर्व की कहानी है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और माइक्रोबायोलॉजी के प्रोफेसरों पर गर्व है, जिन्होंने उस कठिन समय में यह कर दिखाया। प्रो. योगेश




सिंह ने सार्वजनिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने में माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स (आईएएमएम) ने किया था। सम्मेलन के आयोजक अध्यक्ष डॉ. चांद वाट्टल ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर के 150 से अधिक संस्थानों से आए 1800 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें एआईआईएमएस, पीजीआईएमईआर सहित प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा 26 से अधिक कार्यशालाएं और निरंतर चिकित्सा शिक्षा सत्र (सीएमई) आयोजित किए गए। सम्मेलन की वैज्ञानिक रूपरेखा में उभरते संक्रामक रोग, एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर), डायग्नोस्टिक इनोवेशन, संक्रमण की रोकथाम और भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों की तैयारी जैसे विषय शामिल रहे। आयोजन सचिव डॉ. जसविंदर ओबेरॉय ने बताया कि हमारे समुदाय ने पोलियो उन्मूलन से लेकर कोविड-19 महामारी तक हर चुनौती का सामना किया है, जो हमारी नवाचार क्षमता और सेवा भावना को दर्शाता है। सह-आयोजन सचिव डॉ. विकास मनचंदा ने कहा कि इस क्षेत्र के युवा साथियों के लिए यह सम्मेलन उन्हें प्रैक्टिस-रेडी और फ्यूचर-रेडी बनने में मदद करेगा, जिससे वे वर्तमान और भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना कर सकें। सम्मेलन में डायग्नोस्टिक स्टीवार्डशिप और एंटीमाइक्रोबियल स्टीवार्डशिप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए जो रोगों के सटीक निदान, संक्रमण की रोकथाम और एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करते हैं।

# किसी भी एमटीएस कर्मचारी का नहीं काटा जाएगा वेतन : महापौर

- एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने महापौर के साथ की बैठक

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एमटीएस कर्मियों में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई है जब दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन को बैठक में आश्वासन देते हुए कहा कि कार्य पर लौटे हड़ताली कर्मियों का वेतन नहीं काटा जाएगा। बता दें कि निगम



मुख्यालय पर इन कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर करीब 33 दिनों तक हड़ताल जारी रखी। यूनियन महासचिव देवा नंद शर्मा ने सोमवार को महापौर के साथ हुई बैठक के बाद यह जानकारी दी। यूनियन ने वेतन नहीं काटे जाने के मामले में महापौर राजा इकबाल, अतिरिक्त आयुक्त और निगम स्वास्थ्य अधिकारी (एमएचओ) को धन्यवाद किया। यूनियन महासचिव देवानंद शर्मा ने बताया कि महापौर का आश्वासन उन कर्मियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है जिन्होंने त्योहारी सीजन में अपनी खुशियां त्याग कर हड़ताल में भाग लिया था।

**-10 दिन के भीतर निगम प्रशासन से रिपोर्ट मांगी**

यूनियन ने बताया कि सोमवार को लेबर कोर्ट में प्रवेश वाही की अध्यक्षता में पारित प्रस्तावों की रिपोर्ट निगम को सौंपी गई है, जिसके आधार पर सेंट्रल लेबर कमिश्नर ने 10 दिन के भीतर निगम प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। महापौर और अतिरिक्त आयुक्त ने भरोसा दिया है कि सभी लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र ने चलाया डेंगू जागरूकता अभियान

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के पश्चिमी विनोद नगर वार्ड 198 में मच्छरमार धुंआ व डेंगू, मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया। वार्ड 198 वेस्ट विनोद नगर दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय हांडा, कीट विशेषज्ञ डॉ शालिनी कोहली, एसएमआई अशोक पारचा, मलेरिया निरीक्षक संजीव कौशिक के दिशा निर्देश से वार्ड नंबर 198 विधायक रवि नेगी के कार्यालय में बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड कार्यालय, जल बोर्ड कार्यालय और प्रियदर्शनी अपार्टमेंट में सीएफडब्ल्यू कमल सिंह, सचिन शर्मा निगम के




कर्मचारियों के साथ मेघराज सिंह ने मच्छरमार धुंआ व डेंगू, मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया। विधायक कार्यालय में समस्त समाजसेवी सुभाष रावत प्रमोद गुप्ता विधायक प्रतिनिधि, धर्म चौरसिया विधायक प्रतिनिधि सुनील कंडवाल, बी.डी जोशी, राधे नेगी, सुमित जी ध्रुव शर्मा, मोंटी शर्मा एवं समस्त समाजसेवी की मौजूदगी में मेघराज सिंह ने डेंगू मलेरिया मच्छरों की संपूर्ण जानकारी दी व अपील की मच्छर की उत्पत्ति रोकने की अपील की।

# मध्यम मार्ग अपनाते हुए संतुलित जीवन जियें: सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

- रुहानियत की अविरल धारा – 78वां निरंकारी संत समागम

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली/समालखा।** सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाने से जीवन सहज, सुंदर एवं सफल बन जाता है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें निरंकारी संत समागम के तीसरे दिन रविवार को उपस्थित विशाल जनसागर को अपने दिव्य प्रवचनों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उपरोक्त भाव व्यक्त किए।

इस सन्त समागम में विश्वभर से आए लाखों श्रद्धालु सत्गुरु के पावन दर्शनों से आत्मविभोर हो रहे हैं, मुर्शद और मुरीद का यह संगम दिव्यता, भव्यता और आत्मिकता का अद्वितिय नजारा है।

सतगुरु माता जी ने आगे फरमाया कि केवल भौतिकता में आसक्त रहना अथवा आध्यात्मिक उन्नति के लिए घर परिवार की जिम्मेदारियों से किनारा कर लेना, ये दोनों ही जीवन के चरम छोर हैं। संतों ने हमेशा अलिप्त भाव से संसार में रहकर परमार्थ के मार्ग को अपनाते हुए संतुलित जीवन जीने की बात कही है। जीवन में यदि हम निराकार परमात्मा की उपस्थिति का अहसास करते हुए हर कार्य करते हैं तो वह कार्य निर्लेप भाव से युक्त सेवा ही हो जाता है, जिससे जीवन के दोनों पहलुओं की पूर्ति हो जाती है। सतगुरु माता जी ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना का जिक्र करते हुए कहा कि संत अपने जीवन में आत्मभाव जागृत करके पूरी मानवता के प्रति प्रेम भाव धारण करते हैं। संत सबको एक नजर से देखते हुए किसी की जाति-पाति, अच्छाई-बुराई, गरीबी-अमीरी अथवा अन्य कोई भी भेदभाव मन में नहीं रखते हैं और जहां भेदभाव नहीं, वहां नफरत भी नहीं रहती;



रहता है तो केवल प्रेम।

सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि प्रेम देना भी है और स्वीकार भी करना है पर वास्तव में प्रेम बांटने के लिए होता है, केवल बटोरने के लिए नहीं। प्रेम वह भाव है जो जितना देते हैं उतना ही मन खुश रहता है, उसमें वापस पाने की अपेक्षा नहीं रखी जाती। संतों का भाव तो देने का होता है न कि लेने का। ठीक इसी तरह संतुलित भाव को अपनाने से मन में शिकवे की जगह निरंतर शुकराने का भाव उत्पन्न होने लगता है।

सतगुरु माता जी के विचारों से पूर्व आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि कोई सांसारिक प्रेम में डूब जाता है तो वह अपने प्रेमी को ईश्वर का दर्जा देता है और आनंदित रहता है, तो अगर किसी के हृदय में सत्गुरु और परमात्मा के प्रति इलाही प्रेम हो तो वह भक्ति बनकर आनंदित हो उठता है, नाचने-गाने लगता है। फिर उसे किसी की भी कमियां नजर आनी बंद हो जाती हैं, सारा विश्व ईश्वर का रूप नजर आने लगता है, हर तरफ उसे ईश्वर के ही दर्शन होने लगते हैं अर्थात प्रेम एक अद्भुत शक्ति है, इसलिए संसार में अगर प्राप्त करने योग्य कुछ है तो यही अटल सच्चाई है, यही अलौकिक प्रेम है।

इसके पूर्व हरियाणा के माननीय मुख्य मंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने समागम में पधारकर सतगुरु के आशिष प्राप्त किए। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन आत्ममंथन, आत्मसुधार एवं समाज निर्माण का प्रेरणा स्रोत है। यहां सारे भेदभावों से ऊपर उठकर मानव को मानव बनने की शिक्षा दी जाती है। आध्यात्मिक जागरूकता के साथ साथ मिशन समाज कल्याण के कार्यों में भी अनुकरणीय योगदान दे रहा है जो अत्यंत सराहनीय है।

मिशन के स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संत समागम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यापक प्रबंध किया गया है। समागम परिसर में 8 एलोपैथिक तथा 6 होम्योपैथिक डिस्पेन्सरियों की सेवा निरंतर जारी रही। साथ ही 15 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र एवं 1 कारोप्रॅक्टिक शिविर का भी आयोजन किया गया। गंभीर रोगग्रस्त मरीजों के लिए 120 बेड का एक अस्थायी अस्पताल भी कार्यरत रहा। इसके अतिरिक्त मिशन द्वारा 12 एवं हरियाणा सरकार द्वारा 30 एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई।

# जेएनयूएसयू चुनाव : अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के बीच गरमागरम बहस, मंच पर गूंजे कश्मीर और फलस्तीन के मुद्दे

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के गलियारों में रविवार की शाम राजनीतिक नारों से गूंज उठी जब छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) चुनाव के तहत अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के बीच पारंपरिक वाद-विवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। खचाखच भरे सभागार में छह उम्मीदवारों ने मंच साझा किया और अपनी-अपनी नीतियों तथा विचारधाराओं के माध्यम से छात्रों को प्रभावित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया। एक शोधार्थी ने कहा, हर वर्ष जेएनयू का चुनाव लोकतंत्र के अभ्यास जैसा होता है, जहां वाद-विवाद से राजनीति की शुरूआत होती है। वाम गठबंधन की ओर से अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विद्यालय की पीएचडी शोधार्थी अदिति मिश्रा ने अपने भाषण की शुरूआत जेएनयू से बाहर के मुद्दों से की। उन्होंने कहा, हम फलस्तीन की आजादी, कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली, लद्दाख के पर्यावरण संरक्षण और सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर भारत की अवधारणा पर हमला करने का आरोप लगाया और कहा



कि असहमति के लिए गुंजाइश लगातार घटती जा रही है। मिश्रा ने बुलडोजर कार्रवाई, उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे कार्यकताओं की गिरफ्तारी और साध्वी प्रज्ञा के हालिया विवादित बयान का उल्लेख करते हुए कहा, यह दौर इंसानियत से ज्यादा नफरत का बन गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उम्मीदवार विकास पटेल ने वामपंथी राजनीति पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय वाम राजनीति से ऊब चुका है। पिछले 50 वर्षों में इन्होंने जेएनयू को पीछे धकेल दिया है। पटेल ने वामदलों पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा, समानता की बातें करने वाले अपने दल में न तो महिलाओं को स्थान देते हैं और न ही दलितों को। उन्होंने 1975 के आपातकाल को लोकतंत्र पर काला धब्बा बताया और दावा किया कि जेएनयू प्रशासन वाम गठबंधन का चौथा साझेदार बन चुका है। एनएसयूआई के प्रत्याशी विकास ने कहा कि वामपंथी और दक्षिणपंथी दोनों ही छात्र हितों के असली मुद्दों को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा, छात्रवृत्ति, शोध निधि, छात्रावास सुरक्षा जैसे विषय गायब हो चुके हैं। बहसें केवल विचारधारा तक सीमित हैं। प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स एसोसिएशन (पीएसए) की उम्मीदवार शिंदे विजयलक्ष्मी व्यंकट राव ने सबसे जोशीला भाषण दिया। उन्होंने मंच पर विश्वविद्यालय की अनुशासन पुस्तिका की एक प्रति फाड़ते हुए कहा, यह सुरक्षा नहीं, बल्कि निगरानी का प्रतीक है। उन्होंने आरएसएस की गतिविधियों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर तीखी टिप्पणी की। राव ने बशीर बद्र का शेर पढ़ा— लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।—जिस पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की आत्मा है : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को यमुना किनारे वासुदेव घाट पर आयोजित यमुनोत्सव 2025 – ह्लयमुना कांक्लेवह्व कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारी जीवनदायिनी यमुना के संरक्षण, संवर्धन और सांस्कृतिक पुनर्जीवन के प्रति जनजागृति का प्रतीक है, यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि



दिल्ली की आत्मा है। हमारी संस्कृति, सभ्यता और अस्तित्व का आधार है यमुना। यमुना कानक्लेव जैसे प्रयास निश्चित ही यमुना को स्वच्छ, निर्मल और जीवंत बनाने की दिशा में प्रेरक सिद्ध होंगे। दिल्ली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यक्रम के दौरान वहां कानक्लेव में भाग लेने आये स्कूलों के बच्चों से संवाद किया और यमुना संरक्षण पर उनके सुझाव लिया। वीरेंद्र सचदेवा ने इस सफल आयोजन के लिए कानक्लेव संयोजक एवं यमुना भिक्षुक रविशंकर तिवारी एवं अन्य पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# सख्ती से निपटेंगे: डिजिटल अरेस्ट मामलों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक उगाही पर न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश में डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों में भारी वृद्धि पर सोमवार को आश्चर्य जताया और कहा कि इनसे सख्ती से निपटे जाने की जरूरत है। डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर अपराध है, जिसमें जालसाज ऑडियो या वीडियो कॉल पर खुद को कानून प्रवर्तन एजेंसियों, अदालत या सरकारी विभागों के कर्मचारी के रूप में पेश करके पीड़ितों को डराते-धमकाते हैं और उन पर रुपये देने का दबाव बनाते हैं। देश में ह्वडिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों में वरिष्ठ नागरिकों सहित पीड़ितों से अब तक 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही किए जाने का अनुमान है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले में न्यायालय की मदद के लिए एक न्यायमित्र नियुक्त किया तथा गृह मंत्रालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से सीलबंद लिफाफों में पेश दो रिपोर्ट का अवलोकन किया। पीठ ने कहा, यह चौंकाने वाली बात है कि देशभर में वरिष्ठ नागरिकों सहित पीड़ितों से 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की जा चुकी है। अगर हम कड़े और कठोर आदेश पारित नहीं करते हैं, तो यह समस्या और बढ़ जाएगी। उसने कहा, हमें न्यायिक आदेशों के जरिये अपनी एजेंसियों के हाथ मजबूत करने होंगे। हम इन अपराधों से सख्ती से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख तय की। उसने कहा कि अगली सुवनाई पर वह न्यायमित्र के सुझावों के आधार पर कुछ निर्देश पारित करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि सीबीआई ने बताया है कि अपराध सिंडिकेट का संचालन विदेश से किया जा रहा है, जहां उनके वित्तीय, तकनीकी और मानव श्रम आधार वाले व्यापक घोटाला नेटवर्क हैं। केंद्र और सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गृह मंत्रालय का साइबर अपराध प्रभाग इन मुद्दों से निपट रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा के अंबाला में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला की ओर से प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई को लिखे पत्र का संज्ञान लिया है, जिसमें महिला ने शिकायत की है कि जालसाजों ने अदालत और जांच एजेंसियों के जाली आदेशों के आधार पर उसे और उसके पति को डिजिटल अरेस्ट किया तथा सितंबर में उनसे 1.05 करोड़ रुपये की उगाही की। महिला ने पत्र में लिखा है कि डिजिटल अरेस्ट के दौरान जालसाजों ने सीबीआई, ईडी और न्यायिक अधिकारी बनकर कई ऑडियो, वीडियो कॉल किए तथा उसकी और उसके पति की गिरफ्तारी के आदेश संबंधी कथित अदालती फैसले दिखाए। शीर्ष अदालत को बताया गया कि वारदात के सिलसिले में अंबाला स्थित साइबर अपराध विभाग में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के विभिन्न प्रावधानों के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। न्यायालय ने 27 अक्टूबर को कहा था कि वह डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों की व्यापकता और देश भर में इनकी बढ़ती संख्या को देखते हुए इनकी जांच सीबीआई को सौंपने का इच्छुक है। उसने विभिन्न राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी वारदातों के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी का विवरण मांगा था। शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह सीबीआई जांच की प्रगति की निगरानी करेगी और इन अपराधों से निपटने के लिए जो भी आवश्यक होगा, निर्देश जारी करेगी। उसने सीबीआई से पूछा था कि क्या उसे डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों की जांच के लिए पुलिस बल से बाहर के साइबर विशेषज्ञों सहित अधिक संसाधनों की जरूरत है।

# लड़की को अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए मजबूर करके पैसे ऐंठने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक लड़की को खुद की अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए कथित तौर पर मजबूर करने के बाद पीड़िता (लड़की) और उसके परिवार से जबरन धन वसूलने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान सुमित कुमार (28) के रूप में हुई है, जिसे पहले 2020 में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसे फरवरी 2021 में जमानत मिल गई थी। लेकिन अदालत में पेश नहीं होने पर मार्च 2024 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बेटी को सोशल मीडिया पर उसके पूर्व ट्यूटर की हैक की गई आईडी से एक संदेश मिला। भेजने वाले ने झूठा दावा किया कि उसकी निर्वस्त्र तस्वीरें ऑनलाइन उपलब्ध हैं और एक फिशिंग लिंक भेजा जिसमें उसके सोशल मीडिया से जुड़ी जानकारी की आवश्यकता थी। लॉगिन करने पर आरोपी ने उसका अकाउंट हैक कर लिया और उसे डराकर और धोखा देकर खुद की अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए मजबूर किया।

## समाचार

### धुंध की चादर से ढकी दिल्ली, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को धुंध की चादर छाई रही और शहर की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में कुल वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 316 दर्ज किया गया जो प्रदूषण के लगातार बने रहने का संकेत देता है। सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार, 28 निगरानी केंद्रों ने एक्यूआई 300 से ऊपर दर्ज किया है जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली का न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.9 डिग्री अधिक है। सुबह 8:30 बजे आर्द्रता 64 प्रतिशत दर्ज की गई। आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि हवा में हल्का कोहरा रहने के साथ अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### पूर्वी दिल्ली में एनआरआई महिला का बैग छीनने वाले दो व्यक्ति पकड़े गए

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में एनआरआई (अप्रवासी भारतीय) वरिष्ठ नागरिक से हैंडबैग छीनने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान 26 वर्षीय रोहित और मुकुल (24) के तौर पर हुई है और उन्होंने 28 अक्टूबर को ब्रिटेन से आई महिला को निशाना बनाया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जब वह पैदल जा रही थी, तो दोनों मोटरसाइकिल पर आए और उनका हैंडबैग छीनकर भाग गए। अधिकारी ने कहा, अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, सोने के आभूषण, 135 पाउंड (ब्रिटेन की मुद्रा), पीड़ित का मोबाइल फोन, पर्स, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज उनके कब्जे से बरामद किए गए। मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। अधिकारी ने बताया कि 15 किलोमीटर के मार्ग पर लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और फिर मुखबिर की सूचना पर दोनों को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जुर्म कबूल करते हुए कहा कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे और उन्होंने महिला को निशाना बनाया, क्योंकि उन्हें पता था कि वह एनआरआई है और उसके पास संभवतः कीमती सामान है।

### समयपुर बादली में कार ने बच्चे को कुचला

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक बच्चे की कथित तौर पर एसयूवी से कुचले जाने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम करीब चार बजे सिरसपुर रोड पर बालाजी नर्सरी के पास हुई, जब 20 वर्षीय युवक द्वारा चलाए जा रहे वाहन ने 14 महीने के बच्चे को कुचल दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पीड़ित की मां अपने बेटे के साथ सड़क किनारे खड़ी थी, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसके बेटे को टक्कर मार दी। बच्चे को गंभीर चोटें आईं और उसे बुराड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (तेज गति से वाहन चलाना) और 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रोहिणी निवासी वाहन चालक समर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एसयूवी जब्त कर ली गई है। उसने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

### दिल्ली 2020 दंगे : उमर खालिद के वकीलों ने बड़ी साजिश मामले में अपनी बहस पूरी की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी जिले में 2020 में हुए दंगे की कथित तौर पर बड़े पैमाने पर साजिश रचने के मामले में आरोपी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद के वकील ने सोमवार को अपने मुवक्किल के खिलाफ आरोप तय करने का विरोध करते हुए अपनी बहस पूरी की। खालिद का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिदीप पैस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं। पैस ने अदालत को सूचित किया कि उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और वह अन्य आरोपियों की दलीलें सुनने के लिए आगे बढ़ सकती है। पैस द्वारा पेश दलीलों पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख तय की। अदालत अगली सुनवाई में अन्य आरोपी सलीम मलिक के खिलाफ आरोपों पर दलीले सुनेगी। इससे पहले पैस ने 28 अक्टूबर को दलील दी थी कि उनके मुवक्किल पर कोई आपराधिक आरोप नहीं लगाया जा सकता। पिछले महीने खालिद के वकील ने कहा था कि उनके मुवक्किल को पांच साल हिरासत में बिताने पड़े। उन्होंने प्राथमिकी को एक मजाक करार देते हुए कहा कि इसमें कानून की शुचिता के सिद्धांत का अनुपालन नहीं किया गया।

### पंजाब विश्वविद्यालय में सीनेट चुनावों पर प्रतिबंध विद्यार्थियों के अधिकारों पर सीधा हमला: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) की निर्वाचित सीनेट चुनावों पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय की सोमवार को कड़ी निंदा की है। एनएसयूआई ने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं और विद्यार्थियों के अधिकारों पर सीधा हमला बताया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की तरफ जारी एक बयान में कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) ने अपने प्रतिष्ठित सीनेट चुनावों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने और छात्रों के मूल अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही हैं। अब वे छात्र संघ चुनावों पर भी प्रतिबंध लगाएंगे। यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और विश्वविद्यालय को किसी भी संस्थान के हवाले करने का स्पष्ट प्रयास है। वरुण चौधरी ने कहा कि सीनेट चुनाव पंजाब विश्वविद्यालय की लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव हैं। इन चुनावों से विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों को नीतिगत निर्णयों में भागीदारी का अधिकार मिलता है। इन चुनावों पर प्रतिबंध लगाकर प्रशासन छात्रों की आवाज को दबाने और राजनीतिक हस्तक्षेप का रास्ता खोल रही है। वरुण चौधरी ने कहा कि एनएसयूआई की मांग है कि विश्वविद्यालय प्रशासन तुरंत सीनेट चुनावों को बहाल करे और पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सभी हितधारकों के शासन में भागीदारी के अधिकार को सुनिश्चित करे।

### भारत की महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने पर केजरीवाल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऐतिहासिक विश्व कप के जीत पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी महिला सितारों पर गर्व है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर टीम की प्रशंसा की और पूरे देश को गर्व महसूस करने का आह्वान किया। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि भारत की ऐतिहासिक जीत महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 11/3/2025 9:37 PM Page 1



# हरियाणा की युवा ऊर्जा, खेल ढांचा और खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं, सब मिलकर रह रही नया इतिहास : मुख्यमंत्री

## गुरुग्राम में 27वें हरियाणा खेल उत्सव का आगाज, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ

गुरुग्राम।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की युवा ऊर्जा, हमारा खेल ढांचा और खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं, सब मिलकर आज एक नया इतिहास रच रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज दुनिया भारत को एक उभरती खेल शक्ति के रूप में देख रही है, जिसमें हरियाणा की निर्णायक भूमिका है। मुख्यमंत्री आज रविवार की शाम गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में 27वें हरियाणा राज्य खेल उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती पी.टी. ऊषा तथा हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविंदर मीनू बेनीवाल, हरियाणा के पद्मश्री, अर्जुन अवॉर्डी तथा भीम अवार्डी खिलाड़ी मौजूद रहें।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर हरियाणा राज्य खेल उत्सव का शुभारंभ करने उपरांत आयोजन में उपस्थित प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी से मेडल तक थीम के साथ आयोजित हो रहा 27वां हरियाणा राज्य खेल उत्सव एक संकल्प है कि हम हर गांव, हर शहर, हर खेल मैदान से प्रतिभाओं को खोजेंगे, उन्हें तराशेंगे और उन्हें विश्व मंच तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा स्टेट गेम्स केवल प्रतियोगिता नहीं है, यह खिलाड़ियों के कौशल, साहस और संकल्प की परीक्षा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्ष 2028, 2032 और 2036 के ओलंपिक खेलों में पदक लेने वाले खिलाड़ी आप में से ही होंगे।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गुरुग्राम में आयोजित 27वें हरियाणा ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए। साथ में हैं भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती पी. टी. उषा व अन्य गणमान्य।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा में 1 हजार 489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। जिनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपये तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को दो हजार रुपये प्रति माह दिए जा रहे हैं। वहीं खेल नर्सरी प्रशिक्षकों को 25 हजार रुपये तक मानदेय भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिए 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को सम्मान करते हुए पिछले 11 वर्षों में हरियाणा सरकार ने खिलाड़ियों को 641 करोड़ रुपए के नगद पुरस्कार दिए हैं। हरियाणा सरकार ने हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना बनाई है। इसके तहत 15 हजार 634 खिलाड़ियों को उपकरण प्रदान किए गए हैं।

उत्सव में विशिष्ट अतिथि तथा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती पी.टी. ऊषा ने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में हौसला, साहस और दृढ़ निश्चय की ऐसी ऊर्जा है जिसने हमेशा देश को विश्व स्तरीय खिलाड़ी दिए हैं। राज्य सरकार और हरियाणा ओलंपिक संघ के बीच आपसी सहयोग से खेलों का यह पुनर्जागरण संभव हुआ है।

खेल मैदानों से लेकर एथलेटिक ट्रैक और शूटिंग रेंज तक, हर जगह हरियाणा प्रदेश की खेल नीतियों और सुविधाओं का प्रभाव दिखाई देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में यह सहयोग आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और हरियाणा खेल जगत में नई ऊंचाइयां छुएगा।

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने स्टेट गेम्स के थीम मिट्टी से मेडल का जिक्र करते हुए कि आज के आयोजन की प्रेरणा के स्रोत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी है। हरियाणा में एक दशक से भी अधिक समय के बाद युवा शक्ति को खेलों की यह दिवाली मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि स्टेट गेम्स के प्रतिभागी बच्चे आने वाले समय में ओलंपिक खेलों में राष्ट्रगान बजवाएंगे। जिससे हरियाणा और भारत का नाम दुनिया में ऊंचा होगा।

भारत में हरियाणा पहला प्रदेश जिसमें पहली बार इतने भव्य रूप में स्टेट गेम्स आयोजित हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए है। मेरिट पर भर्ती और अच्छी खेल नीति की वजह से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल गया रहा है। उन्होंने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पी टी ऊषा को अपनी बड़ी बहन बताते हुए कहा कि खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए उनका सदैव मार्गदर्शन मिलता है।

इस बार के राज्य खेल उत्सव का शुभंकर 'महाबली चीता' रखा गया है, जो हरियाणा के खिलाड़ियों की तेज रफ्तार, साहस और जीत की भावना का प्रतीक है। वहीं, आयोजन का थीम सॉन्ग 'माटी ते मेडल उपजें छोरे छोरी हरियाणा के' पूरे राज्य में जोश और गर्व का संचार कर रहा है। इस गीत के माध्यम से हरियाणा की मिट्टी से जुड़े खिलाड़ियों की मेहनत और जज़्बे को सलाम किया गया है। उत्सव में हरियाणा प्रदेश की गौरवशाली खेल यात्रा पर एवी क्लिप पर प्रदर्शित की गई।

## टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन में 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी ले सकेंगे भाग : उपायुक्त

पलवल, (एजेंसी)। हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्य में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान और मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन माध्यम से होगी। जिसमें कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि परीक्षा चार समूहों में आयोजित की जाएगी। पहले समूह में कक्षा 5-6 के छात्र, दूसरे समूह में कक्षा 7-8 के छात्र, तीसरे समूह में कक्षा 9-10 के छात्र और चौथे समूह में कक्षा 11-12 के छात्र हिस्सा ले सकेंगे। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 नवंबर निर्धारित की गई है। परीक्षा का प्रथम चरण 10 से 20 नवंबर तक और द्वितीय चरण 27 से 30 नवंबर के बीच आयोजित होगी। वहीं, परीक्षा का परिणाम 5 दिसंबर को घोषित किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने के लिए 150 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क रहेगा। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय 4100 रुपये, तृतीय 3100 रुपय दिए जाएंगे।

## दुधारू पशुओं के अलावा अन्य पशुओं में हो रही मुंह-खुर की बीमारी

होडल,पलवल, (एजेंसी)। क्षेत्र के दर्जनों गांवो में दुधारू पशुओं के अलावा अन्य पशुओं में फैल रही मुंह-खुर की बीमारी ने पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। बीमारी के चलते जहां दूध उत्पादन में कमी आ रही हैं। वहीं, पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बीमारी में पशुओं के मुंह में छाले और खुरों में खून आने व जकड़न जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र के दर्जनों गांव में दुधारू गाय भैंस पशुओं में बारिश के बाद से मुंह-खुर बीमारी फैली हुई हैं। पशुपालकों का कहना है कि ये बीमारी कई वर्षो बाद पशुओं में देखने में आई है। मुंह पका-खुर पका से बचाव के लिए टीके लगे भी काफी समय बीत चुका है। क्षेत्र के सरकारी पशु अस्पतालों से डॉक्टर रजिस्टर पर हाजिरी लगाने के बाद गायब हो जाते हैं। कई बार पशुपालक किसानों ने इस मामले में अधिकारियों को शिकायत दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई हैं। किसानों में शामिल गांव गढ़ी निवासी प्रहलाद सिंह, सुखबीर सिंह, दलबीर,चंद्ररा सहित घनश्याम, उदयचंद्र ने बताया अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसको लेकर पशुपालक किसानों को निजी डॉक्टर के पास अपने दुधारू पशुओं का इलाज करवाना पड़ रहा है। पशु चिकित्सकों के अनुसार ये बीमारी एक से दूसरे पशु में संपर्क के कारण भी फैलने की संभावना है।पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. वीरेंद्र राठी ने कहा कि जल्द ही गांवों में चिकित्सकों की टीम को भेजकर जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में यह बीमारी ज्यादा नहीं है। जिन स्थानों पर दिक्कत है, वहां पशुओं का इलाज और टीकाकरण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध हैं।

## विवाहिता को अधिक दहेज की मांग को लेकर किया प्रताड़ित

हथीन, (एजेंसी)। गांव फिरोजपुर राजपूत निवासी एक विवाहिता को पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने अधिक दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया। हथीन थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी रेणु ने बताया कि पीड़िता नवीन कुमारी के बयान पर पति मोहित, सास रेखा, देवर रोहित, मामा महेंद्र, मौसी कुसुम एवं अन्य परिजनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि सभी आरोपी अधिक दहेज की मांग कर मारते पीटते हैं और धमकियां देते हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## हथीन में सफाई व्यवस्था चरमराई, लगे कूड़ों के ढेर

हथीन, (एजेंसी)। शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। हालत यह बने हुए हैं शहर के सभी 14 वार्डों में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। शिकायतों के बावजूद कूड़े के ढेर नहीं उठाए जा रहे हैं। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य बाजार के प्रवेश द्वार खिड़की दरवाजे के निकट तालाब के किनारे गंदगी फैली हैं। यह स्थल नगर पालिका कार्यालय से मात्र पांच सौ मीटर दूर है। नगर पालिका का स्टाफ इस स्थल से रोजाना गुजरता है। कूड़े के ढेर उठाने की कोई व्यवस्था नही की गई है। जब तब कूड़े के ढेरों में आग भी लगी मिलती है। जिससे कूड़े का निस्तारण होता है। इसी प्रकार जोगी चौपाल के सामने प्रतिदिन कूड़े के ढेर लगे रहते हैं।बास मोहल्ला स्थित वार्ड नंबर एक में खोन्टा मन्दिर वाले रोड पर मिट्टी भरा कूड़ा पड़ा है। इस कारण मन्दिर की तरफ जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी धूल के बीच से निकलना पड़ रहा है। क्षेत्र के निवासी गजराज जांगिड़ ने संबंधित रोड की सफाई कराने एवं कूड़े उठाने की मांग की है। बस अड्डा क्षेत्र में भी नियमित रूप से सफाई नही की जा रही है। पलवल रोड की डिवाइडर पटरी पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वार्ड नंबर एक से लेकर 14 वार्डों तक सभी मुख्य स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।भाजपा हथीन मण्डल के महामंत्री हरकेश शर्मा ने सफाई अव्यवस्था को लेकर नगर पालिका सचिव देवेंद्र कुमार से बात की । उन्होंने सचिव को कहा कि सफाई का विशेष अभियान चलाकर सभी स्थानों से कूड़ा उठाया जाए। नगर पालिका सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि सभी स्थानों से कूड़े उठवाने के निर्देश स्टाफ को दिए गए हैं।

## बिजली निगम का एल्युमिनियम कंडक्टर चोरी

हथीन, (एजेंसी)। गांव घरोट से बिजली निगम की लाइन का एल्युमिनियम कंडक्टर अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। चोरी हुए कंडक्टर की कीमत एक लाख 67 हजार 876 रुपये है।

# भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने हेतु महर्षि दयानंद की शिक्षा पद्धति होगी अपनानी - मुख्यमंत्री

गुरुग्राम।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आर्य समाज के प्रगतिशील विचारों को आज फिर उसी संकल्प, निष्ठा और समर्पण के साथ गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाने की जरूरत है, जिससे कि भारत 'आध्यात्मिक गुरु' का अपना प्राचीन गौरव फिर से हासिल कर सके।

मुख्यमंत्री रविवार को दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके आर्य समाज की स्मारिका का विमोचन किया जिसमें आर्य समाज के 150 साल का स्वर्णिम अध्याय संकलित है। मुख्यमंत्री ने संस्था को अपने ऐच्छिक कोष से 51 लाख रुपए भी देने की घोषणा की। इस मौके पर गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना है, तो हमें महर्षि दयानंद जी की शिक्षाओं का अनुसरण करना होगा। उन्होंने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति का महत्व पहले से भी अधिक बढ़ गया है। गुरुकुल प्रणाली में युवकों के चरित्र निर्माण और नैतिक गुणों के विकास पर विशेष बल दिया जाता है। सादगी और उच्च विचार इसके मूल आधार हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद की विचार-रूपी सूर्य की किरणें, सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करती रहें, इसी उद्देश्य से 1875 में आर्य समाज की स्थापना हुई।





आर्य समाज एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसने धर्म, समाज और राष्ट्र तीनों के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं। आर्य समाज ने लोगों में चेतना जागृत कर उन्हें देश और धर्म की रक्षा के लिए सजग किया। इसके अलावा, जातिवाद का अंत करने, सबको पढ़ने का अधिकार, स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, छुआछूत को समाप्त करने, गौ रक्षा आदि के लिए उल्लेखनीय भूमिका भी निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने सबसे पहले स्वराज की मशाल जलाई और नागरिकों को आजादी के लिए जागृत किया। यही कारण था कि देश के हर कोने में आजादी के आंदोलन ने गति पकड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा और शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसे नौजवान क्रांतिकारियों के जीवन पर आर्य समाज की गहरी छाप थी। उन्होंने कहा कि स्वामी जी सामाजिक पतन को देश की पराधीनता का कारण मानते थे, इसलिए उन्होंने शिक्षा के प्रचार, धार्मिक सुधार, सामाजिक सुधार जैसे क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने पर बल दिया। इसलिए उन्हें सामाजिक चेतना का 'अग्रदूत' भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुलों का युवाओं को देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारवान बनाने में बड़ा योगदान है। आर्य समाज ने वेदों को पढ़ने और उनके मूल्यों को धारण करने की जो राह दिखाई है, उसके कारण समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्रगति हुई है। हमारे गुरुकुलों में विद्यार्थियों को योग भी सिखाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम का नाम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक विकास में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

## क्राइम ब्रांच टीम ने हवाई फायरिंग करने के मामले में आरोपी को किया काबू

होडल, (एजेंसी)। क्राइम ब्रांच टीम ने शनिवार देर रात गांव बंचारी में हवाई फायरिंग करने के मामले में आरोपी को काबू किया है। टीम ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड की मांग की है। क्राइम ब्रांच प्रभारी जगविंदर सिंह ने बताया कि,मुंडकटी थाना पुलिस को गांव बंचारी निवासी योगेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात के पौने 11:00 वह अपने घर पर था जबकि उसकी पत्नी गेट पर खड़ी हुई थी।इसी दौरान स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से अज्ञात युवक उतरकर आया और उसके घर पर पहुंच-5 राउंड हवाई फायरिंग करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। क्राइम ब्रांच टीम ने जांच कर गांव निवासी मंजीत को कार सहित काबू कर लिया। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि आरोपी वर्ष 2023 में हत्या के मामले में अदालत से जमानत मिलने के बाद गांव आया हुआ था। उन्होंने कहा कि आरोपी की जमानत रद्द करवाने के लिए अदालत में कार्रवाई की जा रही है।

## रहस्यमयी परिस्थितियों में बुजुर्ग महिला एवं किशोर लापता

हथीन, (एजेंसी)। शहर के दो वार्डों से एक बुजुर्ग महिला एवं 17 वर्षीय किशोर रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गए। सिटी पुलिस चौकी ने अलग अलग मामले दर्ज कर तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर तीन निवासी संजय कुमार ने केस दर्ज कराया है कि उसका ममेरा भाई नीरज 30 अक्तूबर को 12 बजे अचानक लापता हो गया। उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 से 30 अक्तूबर अपरान्ह तीन बजे अचानक 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला लता देवी रहस्यमयी हालातों में लापता हो गई। उसके पति पवन कुमार ने केस दर्ज कराया है कि उसकी पत्नी घर से सब्जी लेने गई थी। सिटी पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि दोनों की तलाश की जा रही है।

## 6 व 7 नवंबर को होगा जिला युवा महोत्सव का आयोजन

पलवल,(एजेंसी)। जिला युवा एवं खेल विभाग और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पलवल के संयुक्त तत्वावधान में 6 और 7 नवंबर को जिला युवा महोत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रचनात्मक मंच प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है।उन्होंने बताया कि महोत्सव में जिले के पॉलिटेक्निक, विद्यालयों व महाविद्यालयों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर अपने फॉर्म आईटीआई पलवल में जमा करवा सकते हैं। इसके लिए संस्थान में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जिससे पंजीकरण संबंधी सहायता दी जाएगी। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में चित्रकला, लोक नृत्य, गायन, लोक गायन समूह, कविता लेखन, भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी सहित कई सांस्कृतिक, कलात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 3100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2100 रुपये और तृतीय पुरस्कार 1100 रुपये नकद प्रदान किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता टीम ने धान घोटाले में शामिल अधिकारियों को दिया नोटिस

होडल, (एजेंसी)। अनाज मंडी में धान की खरीद में हुए घोटाले की जांच में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता टीम ने खरीद एजेंसियों व मंडी अधिकारियों को जांच में शामिल होने को लेकर नोटिस दिया हैं।

टीम के डीएसपी ने जांच के दौरान पाया की आढ़ेती व मंडी अधिकारियों ने धान को लेकर आए किसानों के साथ कम रेट के अलावा तुलाई के दौरान जमकर लूटपाट की जिसकी रिपोर्ट उन्होंने सरकार को भेज दी।वहीं, मंडी के रिकॉर्ड के अनुसार गत वर्ष 2024 में 84 हजार 515 क्विंटल धान की फसल सरकारी

### खरीद एजेंसियों व मंडी अधिकारी आए जांच एजेंसी के दायरे में

### कम रेट के अलावा तुलाई के दौरान गड़बड़ी का है आरोप

मूल्य पर खरीदी गई जबकि इस सीजन भारी बारिश से फसलों में हुए नुकसान के बाद भी दोगुनी से अधिक एक लाख 82 हजार 396 क्विंटल धान की फसल की फर्जी खरीद हो चुकी हैं। गौरतलब है कि उपमंडल होडल सहित विभिन्न अनाज मंडियों में हुई धान की सरकारी खरीद में आढ़ेती, मिलर्स व मंडी अधिकारियों सहित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों के साथ सरकारी खरीद में हुई धोखाधड़ी में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने कई खुलासे किए हैं।टीम के डीएसपी साकिर हुसैन ने बताया कि 24 अक्टूबर को उन्होंने हसनपुर व होडल की अनाज मंडी में जांच की तो पाया किसानों आढ़ेती कम मिलर्स ने किसानों की सूखी धान की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य से लगभग दो सौ से छः सौ रुपये कम मूल्य में खरीद कर किसानों के गेटपास पर सरकारी मूल्य में फायदे से बिक्री कर दिया। इस दौरान टीम को धान घोटाले में अहम जानकारियां मिली है कि किसानों ने पहले पोर्टल पर बाजरे की फसल को दर्ज करवाया बाद में उसे धान में बदल दिया। टीम ऐसे किसानों का रिकॉर्ड लेने में जुटी हुई हैं।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समालखा में आयोजित 78वें निरंकारी संत समागम में की शिरकत

गुरुग्राम।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निरंकारी संत समागम में रविवार को उपस्थित लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर मानव को एकता का मार्ग दिखाया है। इस मिशन ने वर्षों से समाज में प्रेम एकता, मानवता और ईश्वर ज्ञान का संदेश फैलाया है। जब भी इस तरह के कार्यक्रमों में श्रद्धालु एक छत के नीचे एक नाम और एक भावना के साथ एकत्रित होते हैं तब यह धरती शांति और करुणा की जीवंत मिसाल बन जाती है।उन्होंने समालखा में आयोजित 78 वें निरंकारी संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को हृदय की गहराइयों से अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि संत निरंकारी मिशन वर्षों से सेवा भाव का संवाहक रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज के समय में हम अक्सर बाहरी जगत को सुधारने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने भीतर ही झांकना भूल जाते हैं। यहां आयोजित इस संत समागम में आत्म मंथन करने का जो अवसर मिला है , यह हम सबको निरंकार के और निकट लाता है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जिला पानीपत के समालखा में आयोजित 78वें निरंकारी संत समागम के दौरान उपस्थित जन का अभिवादन करते हुए।

आत्ममंथन का अर्थ है कि अपने अंतर्मन में उतरकर यह देखना कि मैं वही कर रहा हूं जो एक अच्छे इंसान को करना चाहिए और हम सबके भीतर करुणा, दया और प्रेम जीवित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंकारी मिशन हमें सिखाता है कि ईश्वर हमारे भीतर ही निवास करता है।

**निरंकारी मिशन समाज सेवा में भी अग्रणी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंकारी मिशन केवल आध्यात्मिकता तक ही सीमित नहीं है बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी है। मिशन के द्वारा रक्तदान, वृक्षारोपण अभियान, शिक्षा में सहायता, नशे की रोकथाम और आपदा प्रबंधन के कार्यों में अभूतपूर्व कार्य किया है और यह सिद्ध किया है

कि सच्चा सेवक वही है जो दूसरों के लिए जीता है। मिशन ने इस बार आत्ममंथन के साथ पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और जन कल्याण से जुड़ी कई गतिविधियां भी आरंभ की है, जो की आत्ममंथन का ही विस्तार है क्योंकि जब मानव स्वयं में सुधार लाता है

तभी समाज और राष्ट्र का सुधार संभव हो पाता है। बाबा हरदेव सिंह जी, माता सविंदर हरदेव जी, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में इस मिशन ने विश्व भर में यह संदेश फैलाया है कि पहले मनुष्य बनो यानी प्रेम, सहयोग और समर्पण को अपने जीवन की मूल भावना बनाएं।

निरंकारी संत समागम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री को शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# मेडिकल के छात्र की हॉस्टल की छत से गिरकर मौत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के पैथोलॉजी संचालक के पुत्र की हॉस्टल की छत से गिरकर मौत हो गई सूचना मिलते ही रोते बिलखते उसके परिजन जयपुर के लिए रवाना हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के महादेव पर स्थित पैथोलॉजी लैब संचालक कृष्ण कुमार का पुत्र श्रेय उम्र करीब 25 वर्ष जयपुर में रहकर एम बी बी एस का कोर्स कर रहा था वह एम बी बी एस अंतिम वर्ष का छात्र था। बीते मंगलवार को जयपुर में ही हॉस्टल की छत से गिरकर श्रेय गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको जयपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था रविवार को श्रेय की इलाज के दौरान मौत हो गई। श्रेय की मौत की खबर से उसके परिजनों मे कोहराम मच गया रोते बिलखते उसके परिजन जयपुर के लिए रवाना हो गए।

# बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर भव्य संकीर्तन का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर पर बाबा श्याम के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य संकीर्तन का आयोजन हुआ। जहां श्री खाटु श्याम मित्र मंडल द्वारा कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी पर बाबा श्याम का भव्य संकीर्तन किया गया। इस दौरान कलकत्ता से आए फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रंगार किया गया। जिसके बाद बाबा श्याम की 309वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर श्याम बाबा के भजनों का अखाड़ा लगाया गया। जिसमे भजन गायक दीपक शर्मा ने' भक्तों ने मिल जुल कर उत्सव मनाया है, भजन गायक अर्पित कौशिक ने मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहे, भजन गायक सौरभ कौशिक ने भरोसे की बाबा तूने लाज बचाली, भजन गायक देव शर्मा ने भोला भाला मुखड़ा है चाल मतवाली, भजन गायक शौर्य मित्तल ने तेरी कृपा का क्या है भरोसा कब किस पर हो जाए, भजन गायक आशु पण्डित ने कब से खड़े है झोली पसार जैसे भजन सुनाकर सभी श्याम प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। व पूरा मन्दिर प्रांगण बाबा श्याम के जयकारे से गूंज उठा।सेवादार दीपक शर्मा ने केक काट कर बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया। बाबा श्याम को गुड़, चने, केले, पेड़े, बर्फी का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सचिन, सोनिया अग्रवाल, पूनम, सर्वेश शर्मा, सुमन, राजकुमार, मनोज, मोनी शर्मा, राजपाल, विपिन, गुड्डन, कोमल, जय श्री, नूतन अग्रवाल आदि भक्त मौजूद रहे।

# तिगरी मेला-2025: सुरक्षा व्यवस्थाओं का एसपी अमित आनंद ने किया निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** तिगरी मेला-2025 को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद ने रविवार को मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने गंगा घाटों, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, मेला पुलिस कोतवाली, पार्किंग स्थलों, ड्रोन निगरानी व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पहुंचकर निगरानी व्यवस्था को परखा और तैनात पुलिसकर्मियों को भीड़ पर सतर्क निगरानी रखने तथा संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरों से भी सतत निगरानी की जा रही है जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनाई जा सके। यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य मार्गो, बैरियरों, प्रवेश-निकास मार्गो पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कर्मियों को शालीन व्यवहार, सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया के साथ ड्यूटी करनी होगी। श्री आनंद ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय और समर्पण भाव से कार्य करते हुए मेले को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।

# पूर्व मामले में दबाव बनाने को रची गई झूठी फायरिंग की साजिश, दो गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**डिडौली।** डिडौली पुलिस ने पूर्व मुकदमे में दबाव बनाने की नीयत से रची गई झूठी फायरिंग की साजिश का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा भी बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया एवं क्षेत्राधिकारी नगर शक्ति सिंह के पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान वसीम पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला अहमदनगर थाना अमरोहा नगर एवं मुसीर पुत्र मुंशी रहीस उर्फ़ रहीसुद्दीन निवासी नगर लकड़ा थाना अमरोहा नगर के रूप में हुई। 20 अक्टूबर 2025 को वसीम ने थाना डिडौली में रघुवर पुत्र लाखन सिंह और अशोक पुत्र छोटे के खिलाफ जान से मारने की नीयत से फायरिंग का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में खुलासा हुआ कि यह घटना फर्जी थी और सेक्सुअल असॉल्ट के एक मामले में दबाव बनाने के लिए इसे गढ़ा गया था।

थाना मझौला (मुरादाबाद) में अशोक ने पहले ही अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त अनुज, अमन और वरुण के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसी केस को कमजोर करने के उद्देश्य से अनुज के भाई रवि और उसके परिजन, स्थानीय हिस्ट्रीशीटरों की मदद से झूठी फायरिंग की साजिश रची गई। साजिश के तहत वसीम ने खुद को पीड़ित दिखाया और मुसीर से फायरिंग कराई गई। इसके लिए आरोपियों ने धन का लेन-देन भी किया। गिरफ्तार अभियुक्त मुसीर थाना अमरोहा नगर का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हत्या, लूट, अपहरण, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस समेत 15 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तिगरी गंगा मेला : वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा/तिगरी धाम।** जिला खेल कार्यालय की ओर से तिगरी गंगा मेला में चार दिवसीय बालक एवं बालिका वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई। दूसरे दिन की प्रतियोगिता का उद्घाटन एसडीएम बृजपाल सिंह ने किया। बालक वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता में जनपद अमरोहा के विभिन्न ग्रामीण अंचलों और वालीबॉल क्लबों की 08 टीमों जबकि बालिका वर्ग में 07 टीमों ने प्रतिभाग किया। नाक आउट आधार पर खेली गई

इस प्रतियोगिता में प्रथम सेमीफाइनल संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा और स्पोर्ट्स स्टेडियम माली खेड़ा टीम बी के मध्य खेला गया। जिसमें गजरौला की टीम ने 32-23 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज रजबपुर अमरोहा और माली खेड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम अमरोहा के बीच हुआ। जिसमें नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज रजबपुर अमरोहा की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में स्पोर्ट्स स्टेडियम मालीखेड़ा को 25-23 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा और नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज रजबपुर अमरोहा के बीच खेला गया। संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा 21-19 से प्रतियोगिता की विजेता टीम बनी। बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच गजरौला और रजबपुर के बीच हुआ जिसमें गजरौला ने आसानी से 21-08 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल अमरोहा और स्टेडियम के बीच खेला गया जिसमें अमरोहा ने स्टेडियम को कड़े मुकाबले में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता फाइनल में असमोली और चोटीपुरा के बीच खेला गया, जिसमें असमोली ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में चोटीपुरा को 25-23 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में असमोली विजेता रहा, चोटीपुरा उप विजेता रहा। बालिका वर्ग फाइनल में संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा विजेता रहा। नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज रजबपुर उप विजेता रहा। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण एसडीएम मसीह नजम, कृषि उप निदेशक डा.राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी मनोज तोमर, अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# दूसरी प्रेम कहानी का राज खुलने पर विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**डिडौली।** दूसरी प्रेम कहानी का राज खुलने से बदनामी झेल रही विवाहिता ने जहर का सेवन कर जान दे दी। परिजन निजी अस्पताल में उसका उपचार करा रहे थे लेकिन तमाम कोशिश के बावजूद विवाहिता को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका ने दो साल पूर्व पहले प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज की थी लेकिन अब बिहार के रहने वाले एक युवक के साथ उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने मामले में किसी भी तरह की अगली कार्रवाई से इनकार कर दिया है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव इकोंदा से जुड़ा है। यहां पर किसान धर्मेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनकी 22 वर्षीय बेटी अंशु सागर ने दो साल पूर्व क्षेत्र के ही गांव तोहफापुर के रहने वाले आशीष से प्रेम-प्रसंग के चलते कोर्ट मैरिज कर ली थी। बाद में दोनों के परिजनों ने इस रिश्ते को स्वीकार कर लिया था। वर्तमान में अंशु बीटैक की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी बीच सोशल मीडिया के जरिए अंशु का बिहार के जिला बक्सर के गांव मझरिया के रहने वाले युवक संदीप से संपर्क हो गया। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग परवान चढ़ने लगा। जिसके चलते उसने पति आशीष से अलग-थलग रहना शुरू कर दिया। शक होने पर आशीष ने जब छानबीन की तो पत्नी अंशु की दूसरी प्रेम कहानी का राज बेपर्दा हो गया। फिलहाल, विवाद के चलते मायके में पिता के साथ रह रही अंशु ने रविवार दोपहर में एकाएक ही घर में रखे किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद फिर उसकी तबियत बिगड़ती चली गई। घबराए परिजनों ने तुरंत उसे चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उपचार के दौरान अंशु की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# शोभन चटर्जी की सात वर्षों बाद तृणमूल कांग्रेस में वापसी

**कोलकाता।** हाल के वर्षों में पश्चिम बंगाल में सबसे चर्चित राजनीतिक 'घर वापसी' में से एक के रूप में, कोलकाता के पूर्व महापौर शोभन चटर्जी सोमवार को सात साल के अंतराल के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में लौट आए। वह अपनी साथी बैशाखी बंदोपाध्याय के साथ पार्टी में पुनः शामिल हो गये। कभी ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक रहे चटर्जी को न्यू टाउन कोलकाता डेवलपमेंट अथॉरिटी (एनकेडीए) का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने के कुछ ही दिनों बाद वापसी ने इस अटकल को बल दिया है कि सत्तारूढ़ पार्टी 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले अपने पुराने नेताओं को एकजुट कर रही है। चटर्जी और बंदोपाध्याय वरिष्ठ टीएमसी नेताओं की उपस्थिति में कोलकाता में औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल हो गए, जिससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर वर्षों से चल रही अटकलों का अंत हो गया। पार्टी में शामिल होने के बाद चटर्जी ने कहा, 'यह मेरी जड़ों की ओर वापसी है। दीदी (ममता बनर्जी) परिवार की तरह हैं। मैं वापस आकर खुश हूं और उनके नेतृत्व में फिर से काम करूंगा।' चटर्जी ने नवंबर 2018 में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए मंत्री, महापौर और संगठनात्मक प्रमुख के पद से इस्तीफा देकर टीएमसी छोड़ दी थी।

# आपसी सौहार्द और मौहब्बत के साथ नज़र सरकार वारिस पाक का आयोजन

*** अकरम शान वारसी ने पेश किए सूफ़ियाना कलाम, अमन शांति लिए की गई दुआ**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सरकार वारिस पाक आलम पनाह के वार्षिक जश्न के उपलक्ष मे इस बार नज़र सरकार वारिस पाक का आयोजन परम्परागत तरीके से किया गया। अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ करते हुए आपसी सौहार्द का पैग़ाम दिया गया।

नगर के मौहल्ला कोट गर्बी स्थित वारसी हाउस मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मशहूर सूफी संत दरगाह देवा शरीफबाराबंकी, हज़रत सैयद सरकार वारिस पाक आलम पनाह, आलम नवाज़ की शान मे हर वर्ष मनाये जाने वाले जश्ने वारिस पाक को इस बार देवा शरीफदरगाह के हुकूम के मुताबिक नज़र सरकार वारिस पाक के तौर पर परम्परागत तरीके से आयोजित किया गया। जिसमे मुकद्दस किताब की तिलावत हुई और महफिले मिलाद पाक, नातो मनकबत और मौला ए कायनात की नज़र व रात बाद नमाज़ ईशा ज़िक्रे पंजतन पाक किया गया। इसके बाद महफिले समा का आगाज़ अकरम शान वारसी कव्वाल ने मन कुन्तो अली मौला के कॉल को पेश करते हुए सरकार पाक की शान मे सूफ़ियाना कलाम पेश किए और सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत मे रंग पढ़ा गया और सरकार की नज़र पेश करते हुए मुल्क व शहर मे अमन शांति को दुआ की गई। आपसी सौहार्द कायम रखने पर बल देते हुए मौहब्बत का पैग़ाम दिया। परवेज़ वारसी ने बोलते हुए कहा कि आपसी भाईचारा और मौहब्बत का पैग़ाम जो सरकार आलम पनाह वारिसे पाक ने दिया था कि सुना सुना मौहब्बत करो, इस पैग़ाम को हमे लोगों तक पहुंचाने की ज़रूरत है। अंत मे सभी को तर्बरूक तकसीम किया गया और





मेहमानों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजन हाजी मौहम्मद नसीम वारसी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम मे सूफी साबिर हुसैन, हुसैन शाह, नूर शाह, चौधरी मुदब्बिर, इस्लाम साबरी, अकरम पहलवान वारसी, मुशर्रफ अली कादरी, हकीम बुरहान सम्भली, सुल्तान वारसी, फ़रज़न्द अली वारसी, मुदस्सिर वारसी, फुरकान वारसी, मोहसिन कादरी, रेहान वारसी, सुहैल वारसी, शकील अहमद वारसी, तंज़ीम वारसी, कामिल वारसी, ताहिर हुसैन, कारी ज़ाकिर, सीधे भईये, आदि मौजूद रहे।

# आमना पब्लिक स्कूल में साहित्यिक परिचर्चा उर्दू सप्ताह समारोह का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अल्लामा इक़बाल फ़उंडेशन संभल के तत्वावधान में उर्दू भाषा एवं शिक्षा से संबंधित सप्ताह भर चलने वाले समारोह का आज शुभारंभ हुआ, जिसके प्रथम कार्यक्रम के रूप में आमना पब्लिक स्कूल गुंघावली, संभल में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में वक्ताओं ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली, वर्तमान युग की नई शैक्षिक आवश्यकताओं और उर्दू को एक भाषा एवं रोज़गार के स्रोत के रूप में प्रस्तुत करने जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लामा इक़बाल फ़उंडेशन, संभल के अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद साहिल स्टडी पॉइंट के निदेशक बदर जमाल साहिल ने पीपीटी प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्तमान युग की शैक्षिक आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं से अवगत कराया और उन्हें साहस एवं कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी ताकि कम समय और कम प्रयास में अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इसके बाद, एम.जी.एम. कॉलेज संभल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रियाज़ अनवर ने इसी विषय पर चर्चा जारी रखते हुए कहा कि शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक श्रम द्वारा व्यक्तित्व विकास का कार्य थोड़ा कठिन तो है, परन्तु असंभव नहीं है। अतः छात्र अपनी पाठ्यचर्या के साथ-साथ आधुनिक संसाधनों का उपयोग करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और संभल जैसे छोटे शहर में रहते हुए भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सलाहकार एवं समाजसेवी मुशीर खां तरीन ने छात्रों और विद्यालय प्रशासन को शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी और संभल के शिक्षण संस्थानों में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन शफ़ीकुर्रहमान बरकाती ने बहुत ही खूबसूरती से किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधक मुहम्मद रेहान खान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की चर्चाओं से छात्रों का उत्साहवर्धन होता है और वे नई ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर तनवीर हुसैन अशरफ़ी, मुहम्मद शान आलम, डॉ. तौफ़ीकक़ अहमद, प्रधानाचार्य मुहम्मद आज़म, बब्बू खान, मुहम्मद फ़ैसल, राहमीन, समरीन, अंजुम यूसुफ़ अंजुम नाज़, मुबश्शरीन, अज़रा, इक़रा रेहान, अंजुम मेहरबान, नूरे बशर सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएँ शामिल रहीं।

# उमरा को जाने पर किया गया फूल मालाओं से ज़ोरदार स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सम्भल।** मुकद्दम उमरे की जियारत पर जा रहे जायरीन को उत्साह और मोहब्बत के साथ विदा किया गया। उमरे पर जाने से पहले महफ़िल जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमा इकराम ने फ़ज़ीलत ए उमरा बयान किया गया। गढ़ी बिचौला में आयोजित जलसे की महफ़िल का आगाज़ मुकद्दस किताब की तिलावत से किया गया। इसके बाद नात ख्वा ने नाते पाक पेश कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। मौलाना इरशाद मिस्बाही ने संबोधित करते हुए कहा कि वह लोग बेहद खुश नसीब है जो खाना ए काबा और मदीना ए मुनव्वरा का दीदार करते है। उमरा हो या हज यह नसीब वालों को अल्लाह पाक गिफ्ट देता है। जो हैसियत वाले है और न उमरा कर पाए और न हज उनको कोशिश करनी चाहिए अल्लाह पाक जरूर पूरी करता है, उमरा करने से इंसान को एक बेहतर जिन्दगी जीने का मौका मिलता है। इस मौके पर कल्लू शाह, रहीसन, इंसाफ अली, फातमा, साबरीन का फूल मालाओं से इस्तकबाल करते हुए रवाना किया गया।

# यातायात नियमों का पालन कराने को चला अभियान सुरक्षा की सच्ची पहचान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक कुमार एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह नवंबर 2025 के अवसर पर स्कूलों व चौराहों पर यातायात पुलिस द्वारा एक व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया।अभियान के दौरान यातायात पुलिस सम्भल की टीम ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज संभल, एसएम चिड्रन ऐकेडमी सम्भल, टांडा-सिसौना मेले व जनपद में विभिन्न स्थानों पर राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दीं। स्कूलों में बच्चों व मुख्य स्थानों व चौराहों पर लोगों को यह समझाया गया कि थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना न केवल एक कानूनी दायित्व है, बल्कि जीवन की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी भी है। इस मौके पर यातायात पुलिस ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने की सख्त सलाह दी। पैदल यात्रियों को सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक संकेतों और निर्धारित मार्गो का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पंपलेट वितरित कर यह संदेश दिया गया।

# मरीजों को राज्य से बाहर रेफर करने से बचें चिकित्सक : त्रिपुरा मुख्यमंत्री

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को सरकारी चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे जहां तक संभव हो, मरीजों को राज्य से बाहर रेफर करने से बचें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। यहां एक कार्यक्रम में साहा ने कहा कि 'मुख्यमंत्री समीपेशु' कार्यक्रम के दौरान उनसे मिलने वाले अधिकतर लोग स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे उठाते हैं और बेहतर इलाज के लिए त्रिपुरा से बाहर रेफर किए जाने की इच्छा व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम एक साप्ताहिक पहल है, जिसके तहत वे जनता की शिकायतें सुनते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने जीबीपी अस्पताल में पहले ही नौ सुपर स्पेशियलिटी विभाग खोल दिए हैं तथा चार और खोलने की योजना है। अगर मरीज इलाज के लिए राज्य से बाहर जाते रहेंगे, तो सरकार ने सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं क्यों खोली हैं? यह चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास की कमी को दर्शाता है।' जीबीपी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ शंकर चक्रवर्ती के अनुसार, रेफरल मामलों की संख्या 2024 में 900 से घटकर इस वर्ष अक्टूबर तक लगभग 500 रह गई है। मुख्यमंत्री ने दो मेडिकल कॉलेजों - शांतिनिकेतन मेडिकल कॉलेज, जो एक निजी संस्थान है और सोसायटी द्वारा संचालित त्रिपुरा मेडिकल कॉलेज (टीएमसी) को हाल ही में घोषित एमबीबीएस परीक्षा परिणामों में उनके खराब प्रदर्शन को लेकर चेतावनी भी दी।

# मिशन शक्ति नारी शक्ति का नया आयाम उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा का नया अध्याय

*** महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षककृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों,



स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# सम्पादकीय

## गुंडों को पाला है राजनीति ने

जाति के नाम पर गुंडागर्दी का समर्थन समाज को बर्बाद कर देता है। सच्चाई यह है कि गुंडा जाति का भी नहीं होता है। वह जाति का सहारा लेता है, लेकिन जाति को बर्बाद करने में अहम भूमिका निभाता है। मोकामा इंड्रस्टी के लिए जाना जाता था, अब अनंत सिंह और सूरजभान के लिए जाना जाता है। अनंत सिंह या सूरजभान अगर अपनी जाति के नायक हैं या जाति उन्हें नायक मानती है तो यह कम दुर्भाग्यजनक नहीं है। गुंडागर्दी को बढ़ावा देने में राजनीति की भी बड़ी भूमिका है। चुनाव जीतने के लिए नेताओं ने गुंडे का इस्तेमाल किया और फिर गुंडे ने पार्टी का टिकट पाकर संसद और विधानसभा में पहुंचने लगे। कुख्यात अनंत सिंह को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी टिकट देती है जिनका दावा है कि उन्होंने जंगलराज की जगह मंगलराज कायम किया। अनंत सिंह क्या मोकामा में मंगलराज स्थापित कर रहे हैं? उसने कैमरे पर कहा, – झांट उखाड़ लेगा ऐसा एफ आई आर। सौ सौ एफ आई आर मुझ पर है। वैसे उसकी गिरफ्तारी हो गयी है, लेकिन राजसत्ता अगर साथ में हो तो यह दिखावा ही है। कानून को अनंत सिंह खुली चुनौती देते रहे हैं। लालू प्रसाद ने भी क्या किया? उन्होंने भी अनंत सिंह से लड़ने के लिए कुख्यात सूरजभान को बुलाया और उसकी पत्नी को टिकट दिया। वे भी अपनी गलतियों से नहीं सीखते। तेजस्वी यादव को स्वतंत्र होकर राजनीति करने दें। पुराने ढर्रे से बिहार की राजनीति को हांकने की कोशिश न करें। लालू प्रसाद और नीतीश कुमार – दोनों डॉ लोहिया और कपूरी ठाकुर की राजनीति पर अपना दावा जमाते हैं। दोनों की राजनीति के कारण डा लोहिया पर भी हमले हो रहे हैं। डॉ लोहिया या कपूरी ठाकुर ने कभी गुंडों का सहारा नहीं लिया।

जीत – हार अलग बात है, लेकिन चरित्रहीन होकर जीतना तो हार से भी गया बीता है। मुझे दो घटनाएं याद आ रही हैं। एक बार जार्ज फर्नांडीज भागलपुर आये थे। मैं भागलपुर विश्वविद्यालय में पढ़ रहा था। वे रेलवे रिटायरिंग रूम में ठहरे थे। वहीं पर उन्होंने एक बैठक बुलाई थी। मैं भी उस बैठक में शामिल था। मैंने उनसे पूछा था कि आपकी पार्टी में धनबाद का कोल माफिया भी है और उसे आप टिकट भी देते हैं। ऐसे अपराधी समाज का क्या कल्याण करेंगे? इस पर वे बिफर गये। उनकी नजर में कोल माफिया समाजवादी लीडर था और वे समाजवाद का झंडा बुलंद कर रहा था। वे और कोई नहीं सूर्यदेव सिंह थे। ये चंद्रशेखर जी के बड़े प्रिय थे। दूसरी घटना बिहार विधानसभा चुनाव की है। मजदूर नेता बनारसी गुप्ता भागलपुर विधानसभा से जनता दल के उम्मीदवार थे। हम लोग उनके प्रचारक। मुंदीचक में एक नामी गुंडा रहता था। एक रात बनारसी गुप्ता उनसे मिलने चले गए। हम लोग बहुत दुखी हुए और प्रचार करना बंद कर दिया। चुनाव जीतने के लिए अगर आप नीचे गिरते चले जाते हैं तो आप न अपना कल्याण करते हैं और न देश। भागलपुर में ऐसे भी नेता हुए जिन्होंने कभी गुंडों को प्रश्रय नहीं दिया। चाहे वे जीते या हारें। इनमें से एक थे जागेश्वर मंडल। वे जनता पार्टी में थे और मंत्री भी रहे। एक बार वे भागलपुर लोक सभा से चुनाव लड़ रहे थे। उन दिनों कैलाश मंडल की बहुत चर्चा थी। एक दिन कैलाश मंडल ने जागेश्वर मंडल की गाड़ी रोकी और उनसे निवेदन किया कि केवल आप मेरे माथे पर हाथ रख दीजिए। मैं आपको चुनाव में जीता दूंगा। जागेश्वर मंडल जी ने ड्राइवर को कहा– गाड़ी आगे बढाओ। उस वर्ष जागेश्वर मंडल को जबर्दस्ती प्रशासन के सहयोग से भागवत झा आजाद ने हराया। राजनेताओं को खतरा उठाना चाहिए और जनता को भी अपराधियों को नायक नहीं बनाना चाहिए।

# घरेलू खपत के दम पर मजबूत अर्थव्यवस्था

–डा. जयंतीलाल भंडारी–

**निःसंदेह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत के साथ–साथ कुछ और आर्थिक अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक, वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है।**

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है। साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। इसी तरह एसबीआई कैपिटल मार्केट्स की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय वैश्विक व्यापार की चुनौतियों और ट्रंप के 50 फीसदी उच्च टैरिफ के चलते भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही यानी अक्टूबर से मार्च के बीच तेज घरेलू खपत और सरकार के पूंजीगत व्यय भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत सहारे के रूप में हैं। गौरतलब है कि हाल ही में दिवाली के त्योहारी बाजार में बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर रही है। ई-कॉमर्स ने दमदार उछाल दर्ज की है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी के कारण जीएसटी बचत उत्सव का परिदृश्य दिखाई दिया है। रुपए को मजबूती मिली है। शेयर बाजार और विदेशी मुद्रा भंडार की उंचाई बड़ी है। महंगाई में कमी और जीएसटी की दरें घटना देश के बाजारों की तेज बढ़त के लिए एक बड़ा आधार है। विगत 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2025 के दौरान खुदरा महंगाई घटकर 1.54 प्रतिशत रह गई। यह इससे पिछले महीने 2.07 प्रतिशत थी। यह खुदरा महंगाई दर सितंबर 2024 में 5.49 प्रतिशत थी। इस बार सितंबर 2025 में खुदरा महंगाई दर आठ साल में सबसे कम है और यह आरबीआई के लक्ष्य के निचले स्तर पर पहुंच गई है। इसके साथ-साथ सितंबर माह में थोक महंगाई दर भी तेजी से घटकर 0.13 प्रतिशत के स्तर पर आ गई।

महंगाई दर के घटने के साथ-साथ 22 सितंबर से जीएसटी सुधारों के लागू होने से इस बार दिवाली के त्योहारी बाजार में खरीदी को पंख लगते हुए दिखाई दिए हैं। जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप के तहत जीएसटी के चार टैक्स स्लैब में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब में बदलाव ने त्योहारी बाजार को नई ऊर्जा दी है। जीएसटी की दरों के साथ-साथ आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड रुपए की बचत प्राप्त हुई है। इससे देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ खरीदी का बचत उत्सव मनाते हुए दिखाई दिए हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि अक्टूबर 2025 में भारत का फाइनेंशियल वेलबीइंग इंडेक्स (एफडब्ल्यूबीआई) 110.3 तक पहुंच गया है, जो वैश्विक औसत 103.6 से ज्यादा है। इसके साथ ही उपभोक्ता विश्वास भी पिछले साल से 8 अंक बढ़ा है, जो 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक जहां वर्ष 2023 में दिवाली के त्योहारी बाजार में 3.75 लाख करोड़ रुपये और वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपये की खरीददारी हुई थी, वहीं इस बार त्योहारी सीजन के तहत खरीददारी पांच लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई। इस बार दिवाली पर देश में लोगों की क्रय शक्ति बढ्ड्ने और अमेरिका में डॉलर की वैल्यू घटने से इस साल त्योहारी सीजन में चांदी और सोने के भाव भी रिकॉर्ड स्तर पर रहे हैं। डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। शेयर बाजार का ग्राफ बढ़ा है। विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के स्तर पर रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप इस समय औद्योगिक उत्पादन बढ़ रहा है और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई दे रहा है। मांग व उत्पादन बढड्ने से रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है।

निःसंदेह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत के साथ-साथ कुछ और आर्थिक अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक, वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त और सितंबर माह में अमेरिका को छोडकर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने 14 अक्टूबर को मिस्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत एक महान देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके एक बहुत अच्छे दोस्त हैं और उन्होंने शानदार काम किया है। साथ ही उन्होंने भारत से अच्छे कारोबार संबंधों का संकेत दिया। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भारत के अधिकारियों के एक उच्च स्तरीय दल ने अमेरिका में प्रभावी चर्चा की है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को ट्रंप के ऊंचे टैरिफ से हो रहे नुकसान की पूर्ति के लिए भारत के साथ रूस के व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए अपने कैबिनेट मंत्रियों को निर्देश दिए हैं। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। निश्चित रूप से इस समय भारत मजबूत घरेलू खपत और नई वैश्विक आर्थिक अनुकूलताओं की उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन देश को वर्ष 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा।

जीएसटी के बाद अब देश को विकसित भारत के लक्ष्य के लिए ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी–अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढड्ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। ऐसे में देश को कृषि, बैंकिंग, श्रम, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर आगे बढड्ना होगा। उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए पूरे देश में और अधिक करोड़ों लोग स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को जीवन का मूलमंत्र बनाएंगे तथा इससे देश मजबूत घरेलू खपत के साथ आत्मनिर्भरता की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। उम्मीद करें कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच लगातार आगे बढ़ रहे भारत में घरेलू खपत तथा प्रति व्यक्ति आय में और तेजी से वृद्धि होगी और इससे अर्थव्यवथा के साथ आम आदमी की मुस्कुराहट भी बढ़ती हुई दिखाई देगी।

# ऐतिहासिक विजयः भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा विश्व कप का नया इतिहास

–डॉ. प्रियंका सौरभ–

आज का दिन भारतीय खेल इतिहास के स्वर्णाक्षरों में सदैव अंकित रहेगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर वर्ष 2025 का क्रिकेट विश्व कप जीत लिया है। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उस अदम्य जज्बे, संकल्प और संघर्ष का प्रतीक है जिसने वर्षों से भारतीय बेटियों को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। यह क्षण हर भारतीय के लिए गर्व, उत्साह और प्रेरणा का है–क्योंकि यह सिर्फ. मैदान की जीत नहीं, बल्कि मानसिकता की भी जीत है।

भारतीय महिला क्रिकेट का यह गौरवशाली अध्याय उस लंबे सफर का परिणाम है, जो संघर्ष, सीमित संसाधनों और सामाजिक बाधाओं के बीच शुरू हुआ था। एक समय ऐसा भी था जब महिला क्रिकेट को गम्भीरता से नहीं लिया जाता था, न दर्शक होते थे, न प्रायोजक। लेकिन समय बदला, और इन बेटियों ने अपने खेल, समर्पण और प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया को दिखा दिया कि खेल का मैदान किसी एक लिंग की बपौती नहीं है। आज जब भारत विश्व कप जीतकर विश्व का सिरमौर बना है, तो यह जीत हर उस बेटी की आवाज है जिसने अपने सपनों को समाज की बंदिशों से ऊपर रखा।

विश्व कप के इस रोमांचक फाइनल में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 298 रन बनाए। पारी की शुरूआत शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने की। स्मृति ने संयमित लेकिन महत्वपूर्ण 45 रन बनाकर टीम को मजबूत आधार दिया, जबकि शेफाली वर्मा ने आक्रामक शैली में खेलते हुए 78 गेंदों में 87 रन ठोके। उनकी पारी में चौके–छक्कों की झड़ी लगी रही। कप्तान हरमनप्रीत कौर इस बार जल्दी आउट हो गईं, लेकिन युवा बल्लेबाज ऋचा घोष ने 34 रनों की अहम पारी खेली और टीम को एक बार फिर स्थिरता दी। मिडिल ऑर्डर में दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को लगभग 300 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो शुरूआती ओवरों में उसने तेज शुरूआत की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्द ही अपनी पकड़ बना ली। रेणुका ठाकुर और दीप्ति शर्मा ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए विरोधी बल्लेबाजों को बांधे रखा। शेफाली वर्मा ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया–उन्होंने 7 ओवर में मात्र 36 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उनका हरफनमौला प्रदर्शन भारतीय जीत की रीढ़ साबित हुआ। जैसे–जैसे मैच आगे बढ़ा, दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बढ़ता गया और अंततः भारतीय टीम ने जीत के साथ इतिहास रच दिया। शेफाली वर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ह्लप्लेयर ऑफ द मैचह्व चुना गया, जबकि पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का सम्मान मिला। यह जीत केवल एक खेल प्रतियोगिता की विजय नहीं है, बल्कि यह उस मानसिक परिवर्तन का प्रतीक है जो भारत में महिलाओं की स्थिति और दृष्टिकोण को लेकर हो रहा है। कभी जिन बेटियों को कहा जाता था कि ह्लखेल लड़कियों का काम नहींह्व, वही आज विश्व चैंपियन बनी खड़ी हैं। इस जीत ने समाज को यह संदेश दिया है कि अगर अवसर मिले तो भारतीय महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं। आज ये खिलाड़ी सिर्फ.खेल नहीं रही हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नया रास्ता तैयार कर रही हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यह गौरवशाली प्रदर्शन वर्षों के परिश्रम का परिणाम है। महिला आईपीएल (डब्लूपीएल) ने खिलाड़ियों को मंच और आत्मविश्वास दोनों दिया। छोटे शहरों और कस्बों से आने वाली खिलाड़ी जैसे कि प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, राधा यादव और रेणुका ठाकुर ने दिखा दिया कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। इन खिलाड़ियों ने न केवल मैदान में बल्कि देश के हर घर में प्रेरणा की नई कहानी लिख दी है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और खेल मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट को लेकर जो नीतिगत बदलाव किए हैं, वे इस सफलता की बुनियाद बने। समान वेतन नीति ने खिलाड़ियों को आत्म–सम्मान दिया, जबकि बेहतर कोचिंग सुविधाएँ और घरेलू टूनार्मेंट्स ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया। यह देखना सुखद है कि अब महिला क्रिकेट को भी वही सम्मान और प्रसारण मिल रहा है जो पुरुष टीम को मिलता है। यह जीत इस दिशा में एक और सशक्त कदम है।

आज इस विजय के साथ भारत के सामने नई जिम्मेदारी भी आई है। अब यह सुनिश्चित करना होगा कि यह उत्साह और समर्थन केवल कुछ दिनों तक सीमित न रहे। जरूरत है कि स्कूल स्तर से लेकर विश्वविद्यालय तक खेलों को शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लड़कियाँ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित हों। खेल मंत्रालय और राज्य सरकारों को ग्रामीण इलाकों में खेल प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ानी चाहिए, जहाँ संसाधन और प्रशिक्षक दोनों उपलब्ध हों। मीडिया की भी बड़ी भूमिका है। महिला क्रिकेट को निरंतर प्रमुखता देना, खिलाड़ियों की कहानियों को सामने लाना, और समाज में इस भावना को मजबूत करना कि यह केवल खेल नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है–यही अब आने वाले समय की सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस जीत के पीछे अनेक अनकही कहानियाँ हैं–वह माँ जो अपनी बेटी के लिए समाज की परवाह किए बिना बैट खरीदती है, वह पिता जो खेत बेचकर क्रिकेट किट दिलाता है, वह कोच जो बिना वेतन के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करता है, और वे साथी खिलाड़ी जो रिजर्व में रहकर भी हर समय टीम के साथ खड़ी रहती हैं। यह जीत केवल मैदान पर खेलने वाली 11 खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि उन हजारों सपनों की जीत है जो वर्षों से इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे।

भारत की विजेता महिला क्रिकेट टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरनी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ शामिल थीं। रिजर्व खिलाड़ियों में तेजल हसबनिस, प्रेमा रावत, प्रिया मिश्रा, मिन्नू मणि और सयाली सतघरे थीं, जिनका योगदान भी कम नहीं था। वे भले ही मैदान पर नहीं उतरीं, लेकिन टीम की तैयारी और एकता में उनकी भूमिका अहम रही। इस विश्व कप ने भारतीय महिला क्रिकेट को विश्व पटल पर स्थायी पहचान दिलाई है। यह अब किसी एक पीढ़ी की उपलब्धि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन है। भारत की बेटियाँ अब विश्व की नई मिसाल हैं–वे केवल खिलाड़ियों के रूप में नहीं, बल्कि उस शक्ति के प्रतीक हैं जो हार को भी प्रेरणा में बदल देती है। आज जब पूरी दुनिया भारतीय टीम की इस उपलब्धि को सलाम कर रही है, तब यह पल हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि असली जीत तब होगी जब हर गाँव, हर स्कूल में कोई न कोई बेटी बैट थामकर मैदान में उतरे और यह कहे–मैं भी भारत की तरह जीतना चाहती हूँ। इस ऐतिहासिक जीत ने यह सिद्ध कर दिया है कि जहाँ इच्छा, वहाँ राहह्व कोई कहावत मात्र नहीं, बल्कि भारत की बेटियों की हकीकत है। यह जीत केवल 11 खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि पूरे भारत की जीत है–उन परिवारों की जिन्होंने अपनी बेटियों को सपने देखने की आजादी दी; उन कोचों की जिन्होंने सीमित संसाधनों में भी प्रतिभा को निखारा; और उन दर्शकों की जिन्होंने हर गेंद पर टीम का हौसला बढ़ाया।

2025 का यह वर्ष भारतीय खेलों के लिए स्वर्णिम वर्ष के रूप में दर्ज होगा। भारत की बेटियाँ अब सिर्फ. इतिहास नहीं, भविष्य लिख रही हैं। उनकी यह विजय हर भारतीय के दिल में गर्व, प्रेरणा और उम्मीद की लौ जगा रही है।

# विशेष

## बिहार चुनाव को लेकर खून खराबा सही नहीं

–संजय गोस्वामी–

बिहार चुनाव को लेकर जगह जगह लड़ाई झगड़े मारपीट की घटना सामने आ रही है जो बिहार के छवि को धूमिल कर रहा है और ऐ आगे और कितना मार पीट होगा मालूम नहीं लगता है बिहार में कोई बहुत बड़ा खजाना छिपा है लेकिन भगवान राम से सबक ले उनके मयार्दा अनुसार काम करें और फिर चुनाव में अपना शांतिपूर्ण तरीका से लड़े भगवान राम खुद परमपिता हैं क्योंकि जब उनके पिताजी ने 14 वर्ष का वनवास दिया तो सहर्ष स्वीकार किया यानि जब वो खुद ही परमपिता हैं तो किससे पूछते सही है या गलत क्योंकि गीता में भगवान कृष्ण ने उपदेश दिया है कि आपका अपना कोई नहीं है यदि गलत है तो विरोध करो भगवान राम को जिसने भी संप्रदाय कहा उसका परिवार खुद ही सत्ता के लालच में बर्बाद हुआ जैसे आप बिहार के चुनाव में देख लीजिये जिस परिवार ने उसे संप्रदाय कह कर रथ को रोका आज भाई भाई तेज प्रताप और तेजस्वी यादव दोनों ही एक दूसरे को सत्ता के लोभ में मरने मारने को उतारू हैंभगवान राम के छोटे भाई थे। इनकी पत्नी उर्मिला थी जो की सीता की छोटी बहन थी। इन दोनों भाईयों राम–लक्ष्मण में अपार प्रेम था। उन्होंने राम–सीता के साथ १४ वर्षों का वनवास भोगा था। कौशल्या और कैकेयी इनकी सौतेली माता थीं। इन सभी चारों भाइयों की एक बड़ी बहन जो कौशल्यानंदिनी देवी शांता थी भाई के सामने सत्ता कौन सी बड़ी चीज है सत्ता आती है जाती है लेकिन ऐसा क्या हुआ कि आपस में ही लड़ बैठे भगवान राम के त्याग के महत्व को ना समझने के कारण यह स्थिति हुई अतः भगवान राम ही परमात्मा है जो हार और जीत की पटकठा लिख चुका है इसलिए भगवान राम से प्रेरणा लेने की जरुरत है लक्ष्मण जानकी कार्तिक महीने में राम लक्ष्मण जी की कहानी सुनने से तुलसी माता के दीपक जलाने से सूरज भगवान को अर्ध्य चढाने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती हैं। जानकारों के अनुसार बिहार में आरजेडी ने हमेशा बूथ कैप्चर कर ही चुनाव किता है यही है बैलेट पेपर का चुनाव, धांधली और बूथ कैप्चर जो लोकतान्त्रिक नहीं है इवीएम मशीन कभी गलत नहीं होता ना ही कोई इसे लूट सकता है और ना ही बैलेट पेपर या मत पत्र बदल सकता है क्योंकि उसमें जीपीएस से लैस होता है और मॉक पोल में इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में 50 मौक पोल किए जाते हैं जो वीवीपैट से जो पर्ची आती है उसका मिलान किया जाता है तभी ईवीएम मशीन को सील किया जाता है और उस समय जो फॉर्म सी एजेंट व पोलिंग अफसर को दिया जाता है वही काउंटिंग के समय दिखा दिया जाता है और मतों की गणना की जाती है जो बिलकुल पारदर्शी होता है क्योकि जो आप वोट देते है उस उम्मीदवार की पर्ची वी वीपैड से गिरते हुए दिखता है अतः ईवीएम से चुनाव बिलकुल पारदर्शिता होता है उसपर यदि कोई सबाल करे तो जहाँ जीत मिलती वहाँ चुप हो जाते हैं और जहाँ से जनता हार का जनादेश देती है उसी में क्यों खोट निकाल देते हैं आखिर वैलेट पेपर पर धांधली हो और ऐसा ही चुनाव चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में देखा गया और सुप्रीम कोर्ट ने नतीजा पलट दिया ऐ मेयर का चुनाव है इसलिए मायने रखता है लालू प्रसाद यादव के जंगलराज के दौर में चुनाव के दौरान बूथ कैप्चरिंग सामान्य थी और जब टी एन शेषण ने ईभीएम से चुनाव कराया तो उनकी हार हुई जिसे उस समय लालूजी ने कहा था लालटेन छाप पर बटन दबाना और जब पीं आवाज करें तो मतदान हो गया किसका हिम्मत है कि उसके अलावा किसी और पर बटन दबा दें मोकामा में जन सुराज के प्रत्याशी दुलाल चंद यादव की हत्या होना अवश्य ही सुशासन पर प्रश्न चिन्ह है लेकिन जन सुराज पार्टी ऐसे उम्मीदवार को उतारती ही क्यों है जो लड़ाई झगड़ा में पड़े वो बाहुबली से क्यों उलझें शांति से प्रचार कीजिये और वोट जनता देगी ऐ प्रशासन देखेगी ठीक नहीं हुआ लेकिन लड़ाई झगड़ा उसके बाद भी हो रहा है इससे बचना चाहिए।

# चुनाव की निष्पक्षता के प्रहरी है पत्रकार

–विनीत नारायण–

मीडिया को यह भी देखना चाहिए कि क्या चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी है? क्या प्रशासन और चुनाव आयोग निष्पक्ष हैं? क्या मतदाता को स्वतंत्र रूप से वोट डालने का अवसर मिल रहा है? यदि पत्रकार यह निगरानी न करें, तो सत्ता और धनबल का उपयोग करके जनमत को गुमराह करने की आशंका बढ़ जाती है। निर्णायक समय में मीडिया की भूमिका केवल सूचना देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह एक प्रहरी यानी वॉचडॉग की भूमिका निभाता है।

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनता है और इस जनता की आवाज बनने का दायित्व पत्रकारों पर है। चुनाव वह समय होता है जब यह शक्ति सबसे अधिक सक्रिय होती है, जब जनता अपने मत से आने वाले पाँच वर्षों की दिशा तय करती है। ऐसे निर्णायक समय में मीडिया की भूमिका केवल सूचना देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह एक प्रहरी यानी वॉचडॉग की भूमिका निभाता है।

दुर्भाग्य से, आज के परिदृश्य में कई बार यह प्रहरी सार्वजनिक हित का रक्षक बनने के बजाय सत्ता या किसी दल का प्रचारक बनता दिखता है। यही वह विमर्श है जिस पर विचार होना चाहिए, कि पत्रकारों और एंकरों को क्यों और कैसे अपनी मूल भूमिका निभानी चाहिए, न कि पीआर (पब्लिक रिलेशन) पेशेवर बन जाना चाहिए।

पत्रकारिता का मूल उद्देश्य हमेशा सत्य का अन्वेषण रहा है। पत्रकार न तो किसी नेता के समर्थक होते हैं, न विरोधी, वे केवल जनता के प्रतिनिधि हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रेस का काम जनता को सरकार की भूलों से सतर्क करना है, सरकार का मुखपत्र बनना नहीं। जब चुनाव आते हैं, तो यही भूमिका और भी संवेदनशील हो जाती है क्योंकि इस समय जनता को सूचित निर्णय लेने के लिए निष्पक्ष जानकारी चाहिए होती है।

यदि मीडिया इस समय भ्रम फैलाए या किसी पक्ष के प्रचार का माध्यम बने, तो लोकतंत्र की आत्मा को आघात पहुँचता है।

पत्रकारिता एक सार्वजनिक सेवा है, जबकि पीआर एक निजी हित का कारोबार। दोनों के स्वरूप में मूलभूत अंतर है। जहाँ पत्रकारिता का उद्देश्य सत्य और पारदर्शिता है, वहीं पीआर का उद्देश्य छवि निर्माण होता है, और वह भी किसी व्यक्ति या संगठन के हित में। जब कोई पत्रकार या एंकर अपने मंच का उपयोग किसी नेता की छवि चमकाने या विरोधी को बदनाम करने के लिए करता है, तो वह पत्रकार नहीं, पीआर एजेंट बन जाता है। यह स्थिति न केवल उसकी पेशेवर आचारसंहिता का उल्लंघन करती है, बल्कि जनता के साथ विश्वासघात भी है।

चुनाव कवरेज अक्सर टीआरपी की होड़ में सनसनीखेज रूप ले लेता है। लेकिन वास्तविक पत्रकारिता की परीक्षा इसी समय होती है जब दबाव हो, आकर्षण हो और फिर भी कोई पत्रकार निष्पक्ष रह पाए। पत्रकारों को चाहिए कि वे चुनावी खबरों में तथ्यों की पुष्टि करें, उम्मीदवारों के वादों की जांच करें और जनता से जुड़े मुद्दों को केंद्र में रखें, न कि केवल रैलियों की भीड़ या विवादों की गहमागहमी को।

एंकरों के लिए भी यह समय आत्म–संयम का होता है। उनसे अपेक्षा है कि वे मंच पर दोनों पक्षों को बराबर अवसर दें, तर्क पर तर्क से जवाब लें और चुनावी बहस को ह्लशोरह्व नहीं बल्कि संवाद में बदलें। पत्रकारों व एंकरों का उद्देश्य दर्शकों को किसी दल की मनोवैज्ञानिक दिशा में मोड़ना नहीं, बल्कि उन्हें सोचने के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। लोकतंत्र में पत्रकार सत्ता का संतुलन बनाए रखने वाले चौथे स्तंभ का प्रतिनिधि है। चुनाव काल में जब राजनीतिक दल वादों की बाढ़ लाते हैं, तब मीडिया का दायित्व है कि वह इन वादों की जांच करे। कौन से वादे व्यवहारिक हैं, कौन से केवल भाषणों की सजावट। इसके अलावा, मीडिया को यह भी देखना चाहिए कि क्या चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी है? क्या प्रशासन और चुनाव आयोग निष्पक्ष हैं? क्या मतदाता को स्वतंत्र रूप से वोट डालने का अवसर मिल रहा है? यदि पत्रकार यह निगरानी न करें, तो सत्ता और धनबल का उपयोग करके जनमत को गुमराह करने की आशंका बढ़ जाती है।

ऐसे में पत्रकार ही वह दीवार है जो जनतंत्र को ह्लविज्ञापनतंत्रह्व बनने से बचा सकती है। सच्चा पत्रकार अपनी राय जरूर रख सकता है, लेकिन उसे तथ्यों की सत्यता से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। उसे चाहिए कि वह हर रिपोर्ट में स्रोत स्पष्ट करे, हर दावा परखे और किसी भी राजनीतिक संदेश को प्रसारित करने से पहले उसकी विश्वसनीयता सुनिश्चित करे। पत्रकारिता में ह्लनिष्पक्षताह्व का अर्थ यह नहीं कि सबकी बात एक समान मानी जाए, बल्कि यह कि सच्चाई के प्रति वफादारी रखी जाए, चाहे वह सत्ता के खिलाफ हो या विपक्ष के।

एंकरों को भी समझना होगा कि उनका मंच और चैनल एक भरोसे का प्रतीक है। यदि वे उसी मंच से किसी विशेष पार्टी के प्रवक्ता बन जाएँ, तो वह भरोसा टूट जाता है। ट्रोल्स के प्रभाव, कॉर्पोरेट दबाव और राजनीतिक समीकरणों के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन अवश्य है, पर यही कठिनाई पत्रकारिता को सम्मान दिलाती है।

आज के युग में सोशल मीडिया ने सूचना का लोकतंत्रीकरण किया है, लेकिन अफवाहों और आधी सच्चाईयों के प्रसार का खतरा भी बढ़ा है। इस वातावरण में टीवी और प्रिंट मीडिया के पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्हें चाहिए कि वे त्वरित सुर्खियों से आगे बढ़कर पड़ताल करें, डेटा और दस्तावेजों पर आधारित रिपोर्ट तैयार करें और जनता को यह सिखाएँ कि सच्ची खबर कैसे पहचानी जाए। यदि पत्रकार भी सिर्फ. ट्रेंड या वायरल वीडियो के पीछे भागने लगे, तो वह समाज को जागरूक नहीं बल्कि भ्रमित करेगा।

आज चुनाव के मौसम में पत्रकारों को आत्ममंथन की जरूरत है। क्या वे अपनी रिपोर्टों से जनता को सशक्त बना रहे हैं या किसी राजनीतिक पार्टी या कॉर्पोरेट घराने के एजेंडे को मजबूत कर रहे हैं? क्या उनके सवाल जनता के प्रश्न हैं या टीआरपी के लिए रचे गए नाटक? लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा जब पत्रकार अपने पेशे की आत्मा को जिंदा रखेंगे। जब वे सत्ता से नहीं, बल्कि जनता से डरेंगे। ह्लवॉचडॉगह्व बनने का अर्थ है सत्ता पर निगाह रखना, अन्याय पर सवाल करना और जनता के अधिकारों की रक्षा करना। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या नगरपालिका का, मीडिया का धर्म एक ही हैः सच दिखाना, पूरी ईमानदारी से, चाहे किसी को असुविधा ही क्यों न हो।

पत्रकारिता केवल करियर नहीं, बल्कि लोकसेवा का माध्यम है। यदि पत्रकार और एंकर इस आत्मा को पहचान लें और चुनावी मौसम में पीआर के प्रभाव से ऊपर उठकर तटस्थ प्रहरी बनें, तो लोकतंत्र की नींव और अधिक मजबूत होगी। जनमत जागरूक होगा, सत्ता जवाबदेह बनेगी और भारत की लोकतांत्रिक परंपरा सच्चे अर्थों में सशक्त होगी।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी–85, नोएडा, सेक्टर–6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी–102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली–110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# आभा फाउंडेशन द्वारा चश्मो का किया गया वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा 26 अक्टूबर को बाल विकास महा विद्यालय, ब्लॉक जलीलपुर में आयोजित नेत्र जाँच शिविर के अंतर्गत लगभग 1450 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।



चश्मे मिलने पर लोगों में खुशी दिखाई दी। लाभार्थियों ने बताया कि चश्मों की गुणवत्ता अच्छी है और इससे उन्हें रोज के कामों में आराम मिलेगा।

इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने कहा कि समाज की जरूरतों को समझना और सही समय पर सहायता प्रदान करना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आगे भी फाउंडेशन द्वारा सेवा कार्य जारी रहेंगे।

आभा फाउंडेशन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। 16 नवंबर को बुजुर्गों के लिए रजाई वितरण किया जाएगा, तथा 10 दिसंबर को छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम रखा गया है।

साथ ही जल्द ही छठा नेत्र शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसकी जानकारी समाचार के माध्यम से साझा की जाएगी।

लाभार्थियों ने अभा फाउंडेशन और उसकी टीम का धन्यवाद किया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम थाना चांदपुर जनपद बिजनौर द्वारा महिलाओं व बच्चियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नं1090बर

1090 वूमेन पावर लाइन

1098 चाईल्ड हेल्प लाइन

112 आपातकालीन सेवा

108 स्वास्थ्य सेवा

1930 साइबर हेल्प लाइन



आदि के विषय में जानकारी दी गई एवं उनकी समस्याएं पूछी गई। तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

# UPSC एस्पिरेंट ने बैराज से गंगा में लगाई छलांग

*** बेटी के साथ गेट नंबर- 24 पर गई, उसके सामने नदी में कूदी, कानपुर IIT से बीटेक पास**

**बिजनौर।** सोमवार सुबह गंगा बैराज पुल पर एक युवती ने गेट नंबर 24 से गंगा नदी में छलांग लगा दी। पुलिस और गोताखोरों की टीम युवती की तलाश में जुटी हुई है। युवती कानपुर आईआईटी से बीटेक कर चुकी थी और यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। यह घटना सोमवार सुबह करीब 6:30 से 7 बजे के बीच मुजफ्फरनगर बॉर्डर स्थित गंगा बैराज के पुल के पास हुई। चांदपुर तहसील में तैनात अमीन वेद प्रकाश की बेटी ललिता सिंह एक छोटी बच्ची के साथ बैराज पर पहुंची थी। उसने बच्ची को गेट नंबर 24 पर खड़ा कर खुद गंगा में कूद गई। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास भीड़ जमा हो गई।



ललिता सिंह ने कानपुर से बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी और वह सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। मुजफ्फरनगर जिले की पुलिस और युवती के परिजन भी गंगा बैराज पर पहुंच गए हैं। घटनास्थल मुजफ्फरनगर जिले के अंतर्गत आता है।

स्थानीय लोगों ने गंगा बैराज पुल पर गंगा की ओर ऊंची रेलिंग लगाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि पहले भी कई लोग यहां से कूदकर अपनी जान दे चुके हैं। कुछ समय पहले एक फौजी की पत्नी अपनी बेटी के साथ कूदी थी, जिसके कुछ दिन बाद फौजी ने भी इसी गेट से छलांग लगा दी थी। उन सभी का भी अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत मनाया स्वच्छता दिवस

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में 3 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 उदिता राजपूत और मोहम्मद आरिफ के निर्देशन में *'मिशन शक्ति 5.0'* के तहत स्वच्छता दिवस मनाया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की साफ-सफाई की, जिसमें महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड्स एवं प्रांगण आदि को साफ किया गया। कार्यक्रम में मोहम्मद आरिफ और डॉक्टर उदिता राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को साफ सफाई के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अभिनव कुमार, नीशु कुमार, प्रशांत कुमार, कु0 पल्लवी, कु0 अंशिका, कु0 मुनीबा, अल्फिया इमरान,शुमायला मलिक ,अरीबा आफ़ताब आदि विद्यार्थियों ने विशेष योगदान दिया।

# फारूक अब्दुल्ला ने सिन्हा पर फाइल रोके रखने का आरोप लगाया

**जम्मू,।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर सरकारी फाइल रोके रखने और कामकाज संबंधी नियमों के क्रियान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया।

अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा शीघ्र बहाल करने का आग्रह भी किया।

अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'उन्होंने (उपराज्यपाल) फाइल रोक रखी हैं। मैं उन्हें कितनी बार कहूंगा? उनके पास सैकड़ों फाइल पड़ी हैं और फाइल आगे नहीं बढ़ रही हैं। मैंने उनसे एक दिन कहा कि आपने शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का दर्जा घटा दिया है। उन्होंने कहा, 'नहीं, नहीं, इसे स्वायत्तता मिल गई है।' यह पूरी तरह झूठ था।'

मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल द्वारा एक-दूसरे की आलोचना किए जाने के बारे में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए अब्दुल्ला ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि जो लोग फाइल रोक रखे हैं, वे उन्हें वापस भेजेंगे। कामकाज संबंधी नियम पूरी तरह से लागू किये जाने चाहिए, है न?''

पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि यह जनता की सरकार है। उन्होंने कहा, 'जनता ने इस सरकार को वोट दिया है।

# पोस्ट कार्ड के माध्यम से एक्सप्रेस वे बिजनौर से जोड़ने की मांग

**-भारतीय किसान यूनियन अराजनीति के कार्यकर्तो ने पांच हज़ार पोस्ट कार्ड खरीदे**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीति ब्लॉक अल्हेपुर के कार्यकर्ताओ ने धामपुर के मुख्य डाकघर से 5000 पोस्टकार्ड खरीदे। उन्होंने प्रत्येक पोस्टकार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार से गंगा एक्सप्रेसवे को प्रयागराज से होते हुए विदुर की धरती बिजनौर को जोड़ने की मांग की है। लेकिन सरकार के एक अन्य मंत्री द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे को मेरठ से जोड़ने का कार्य कराया जा रहा है। जो की बिजनौरवासियों के खिलाफ प्रतीत हो रहा है। उनकी मंशा है कि गंगा एक्सप्रेस वे विदुर की धरती बिजनौर से होते हुए हरिद्वार तक पहुंचे। साथ ही उन्होने जिला बिजनौर में कृषि यूनिवर्सिटी भी खोले जाने की मांग उठाई। इस अवसर पर दुष्यंत राणा, अजय कुमार, नरेश प्रधान, सुशील कुमार, सुदामा, सुरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, उत्तम कुमार, हुकम सिंह, धनवीर सिंह भोला आदि शामिल रहे।



धामपुर के मुख्य डाकघर से पोस्ट कार्ड की खरीदारी करते भाकियू कार्यकर्ता

# हरजिंदर सिंह धामी लगातार पांचवीं बार एसजीपीसी के अध्यक्ष चुने गए

**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के उम्मीदवार हरजिंदर सिंह धामी को सोमवार को लगातार पांचवीं बार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) का अध्यक्ष चुना गया।

एसजीपीसी के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में धामी ने कुल 136 वोटों में से 117 वोट हासिल किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार मिट्ठू सिंह काहनेके को महज 18 वोट मिले। वहीं, एक वोट को अमान्य घोषित कर दिया गया।

एसजीपीसी के एक पदाधिकारी के मुताबिक, रघुजीत सिंह विर्क को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बलदेव सिंह कल्याण को कनिष्ठ उपाध्यक्ष और शेर सिंह मांडवाला को महासचिव चुना गया।

एसजीपीसी ने अंतरिम समिति के सदस्यों की भी घोषणा की, जिनमें सुरजीत सिंह गढ़ी, सुरजीत सिंह तुगलवाला, सुरजीत सिंह कांग, गुरप्रीत सिंह झब्बर, दलजीत सिंह भिंडर, बीबी हरजिंदर कौर, बलदेव सिंह कायमपुरी, मेजर सिंह ढिल्लों, मंगविंदर सिंह खापरखेड़ी, जंगबहादुर सिंह राय और मिट्ठू सिंह काहनेके शामिल हैं।

धामी ने एसजीपीसी के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए उन्हें फिर से नामांकित करने के लिए शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, पार्टी नेतृत्व और एसजीपीसी सदस्यों का रविवार को आभार जताया था। उन्होंने कहा था कि ईश्वर के आशीर्वाद और सदस्यों के सहयोग से वह पिछले चार वर्षों से एसजीपीसी के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं।

धामी ने कहा था कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर फिर से भरोसा जताया है, लेकिन इससे उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वह 'पंथिक' भावनाओं का प्रतिनिधित्व करने और उसे कायम रखने के लिए पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ प्रयास करना जारी रखेंगे।

# किशोर अवस्था मे बदलाव के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्योहारा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत सीएचसी स्योहारा के अंतर्गत आने वाले रूपपुर स्थित श्री साई इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य मंच का सोमवार को आयोजन किया गया। इस दौरान सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य पर चर्चा की। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं की हीमोग्लोबिन सहित अन्य जाँचें भी की गई। डॉ 0स्नेही ने विस्तार से बोलते हुए बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत भारत सरकार द्वारा 7 जनवरी 2014 को की गई थी। इस के अंतर्गत 10 से 19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों को स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से समुदाय स्तरीय सेवायें प्रदान की जाती हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु मृत्यु दर एवं कुल प्रजनन दर को कम करने के लिए किशोर प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य को एक मुख्य घटक माना है। जिससे इसको मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य उन्नयन, किशोरों में पोषण, आकस्मिक चोट, हिंसा (लिंग आधारित), असंक्रमणकारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य आदि की जानकारी तथा सलाह देना है। आर बी एस के टीम चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेता सिंह ने छात्राओं को शारीरिक व मानसिक समस्याओं को लेकर अपनी झिझक को तोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्हें शरीरिक बदलावों से परिचित कराते हुए किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही निराकरण की भी जानकारी दी गयी। आर बी एस के टीम लीडर चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने किशोरावस्था के दौरान बच्चों की मानसिक स्थिति पर चर्चा करते हुए पढ़ाई के दौरान होने वाले चिड़चिड़ापन, समस्याओं से परिजनों, गुरुजनों को अवगत कराने के बारे में बताया। साथ ही डॉक्टर-विशेषज्ञ से संपर्क करने की भी सलाह दी गयी। किशोरियों को शारीरिक व व्यवहारिक परिवर्तन के दौरान सजग होकर रहने की सलाह दी गयी। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने बाली छात्राओं विदिशा चौहान, मंतशा परवीन, रहीअत, वंदना रानी ओर इकरा आदि को लंच बॉक्स देकर सम्मानित भी किया गया। स्कूल प्रबंधन इकाई द्वारा अधीक्षक डॉ बीके स्नेही को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस दौरान 480 छात्र छात्राएं उपस्थित रही। इस दौरान डायरेक्टर राहुल त्यागी, शोभित त्यागी, प्रधानाचार्य श्रीमति प्रियंका कुमारी, मैनेजर प्रमोद कुमार त्यागी, आरबीएस के टीम की चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेता सिंह, डॉ तृप्ति पाण्डे,हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, उमेश कुमार नेत्र परीक्षण अधिकारी, स्टाफ नर्स चित्रा चौहान, एलटी राहुल आदि रहे।




# भाजपा सांसद सिरोया का आरोप: कर्नाटक में शासन व्यवस्था पर 'दो नेताओं के बेटों' का दबदबा

**बेंगलुरु।** भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने सोमवार को कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंक खरगे और कांग्रेस के विधानपार्षद (एमएलसी) यतींद्र सिद्धरमैया पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था पर दो ''नेताओं के बेटों'' का दबदबा है, जो ''बेवजह विवाद खड़ा करते हैं'' तथा अपनी पार्टी और सरकार में ''सभी वरिष्ठ लोगों की अनदेखी करते हैं।''

सिरोया ने आरोप लगाया कि ''घमंडी'' होने और अपने ही आलाकमान के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के बावजूद, उन्हें बर्दाश्त किया जाता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस बारे में पूरे यकीन के साथ नहीं कहा जा सकता कि दोनों अपनी मनमर्जी से ऐसा कर रहे हैं या अपने-अपने पिता के इशारों पर चल रहे हैं? अपने कई राजनीतिक मुलाकातों से मैंने सीखा है कि इन दोनों बेटों को उनकी ही पार्टी के लोग बहुत नापसंद करते हैं। उन्हें इसलिए बर्दाश्त किया जा रहा है क्योंकि उनके पिता 'पावर' में हैं। मुझे बताया गया है कि जैसे ही उनके पिता पद से हटेंगे, इन दोनों बेटों के लिए हालात बहुत अलग हो सकते हैं। अगर एक बेटा अब 'सुपर कांग्रेस प्रेसिडेंट' की तरह, तो दूसरा 'सुपर चीफ मिनिस्टर' की तरह काम करता है।''

प्रियंक खरगे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे हैं, जबकि यतींद्र, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे हैं। भाजपा सांसद ने दावा किया कि सभी विवादों के बावजूद, दोनों के पिता उन्हें रोकने या सुधारने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''शायद वे पार्टी और सरकार में अपने दबदबे का गुपचुप तरीके से आनंद लेते हैं, और उनका इस्तेमाल उन बातों को कहने और करने के लिए एक माध्यम के तौर पर करते हैं जो वे सीधे तौर पर नहीं कह या कर सकते।''

प्रियंक पर निशाना साधते हुए, भाजपा सांसद ने कहा कि मंत्री लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा पर विचारधारात्मक बयान देते रहते हैं, जो राहुल गांधी की ''नफ़रत भरी'' भाषा से ज़्यादा मेल खाता है। उन्होंने कहा कि हाल में, जब प्रियंक खरगे ने कहा था कि आरएसएस के पथ संचलन पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए, तो सिद्धरमैया सरकार ने बिना सोचे कि यह कानूनी तौर पर संभव है या नहीं, या यह विचार किये बिना कि यह ''ठीक न होने वाले पूर्वाग्रह'' से पैदा हुआ एक गैर-संवैधानिक काम है, इसे पूरी गंभीरता से लागू करना शुरू कर दिया। भाजपा सांसद ने यतींद्र पर उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख डी. के. शिवकुमार को ''कमज़ोर करने'' की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।

# सांसद ज़ियाउरर्हमान के कई मुकदमें क्वैश तो कई मे स्टे आज दाखिल होंगे आदेश

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** क्षेत्रिय सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के उपर दर्ज मुकदमों के आदेशों को स्थानिय अदालतों मे दाखिल किया जाएगा। कई मामलों मे सांसद को राहत मिली तो स्टे हुआ जबकि कुछ मामलों को निरस्त किया गया।

सांसद ने वर्ष 2023 में हुए चुनाव में प्रत्याशी यासीन सम्भली की पत्नी फ़रहाना का सर्मथन किया था। सर्मथन में उन्होने कार्यक्रम भी किए। बिना अनुमति प्रचार/सभा करने पर थाना हयातनगर पुलिस द्वारा आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया। अपराध संख्या 114/23 धरा 188,171 एच पर दर्ज मामले की जांच करते हुए न्यायालय में चार्जशीट दायर की थी। जबकि थाना हयातनगर की पुलिस ने ही वर्ष 2024 में अपराध् संख्या 11/24 धरा 188,171-एच भारतीय दंड संहिता के तहत लोकसभा चुनाव के दौरान आर्दश आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया। हयातनगर पुलिस ने दोनों ही मामलों की जांच कर चार्जशीट अदालत में दायर कर दंडित करने की गुहार लगायी थी। मामला जनपद सम्भल सिलिस जज सी.डि. सम्भल स्थित चन्दौसी की अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट पर सिविल जर्ज सी. डि./एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की चार्जशीट पर संज्ञान लेकर 19 फ़रवरी 2025 में तलब किया था। जिसके खिलाफ सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क ने एमपी/एमएलए कोर्ट में दायर की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेकर उनको जारी किए गए समन और चार्जशीट को निरस्त करने को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने सुनवायी की। याचिका कर्ता के अधिवक्ता सय्यद इकबाल अहमद और आकिब इश्तियाक ने बताया कि उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ के न्यायमूर्ति समीर जैन ने उनकी दलीलों को विस्तार पूर्वक सुना। जबकि सरकार के वकील की ओर से भी अपने तर्क पेश किए गए। न्यायमूर्ति ने याची और सरकार के अधिवक्ता की दलीलों को सुनकर दोनों ही मामलों को निरस्त /क्वैश करने के आदेश दिए है। इसके उन्होने बताया कि सपा सांसद के खिलाफ कई अन्य मामलों में भी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने विभिन्न अदालतों में विचाराधीन मुकदमों की सुनवायी पर भी रोक लगा दी है। स्थानिय अधिवक्ता फ़रीद अहमद ने बताया कि उच्च न्यायालय से मिले आदेशों को स्थानिय अदालतों मे 04 नवम्बर को दाखिल किया जाएगा।





# एसएससी जल्द ही 'दागी' गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सूची प्रकाशित करेगा: अधिकारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) जल्द ही राज्य सरकार द्वारा संचालित और राज्य सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों के लगभग 3,500 'दागी' गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सूची प्रकाशित करेगा। एसएससी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि ये कर्मचारी उन 26,000 लोगों में शामिल हैं जिनकी नौकरियां अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद निरस्त कर दी गई थीं।

सर्वोच्च न्यायालय ने तीन अप्रैल को 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द कर दी थीं और वर्ष 2016 की पूरी भर्ती प्रक्रिया को 'दूषित और दागी' करार दिया। 'दागी' वे लोग हैं जिनकी घोटाले में संलिप्तता साबित हो गई है।

एसएससी ने पहले शीर्ष न्यायालय के निर्देश के बाद 15,000 से अधिक दागी शिक्षकों की सूची जारी की थी, लेकिन दागी गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सूची की आधिकारिक घोषणा की जानी अभी बाकी है।

एसएससी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती के लिए नये सिरे से परीक्षा आयोजित करा रहा है। लेकिन न्यायालय ने निर्देश दिया है कि वर्ष 2016 में अवैध तरीकों से नौकरी पाने वालों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अधिकारी ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि हम एक-दो दिन में लगभग 3,500 दागी गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सूची अपलोड कर देंगे। यह नई भर्ती परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया का हिस्सा है। हम इस संबंध में न्यायपालिका के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। नई भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन आज से लेकर एक महीने तक किये जा सकेंगे।''

ग्रुप सी के 2989 और ग्रुप डी के 5488 रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2016 की एसएससी भर्ती परीक्षा पास करने के बाद ग्रुप सी और ग्रुप डी के पदों के लिए चयनित कर्मचारियों का पैनल पहले ही रद्द कर दिया गया है, इसलिए गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए नई भर्ती परीक्षा आयोजित करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है।

उन्होंने कहा, ''वर्ष 2016 की परीक्षाओं में दागी गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सूची यह सुनिश्चित करेगी कि एक भी अयोग्य उम्मीदवार नयी भर्ती परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए।''

# 'वोट चोरी' के बाद 'उम्मीदवार चोरी' में लिप्त है भाजपा : नवीन पटनायक

नुआपाड़ा (ओडिशा)। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सोमवार को ''विश्वासघात'' का आरोप लगाया और कहा कि आगामी नुआपाड़ा उपचुनाव के सिलसिले में वह अब ''उम्मीदवार चोरी'' में लिप्त है।

बीमारी से उबरने के बाद पहली जनसभा को संबोधित करते हुए पटनायक ने नुआपाड़ा के कोम्ना प्रखंड में बीजद उम्मीदवार स्नेहिनी छुरिया के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया।

पटनायक ने आरोप लगाया, 'आप सभी जानते हैं कि बीजद के साथ विश्वासघात हुआ है। जो लोग पहले 'वोट चोरी' में लिप्त थे और सरकार बना चुके हैं, उन्होंने अब 'उम्मीदवार चोरी' शुरू कर दी है।'

बीजद प्रमुख पटनायक का इशारा परोक्ष तौर पर बीजद के दिवंगत विधायक राजेंद्र ढोलकिया के बेटे जय ढोलकिया की ओर था, जो उपचुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे और अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। राजेंद्र ढोलकिया के आठ सितंबर को निधन के बाद यह उपचुनाव कराना पड़ा जरूरी हो गया। इस सीट के लिए 11 नवंबर को मतदान होगा।

'वोट चोरी और उम्मीदवार चोरी' में शामिल लोगों को करारा जवाब देने का आग्रह करते पटनायक ने मतदाताओं से मतदान के दिन शंख (बीजद का चुनाव चिह्न) दबाने की अपील की।

पटनायक ने अपने 10 मिनट के भाषण के दौरान ओडिशा में भाजपा सरकार के प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया, 'पिछले 16 महीनों में भाजपा सरकार ने विकास पर नहीं, बल्कि सिर्फ़ प्रचार पर ध्यान केंद्रित किया है। वे प्रचार में तो 'हीरो' हैं, लेकिन काम में 'जीरो' हैं। पूरे राज्य में विकास गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई हैं।''

# 'दरबार स्थानांतरण' परंपरा चार साल के बाद फिर शुरू, जम्मू में मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में चार साल के अंतराल के बाद ऐतिहासिक 'दरबार स्थानांतरण' (दरबार मूव) परंपरा फिर से शुरू होने पर सोमवार को जम्मू के लोगों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

इस परंपरा के तहत जम्मू कश्मीर की राजधानी और प्रशासनिक कार्यालय सर्दी के मौसम में श्रीनगर से जम्मू और गर्मी में जम्मू से श्रीनगर स्थानांतरित किए जाते हैं।

अपने सरकारी आवास से मुख्यमंत्री के रघुनाथ बाजार होते हुए सिविल सचिवालय पहुंचने के मार्ग में रेजीडेंसी रोड पर उमड़ी भीड़ ने अब्दुल्ला का स्वागत किया, जहां व्यापारियों और आम नागरिकों ने उन पर फूल बरसाए। ढोल-नगाड़ों और जश्न के नारों के बीच मिठाइयां बांटी गईं।

उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी और जलशक्ति मंत्री जावेद राणा के साथ अब्दुल्ला सुबह करीब नौ बजे अपने सरकारी आवास से निकले। सचिवालय पहुंचने के लिए उन्हें रघुनाथ बाजार से अपने वाहन पर सवार होना पड़ा।

अब्दुल्ला के पैदल आने के फैसले की स्थानीय लोगों ने सराहना की जिन्होंने इसे उनकी विनम्रता और लोगों से जुड़ाव का प्रतीक माना।

मुख्यमंत्री को जम्मू कश्मीर पुलिस की टुकड़ी ने सलामी गारद दिया और सिविल सचिवालय पहुंचने पर उन्होंने सलामी ली जहां लोगों का एक और समूह ढोल बजाते हुए उनका इंतजार कर रहा था और अब्दुल्ला के काफिले को देखकर फिर से फूल बरसाए।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''आज जब मैं अर्द्धवार्षिक दरबार स्थानांतरण के लिए जम्मू पहुंचा तो मुझे जम्मू के लोगों का गर्मजोशी से भरा और जोशीला स्वागत पाकर बहुत खुशी हुई। मैंने शहीदी चौक और रघुनाथ बाजार में व्यापारियों और नागरिक संगठन के सदस्यों से बातचीत की।''

'दरबार स्थानांतरण' की शुरुआत लगभग 150 साल पहले डोगरा शासकों ने की थी। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रशासन के ई-ऑफिस में पूरी तरह से बदलाव का हवाला देते हुए जून 2021 में इस पर रोक लगा दी थी। सिन्हा ने कहा था कि इससे सालाना लगभग 200 करोड़ रुपये की बचत होगी। जम्मू के व्यापारिक समुदाय समेत विभिन्न वर्गों ने इस फैसले की तीखी आलोचना करते हुए इस प्रथा को फिर से शुरू करने पर जोर दिया था और इसे व्यापार एवं दोनों क्षेत्रों के बीच पारंपरिक संबंधों के लिए एक झटका बताया था। अब्दुल्ला ने 16 अक्टूबर को फिर से 'दरबार स्थानांतरण' की शुरुआत करके अपना चुनावी वादा पूरा किया जिससे यहां के व्यापारी समुदाय को राहत मिली।

# नेतृत्व परिवर्तन पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम होगा : मुख्यमंत्री सिद्धरमैया

**मैसुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि राज्य नेतृत्व में किसी भी संभावित बदलाव के संबंध में कांग्रेस आलाकमान का निर्णय अंतिम होगा।

पत्रकारों से यहां बात करते हुए उन्होंने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन के बारे में दूसरों के कुछ कहने का तब तक कोई महत्व नहीं है, जब तक पार्टी इस पर बात नहीं करती। जब मीडिया ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार की बिहार के प्रवासी श्रमिकों के साथ बातचीत का हवाला दिया, तो सिद्धरमैया ने इसे ज्यादा महत्व नहीं दिया।बिहार के ये प्रवासी श्रमिक शिवकुमार को कथित तौर पर अगले मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। सिद्धरमैया ने जवाब दिया, ''लोग बात कर सकते हैं, लेकिन आलाकमान कौन है? क्या सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने इस बारे में बात की है?

# साइबर अपराधियों को 200 करोड़ रुपये भेजने के आरोप में छह गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस की सीआईडी-अपराध शाखा ने लगभग 100 बैंक खातों का उपयोग करके दुबई के साइबर अपराधियों को 200 करोड़ रुपये भेजने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि एक विशिष्ट गोपनीय सूचना और उसके बाद की जांच के आधार पर, सीआईडी-अपराध शाखा के गांधीनगर स्थित साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने मोरबी, सुरेंद्रनगर, सूरत और अमरेली जिलों से महेंद्र सोलंकी, रूपेन भाटिया, राकेश लानिया, राकेश देकिवाडिया, विजय खंभाल्या और पंकज कथिरिया को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि एक 'म्यूल' खाता एक बैंक खाता होता है जिसका उपयोग अपराधी अवैध धनराशि प्राप्त करने, हस्तांतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं, जिसमें खाताधारक की जानकारी हो भी सकती है और नहीं भी।'

सीआईडी-अपराध की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'जांचकर्ताओं को इन आरोपियों से बरामद मोबाइल फोन से 100 से ज्यादा 'म्यूल' बैंक खातों का विवरण मिला है। ये लोग अलग-अलग राज्यों में सक्रिय साइबर अपराधियों को 'म्यूल' बैंक खाते उपलब्ध कराते थे और फिर धोखाधड़ी से अर्जित धन को अंगड़िया (नकद कूरियर सेवा) या क्रिप्टो करेंसी ट्रांसफर के जरिए दुबई स्थित अपराध गिरोह को भेज देते थे।'

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/3/2025 7:10 PM Page 1



उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** अपना दल एस जनपद रामपुर के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी जी के आवास/कैम्प कार्यालय पर माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी जी के साथ वैठक करके 4 नमम्वर को पार्टी के स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम वरेली शहर के न्यू अर्वन हार्ट



के सभागार निकट विकास भवन वरेली में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में जनपद रामपुर से लगभग 3 हजार कार्यकर्ताओ को लेकर जाने की रूपरेखा वनाई ।

# आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित



को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# नये आपराधिक कानून के संबंध में किया जागरुक

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** थाना शहजादनगर रामपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भगवान देवी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट ग्राम मेघा नंगला में छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना शहजादनगर रामपुर पुलिस द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई । उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों



कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है । इस अवसर पर सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया ।

# आवास पर जाकर मुलाक़ात की

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** हम एकता मंच की टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफ़ीक़ ख़ां के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष भव्य उप्पल (सौरभ भाई) के पुराना गंज स्थित आवास पर जाकर मुलाक़ात की और उनकी माता मीनाक्षी उप्पल के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की और उन्हें सांत्वना दी। स्वर्गीय मीनाक्षी उप्पल जी बहुत ही दयालु और कोमल हृदय महिला थीं और समाज सेवा के



कार्यों में तत्पर रहती थी। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फ़िरोज खान नगर अध्यक्ष नादिर ख़ां बबलू युवा जिलाध्यक्ष मौहम्मद रेहान एडवोकेट और मौहम्मद नाज़िम साहब मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा बधाई दी

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** यू0पी0-112 परियोजना जनपद रामपुर Pv12 Performance Dashboard पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में माह अक्टूबर में प्रथम स्थान पर आने पर यू0पी0-112 टीम को पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा बधाई दी गई । माह-अक्टूबर वर्ष 2025 में परियोजना यू0पी0-112 जनपद रामपुर Pv12 Performance Dashboard पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में उत्तर प्रदेश में 92.28 अंक प्राप्त कर जनपद रामपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा परियोजना यू0पी0-112 जनपद रामपुर Pv12 Performance Dash board पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में लगातार माह सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर वर्ष 2024 और माह-जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर वर्ष-2025 में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है।

# राज्य महिला आयोग करेंगी जनसुनवाई

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता सैनी 06 नवम्बर, 2025 को विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता सैनी 06 नवम्बर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित महिला जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की विभिन्न प्रकार की उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों एवं समस्याओं को सुनेंगी, इसके बाद महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित जनपद के विभिन्न संस्थान जैसे सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण भी करेंगी। राज्य महिला आयोग के स्तर से जनसुनवाई एवं महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े संस्थाओं के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यही है कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर प्रभावी रोकथाम हो और दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेस -5 के अंतर्गत महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या के निर्देशानुसार संरक्षण अधिकारी (जिला बाल संरक्षण इकाई) अजय मौर्य के निर्देशन में तहसील सदर स्थित ग्राम अजीतपुर में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता सुलेखा चौहान द्वारा बच्चों तथा महिलाओं की सुरक्षा




हेतु संचालित हेल्पलाइनों तथा महिलाओं तथा बच्चों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता सुलेखा चौहान आउटरेज कार्यकर्ता गुड्डू राजपूत, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

# आवेदन 06 नवम्बर, 2025 तक लिए जायेंगे

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** निदेशक आरसेटी, देशराज मीणा ने बताया कि आरसेटी में 18 से 45 वर्ष के युवतियों को 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 नवम्बर, 2025 से कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए आवेदन 06 नवम्बर, 2025 तक लिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिले के ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के लिए 35 सीट निर्धारित हैं। जो महिलायें अपना बुटीक, स्वरोजगार स्थापित करने की इच्छुक हैं, आवेदन कर सकती हैं। आवेदन हेतु आधार कार्ड,राशन कार्ड/जॉब कार्ड 05 फोटो ,बैंक पासबुक की फोटो कॉपी लेकर संस्थान के समय प्रातः 9:30 से सायं 5:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया निःशुल्क है जिसमें चाय,नाश्ता,भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क दी जाती है।

# जागरुकता कॉमिक्स का किया विमोचन

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्या सागर मिश्र द्वारा पुलिस कार्यालय, जनपद रामपुर में 'मिशन शक्ति अभियान 5.0' के अन्तर्गत महिलाओ/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरुकता कॉमिक्स का किया विमोचन । कॉमिक्स में रोचक ढंग से दी गयी है विभिन्न प्रकार के महिला एवं शिशु सम्बन्धी अपराध, साइबर अपराध व उनसे बचाव की जानकारी, साथ ही हेल्पलाइन नम्बर,





वेबसाइट व मिशन शक्ति केन्द्र समस्त थाना जनपद रामपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही का वर्णन किया गया ।

# कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आज दिनांक-03.11.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल जनपद स्तर द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया । उक्त कार्यशाला में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम,



1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था । कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तकनीक और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझते हुए सक्रिय भागीदारी दिखाई ।

# उलेमा ने मांगी तरक्की, खुशहाली की दुआ

उत्तम भारत संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र की बिजारखाता में खानपुर उत्तरी मार्ग पर हजरत भट्ठे वाले दादा मियां के उर्स में जायरीनों की काफी भीड़ रही। उर्स के पहले दिन कुलशरीफ में अकीदत मनदो की दरगाह पर हाजिरी के लिए भारी भीड़ रही सोमवार को खानपुर उत्तरी मार्ग पर स्थित भट्ठे वाले दादा मियां के उर्स के मौके पर जायरीन की काफी भीड़ रही। तमाम जायरीन ने दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की और मन्नते मांगी। जौहर की नमाज के बाद गद्दानशीन जुनैद मियां की अगुवाई में कुलशरीफ का आगाज हुआ।

मदरसा शमशुल इस्लाम के प्रधाना ध्यापक कारी दिलशाद रजा नूरी, अड्डे वाली मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद



आसिफ, मजहरया मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद इलयास, ने कुलशरीफ में कौम और मुल्क की तरक्की के लिए हाथ उठाए। और अमन चैन, खुशहाली की दुआएं मांगी गई।

जबकि इससे पूर्व उलेमाओं ने नमाज की पाबंदी करने , और बुरी आदतों से बचने, बलियों के अपनाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर हाफिज अमजद अली, नामे अली, अनीस, राहतजन, कफील पाशा, नन्हे पाशा, समेत आसपास के जायरीन शामिल रहे।

# पेड़ों की छटाई के दौरान दो दिन में दो हादसे

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** विद्युत विभाग के कार्य पर उठे सवाल, कर्मचारी संघ ने जताई नाराज़गी और आंदोलन की चेतावनी विद्युत विभाग में इन दिनों सड़कों और गलियों के किनारे लगे पेड़ों की छटाई का कार्य जोरों पर है। विभाग द्वारा यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है ताकि बिजली की तारों के पास उग आए पेड़ों की डालें काटकर विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित और सुचारू रखा जा सके। लेकिन इस कार्य में लगातार हादसे होने से विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। दो दिनों में दो संविदा कर्मचारी घायल हो चुके



हैं, जिससे कर्मचारियों में भय और नाराज़गी दोनों देखी जा रही है पहला हादसा रविवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में हुआ था। यहां पेड़ काटते समय बिजली विभाग के संविदा कर्मी हनीफ़ के ऊपर पेड़ की भारी डाल गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर में आज दिनांक 03.11.2025 को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कॉलेज में सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान विषय पर आयोजित निबंध ,भाषण ,एवं रंगोली प्रतियोगिताओं में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को विद्यालय स्तर पर प्रधानाचार्य




डॉक्टर शालू कौशल द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन कुमारी नाजिया रहमत ने किया। इस अवसर पर कुमारी रेणु देवी, श्रीमती कल्पना सिंह, प्रगति गोयल, पूजा, अफीफा, तबस्सुम ,बबीता गुप्ता, खदीजा, दिव्या, सुरेंद्र कुमार, नितिन कुमार, बाबू उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा पलटने से महिला की मौत

उत्तम भारत संवाददाता

**सैफनी।** क्षेत्र के खरसौल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा पलटने से एक 40 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला रिक्शा के नीचे दब गई थी, जिसे लोगों ने बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, खुर्द गांव निवासी राममूर्ति (उम्र 40 वर्ष) अपनी दवाई लेने के लिए ई-रिक्शा में सवार होकर डॉ. के पास जा रही थीं। खरसौल क्षेत्र में अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में राममूर्ति रिक्शा के नीचे बुरी तरह से दब गई। हादसे के बाद लोगों ने शोर मचाया। आसपास



के लोगों ने तत्काल ई-रिक्शा उठाकर दबी हुई महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक राममूर्ति की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# स्वास्थ्य केन्द्र, चमरौआ का किया औचक निरीक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 दीपा सिंह रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चमरौआ पहंची, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरोग्य मेले में तैनात डॉक्टर द्वारा 09 मरीज देखे जा चुके थे, जिसका विवरण ओ0पी0डी0 रजिस्टर में अंकित पाया गया।पूर्व दिवस 01नवम्बर, 2025 को कुल 174 नये मरीज का पंजीकरण हुआ पाया गया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने डॉट्स प्रयोगशाला, पैथोलॉजी लैब और मेडिसिन स्टॉक बुक रजिस्टर का



गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने एन0बी0एस0यू0 यूनिट के निरीक्षण में पांच रेडियंट वार्मर व एक फोटो थेरेपी मशीन संचालित अवस्था में नहीं मिली, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार एन0बी0एस0यू0 यूनिट को यथाशीघ्र संचालित कराना सुनिश्चित करें।

# एफआईआर दर्ज करने के आदेश

उत्तम भारत संवाददाता

रामपुर। स्वास्थ विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधरी ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ थाना अजीमनगर में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है,यह एफआईआर एक मासूम बच्चे की मौत के मामले में लापरवाही के आरोप में कराई गई है। बताते चले थाना अजीमनगर स्थित झोला छाप डॉक्टर जियाउल हसन के इलाज से एक बच्चे की मौत हो गई है। जिसको उत्तम भारत अखबार द्वारा प्रमुखता से प्रकाशन किया गया था



जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग नीद से जाग गया और झोलाछाप डॉक्टर रियाजुल हसन के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक थाना अजीम नगर को एफआईआर दर्ज कराने हेतु तहरीर दी गई है।

# बच्चों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** नगर पालिका द्वारा नए-नए अभियान चलाए जाते हैं और उन अभियानों के तहत कुछ दिन ही उस का पालन किया जाता है उसके बाद जो स्थित पूर्व में होती है वही हो जाती है नगर पालिका द्वारा चलाए गए अभियान के तहत कूड़ा करकट जगह-जगह ना डालें इस अभियान का नगर पालिका कर्मियों और जनता ने खूब पालन किया लेकिन उस अभियान का पालन नगर पालिका कर्मचारी नहीं कर रहे आनंद कान्वेंट स्कूल और प्रभावती स्कूल के सामने नगर पालिका कर्मचारी गलियों का कूड़ा खुले मैदान में डाल रहे हैं जबकि यह स्थान कूड़ा डालने के का नहीं है क्योंकि यहां पर चारों तरफ मकान बने हुए हैं और जनता निवास कर रही है ऐसी स्थिति में वहां रहे रहे व्यक्तियों के स्वास्थ्य के



साथ खिलवाड़ भी हो सकता है कूड़ा डालने के बाद उसमें आग भी लगा दी जाती है इससे प्रदूषण के साथ-साथ यह जनता की स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी हो सकता है ऐसी स्थिति में ना तो कोई अधिकारी इस पर ध्यान देता ना ही नगर पालिका का कोई कर्मचारी घनी आबादी में कूड़ा डालने से वहां निवास कर रही जनता को परेशानी का सामना उठाना पड़ता है वही आनंद कान्वेंट स्कूल भी है जहां पर छोटे बच्चे पढ़ते हैं जिन्हें इस गंदगी से और प्रदूषण से जूझना पड़ता है यह बच्चों के लिए बहुत ही खतरनाक हो सकता है

# शुभ मंगल कामनाएं दे करके सम्मानित किया

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा रामपुर के जिला अध्यक्ष पंडित राम बाबू शर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 3 नवंबर 2025 दिन सोमवार को 11 सदस्यीय शिष्ठमंडल ने नव आयुक्त मुख्य विकास अधिकारी जनपद रामपुर के कार्यालय में उपस्थित होकर जीवन उपयोगी धार्मिक पुस्तक तथा पुष्प गुच्छ तथा श्रीरामचरित मानस की धार्मिक(ग्रंथ)सप्रेम भेंट करके परिषद की ओर से हार्दिक शुभ मंगल कामनाएं दे करके सम्मानित किया है। इस अवसर पर सभी शाहिद जिला अध्यक्ष पंडित रामबाबू शर्मा ने कहा कि मां कमाने मुख्यमंत्री के द्वारा निर्देशित मुख्य सचिव के द्वारा समय-समय पर समस्त



जिलाधिकारी गणों व समस्त मंडल आयुक्त शासनादेश के माध्यम से आदेश दिए जाते रहे हैं कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही प्रत्येक माह के अंत में मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी गणों से कर्मचारियों की समस्याओं का भी यथा शीघ्र समाधान करते रहें ! परंतु देखने में आ रहा है कि कोई भी विभाग अध्यक्ष अपने कर्मचारियों की समस्याओं को माह के अंत में बैठक बुलाकर के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं।

# स्थापना दिवस कार्यक्रम अपना दल (एस)

उत्तम भारत संवाददाता

**स्वार।** सभी भाई बंधुओं कार्यकर्ताओं, नगरवासियों/ग्रामीणवासियों से विनम्र अनुरोध है कि 04 नवम्बर, दिन मंगलवार को बरेली में होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस प्रोग्राम को ऐतिहासिक बनाने के लिये आप सुबह 10 बजे आवास/कार्यालय स्वार, बिलासपुर रोड से बरेली के लियें प्रस्थान करेंगें आप सभी साथ में ज्यादा से ज्यादा लोगो को लेकर मेरे साथ चलें क्योंकि आप ही सब हर वक़्त दिन रात मेरे साथ क़दम से क़दम मिलाकर चलते आये हैं।

आप ही मेरी ताकत हो, मेरे हाथों को मजबूत करने के लिएं मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर आओ हम सब साथ चलें।

# पुलिस के हाथ दो दिन बाद भी खाली

उत्तम भारत संवाददाता

**दढ़ियाल।** कोतवाली टांडा के चौकी दढ़ियाल क्षेत्र में शनिवार की रात साढ़े दस बजे वाइक लूट की घटना के बाद से ही पुलिस में हड़कंप मच गया। शनिवार की रात से ही पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने कई संदिग्ध स्थानों छापा मारा। लेकिन पुलिस खाली हाथ लौटी। सोमवार को दिन भर चौकी में सन्नाटा पसरा रहा। सभी पुलिस कर्मी लूट की घटना के खुलासे में जुटे रहे। शनिवार की रात से ही पुलिस ने पीड़ित अनुज सहित उसके मित्र पंकज निवासी फत्तावाला दढ़ियाल को अपनी हिरासत में लेकर रविवार की देर रात तक कड़ी पूछताछ की , उसके बाद पुलिस ने दोनों को परिजनों के हवाले कर दिया। अनुज के पिता जुगनू के अनुसार सोमवार की सुबह अनुज दोहरा स्थित होटल में ड्यूटी करने चला गया। वहीं पंकज के परिजनों ने बताया कि पंकज डरा और सहमा हुआ है।

# मरीजो के साथ हो रहा खिलवाड़

उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** जिला अस्पताल में सभी सुविधाएं मिलती हैं दवाई से लेकर एंबुलेंस डॉक्टर और सभी सुविधा जिला अस्पताल के अंदर मौजूद हैं लेकिन बाहर खड़ी प्राइवेट एंबुलेंस सरकारी हॉस्पिटल में किया कर रही हैं जबकि सरकारी एंबुलेंस 24 घंटे हॉस्पिटल के अंदर खड़ी रहती हैं अस्पताल के मेन गेट के बाहर एम्बुलेंसों की लाइन लगी रहती है और मरीज को इमरजेंसी होने के बाद बाहर से प्राइवेट एंबुलेंस अंदर आती है और मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाती है सूत्र बताते हैं कि प्राइवेट एंबुलेंस सरकारी अस्पताल में मरीज को ले तो जाती है लेकिन प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाने के बाद मरीज की जेब पर डाका डाला जाता है




प्राइवेट हॉस्पिटल मैं मरीज का लंबा बिल बनाने के बाद मरीज को अच्छी दवाइयां नहीं दी जाती सूत्र यह भी बताते हैं की रामपुर के जिला अस्पताल से प्राइवेट एंबुलेंस के अंदर आने पर इमरजेंसी स्टाफ मरीज को बाहर भेजने में एंबुलेंस चालक की पूरी मदद करता है पूर्व में रहे जिला अस्पताल के सीएमएस डी के वर्मा ने अस्पताल के अंदर प्राइवेट एंबुलेंस के आने पर प्रतिबंध लगा दिया था उनके जाने के बाद रामपुर जिला अस्पताल में यह नियम फिर से लागू हो गया।

# कानून के संबंध में किया गया जागरुक

उत्तम भारत संवाददाता

**सैफनी।** थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लोधो वाला मझरा में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं एवं सवलियान प्राथमिक विद्यालय ग्राम लोधो वाला मझरा में छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के दौरान थाना सैफनी पुलिस द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई । उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित



केंद्रित बनाना है । इस अवसर पर सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम में नये आपराधिक कानूनों की विशेषतायें, जैसे-जीरो एफआईआर ई-एफआईआर समयबद्ध न्याय महिला एवं बाल संरक्षण के प्राविधान नये अपराध प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्राविधान पीडित-केन्द्रित प्राविधान आदि पर जागरुकता कार्यक्रम में विशेष रुप से प्रकाश डाला गया ।

# संक्षिप्त समाचार

## 02 नफर वारंटी गिरफ्तार

**मिलक।** थाना मिलक पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी 1. रूपसिंह पुत्र ठाकुरदास निवासी ग्राम पुरैनिया कला थाना मिलक जनपद रामपुर संबंधित धारा-125(3) दं0प्र0सं0, 2. पप्पू उर्फ चन्द्रपाल पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित धारा 60(1) आबकारी अधि0 को उनके मस्कन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।



## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अजीमनगर।** वादिनी की तहरीरी सूचना वादिनी की पुत्री को खेत पर अकेली देखकर जबरन आम के बाग में ले जाकर दुष्कर्म करना तथा घटना के सम्बन्ध में घर बताने पर जान से मारने की धमकी देना व मारपीट करने के सम्बन्ध में सम्बन्ध में थाना अजीमनगर पर मु0अ0सं0- 230/25 धारा-64(1)/115(2)/351(3) बीएनएस बनाम विकास पुत्र रमेश निवासी ग्राम परचई थाना अजीमनगर जनपद रामपुर पंजीकृत किया गया ।




## यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस पुलिस द्वारा 'यातायात माह - नवम्बर 2025' के दृष्टिगत यातायात नियमों के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया यातायात पुलिस द्वारा आमजन को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गति सीमा का पालन करने एवं यातायात संकेतों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया **यातायात माह का उद्देश्य** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना वाहन चालकों, पैदल यात्रियों और सवारियों को यातायात नियमों की जानकारी देना हेलमेट, सीट बेल्ट, और स्पीड लिमिट जैसे सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित कराना।



## मनरेगा कार्य में बाधा डालने पर विवाद

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम मड़ैयानझाऊ में मनरेगा योजना के तहत चल रहे सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य के दौरान विवाद उत्पन्न हो गया है। ग्राम प्रधान सरवन यादव ने गांव के ही एक व्यक्ति पर निर्माण कार्य में बाधा डालने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान सरवन यादव के अनुसार, गांव में धर्मपाल के घर से महबूब के घर तक मनरेगा योजना के तहत सीसी सड़क और नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रधान ने बताया कि पहले जब रास्ते पर ईंटों का खड़ंजा था, तब भी रास्ते के दोनों तरफ नालियां बनी हुई थीं। उनका कहना है कि अब सीसी रोड के साथ भी दोनों ओर नालियों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि जल निकासी सुचारू रूप से हो सके।प्रधान का आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति अपनी तरफ नाली बनने नहीं दे रहा है। उनके मुताबिक, वह व्यक्ति निर्माण कार्य में लगातार बाधा डाल रहा है और काम रुकवाने की कोशिश कर रहा है। प्रधान ने कार्य में बाधा डालने और उन्हें धमकी देने के संबंध में स्थानीय पुलिस या संबंधित अधिकारियों को शिकायत की जानकारी दी होगी।



## मकबूल अहमद का दिल्ली में बीमारी के चलते निधन

**बिलासपुर।**बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे मकबूल अहमद का दिल्ली के एक अस्पताल में बीमारी के चलते निधन हो गया।इस दौरान तहसील के दोनों अधिवक्ता संगठन न्यायिक कार्यो से दूर रहें।वहीं बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।ज्ञात हो कि मकबूल अहमद दो बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके थें।वह कुछ समय से बीमार चल रहे थें।जिसके चलते उन्हें परिवार ने दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।जहां उन्होंने रविवार की रात अंतिम सांस ली। सोमवार सवेरे अधिवक्ताओं को उनके निधन की सूचना मिली,तो वह बड़ी संख्या में अधिवक्ता शोक संवेदना व्यक्त करने उनके पैतृक गांव तहसील क्षेत्र के लाला नगला गांव रवाना हो गए।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरीक सिंह चौहान एडवोकेट और लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोख सिंह खैहरा एडवोकेट ने न्यायिक कार्यो से विरत रहने की घोषणा की।



## गुरूद्वारे में निशान साहिब का बदला चोला

**बिलासपुर।** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा में सिख समुदाय ने प्रकाशोत्सव की तैयारियों के तहत निशान साहिब का चोला बदला।इस दौरान नगर में अंतिम प्रभातफेरी भी निकाली गई। गुरू नानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाशोत्सव पर आज यानि मंगलवार को विशाल नगर कीर्तन और कल यानि बुधवार को धार्मिक दीवान का आयोजन किया जाएगा। सोमवार की सुबह सिख समुदाय के लोग गुरूद्वारा परिसर में एकत्र हुए और अरदास के बाद निशान साहिब को नया चोला पहनाया।चोले की सेवा जसपाल सिंह ने की।इससे पूर्व नित नेम के पाठ के बाद निशान साहिब की अगुवाई में प्रभातफेरी निकाली गई।इसमे चरनजीत सिंह घंटा-घड़ियाल लेकर और प्यारा सिंह निशान साहिब लेकर आगे चल रहे थे। पुरूष जयकारे लगा रहे थे,जबकि महिलाएं सबद-कीर्तन करती हुई चल रही थी।फेरी ने रामपुर रोड और सिंह कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों पर रूककर गुरू के संदेशों का प्रचार किया।फेरी भ्रमण करती हुई सिंह कॉलोनी में भूपेंद्र सिंह के आवास पर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने थोड़ी देर रूककर सबद-कीर्तन किया और फिर वापिस गुरूद्वारे लौट आए।इस मौकें पर स्वरूप सिंह,प्रीतम सिंह,कश्मीरा सिंह,केवल सिंह, जगतार सिंह, परमजीत सिंह पोला, बलविंदर कौर,मंदीप कौर, जसवीर सिंह, मंजीत कौर, सुखवीर कौर आदि मौजूद रहे।



## श्याम जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन

**बिलासपुर।**बाबा खाटू श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा श्याम भक्तो द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस दौरान सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए लोगों कड़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया।सोमवार को श्याम भक्त द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर लगाए गए स्टॉल पर कड़ी चावल का प्रसाद वितरण सुबह से प्रारम्भ किया गया और यह कार्यक्रम दोपहर बाद तक जारी रहा।इस मौकें पर प्रवीण शोरी,योगेश भट्ट,अमन वर्मा, अखिल ग्रोवर,अजय देवगन,पारस अरोड़ा, अविरल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## आशीष गुप्ता भाकियू प्रधान के युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत

**रामपुर।**भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान जी द्वारा जिलाध्यक्ष निरवैर सिंह खालसा की संस्तुति पर बिलासपुर के रहने वाले आशीष गुप्ता को संगठन का युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया।प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद आशीष गुप्ता ने कहा आने वाले समय में किसानो की समस्या का समाधान समय से पहले किया जाएगा।किसी भी किसान को अब किसी भी अधिकारी के दफ्तर के चक्कर लगाने नहीं पड़ेंगे।भाकियू प्रधान समस्त किसान मजदूर एवं पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद घोषणा की कि आने वाले समय में हम किसानों के लिए एक नया कानून लेंगे जिसमें किसानों का कार्य किसान के घर बैठे किया जाए।



00:28 paga09_jhn.qxd 11/3/2025 8:42 PM Page 1



# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव : नाबार्ड की मदद से महिला समूह बन रहे आत्मनिर्भर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर में चल रहे पांच दिवसीय राज्योत्सव में इस बार परंपरा, संस्कृति और आत्मनिर्भरता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से आए नाबार्ड सहायतित स्व-सहायता समूहों ने अपने-अपने क्षेत्र की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और नवाचार को मंच पर प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

राजनांदगांव जिले के जय सेवा हस्तशिल्प आर्ट गायत्री स्व-सहायता समूह ने राज्योत्सव में अपनी कलात्मकता और उद्यमशीलता की झलक प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। समूह की महिलाएँ मिट्टी और बांस कला से लेकर वस्त्र कला तक में अपनी पहचान बना रही हैं। समूह द्वारा निर्मित मिट्टी कला उत्पादों झूमर, दिया सलाई स्टैंड, फूलदानी, हैंगर, कुर्ती ड्रेस, लैम्प और ज्वेलरी ने स्टॉल पर आने वाले आगंतुकों को छत्तीसगढ़ी कला की जीवंतता का अनुभव कराया। इसी के साथ नाबार्ड सहायतित समूहों के स्टॉल में बांस कला के तहत टी-ट्रे, हैंगर, सजावटी वस्तुएँ और कपड़ों पर हेंड प्रिंटिंग, गोदना आर्ट, टेक्सटाइल डिज़ाइन, कोसा सिल्क, खादी सिल्क और कॉटन पर लोककला डिज़ाइनिंग जैसे कार्यों ने पारंपरिकता और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिला। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नाबार्ड सहायतित स्व-सहायता समूहों को न केवल हुनर सिखाया जा रहा है, बल्कि उन्हें अपने उत्पादों का विपणन पैकेजिंग और वित्तीय प्रबंधन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से लाभान्वित महिलाएँ आज आत्मनिर्भर बनकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में योगदान दे रही हैं। जय सेवा हस्तशिल्प आर्ट, शबरी आर्ट, बांस हस्तशिल्प, कोसा सिल्क और खादी कला प्रदर्शनी ने दर्शकों को आकर्षित किया। इन स्टॉलों में परंपरा, पर्यावरण और उद्यमशीलता का सुंदर मिश्रण देखने को मिला। महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री से उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो रही है। कई समूहों ने बताया कि राज्योत्सव जैसे मंचों से उन्हें न केवल आर्थिक सहयोग मिलता है, बल्कि आत्मविश्वास और नई पहचान भी मिलती है।

राज्य में नाबार्ड द्वारा कृषि, ग्रामीण उद्यम, हस्तशिल्प, बांस मिशन, महिला आजीविका कार्यक्रम, किसान क्लब, कौशल विकास प्रशिक्षण जैसे कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है, बल्कि हजारों महिलाएँ और युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

# जीजीआईसी में वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन





उत्तम भारत संवाददाता

**शाहबाद।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद में सोमवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यक्रमके अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसी कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 1 नवंबर को भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई है भाषण प्रतियोगिता में रहनुमा कक्षा 12 ने प्रथम स्थान हुदा नाज ने द्वितीय तथा फकिया नाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में निबंध प्रतियोगिता में मिस्टी ने प्रथम रिया ने द्वितीय एकता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम में शिवानी ने प्रथम एकता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेता छात्राओं को` कॉलेज की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा एवं समस्त स्टाफ के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन` उजमावकील खान तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने की कार्यक्रम में समस्त स्टाफ ममता गुप्ता सीमा तलत आरा, बारिशा ,मीनाक्षी श्रीवास्तव निधि, डॉली ,अर्चना ज्योति सक्सेना, आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महिला क्रिकेट विश्व कप: सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर रेत की कलाकृति बनाकर महिला टीम को किया सलाम

**पुरी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को फाइनल मुकाबले में हराकर पहली बार आईसीसी वनडे महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। देशभर में जश्न का माहौल है। इस बीच पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित रेत शिल्पकार सुदर्शन पटनायक ने टीम इंडिया की जीत के बाद पुरी बीच पर रेत की कलाकृति बनाई।

सुदर्शन पटनायक ने कहा कि जिस तरह भारत की महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर इतिहास रचा है। उसने पूरी दुनिया को भारत की नारी शक्ति का साक्षात्कार कराया है।

2025 के आईसीसी महिला विश्व कप में अपने प्रदर्शन से उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। एक कलाकार के रूप में, मैं अपनी कला के माध्यम से अपनी टीम को सलाम और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैंने अपनी भारतीय टीम को बधाई देने के लिए बल्ले तथा गेंद की एक कलाकृति बनाई है।

2 नवंबर को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले को देखने के लिए टीम इंडिया पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी मौजूद थे।

इस मैच में महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से मात दी। हालांकि, एक वक्त ऐसा लग रहा था कि साउथ अफ्रीका लक्ष्य का पीछा आसानी से कर लेगी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी से निरंतर अंतराल पर विकेट लेने का सिलसिला जारी रखा।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87 रन, दीप्ति शर्मा ने 58 रन और स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। भारत की सलामी जोड़ी ने 100 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन भारत ने जल्दी-जल्दी विकेट लेकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। शेफाली वर्मा ने भी गेंद से कमाल दिखाते हुए 2 विकेट झटके।

# एसएसपी ने सात पुलिस पदाधिकारियों का किया तबादला, अशोक कुमार बने सुखदेव नगर थाना प्रभारी

**रांची।** रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने सात पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में रविवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार तबादला किए गए पदाधिकारियों में पांच इंस्पेक्टर और दो सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं।

इंस्पेक्टर अशोक कुमार को सुखदेव नगर का थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि इंस्पेक्टर असित कुमार मोदी को सदर पश्चिमी का सर्किल इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है।

वहीं, इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा को मांडर सर्किल इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू को डायल 112 का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही इंस्पेक्टर सुशील कुमार को यातायात थाना प्रभारी कोतवाली (चुटिया) के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि सब-इंस्पेक्टर नवीन कुमार को सिल्ली थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, सब-इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ठाकुर को झारखंड उच्च न्यायालय का सुरक्षा का दायित्व दिया गया है।

# अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा को मारी टक्कर सात घायल, एक रेफर

उत्तम भारत संवाददाता

**शाहबाद।** रविवार को देर रात शादी समारोह में खाना खाने जा रहे एक परिवार के सदस्य सात सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला हकीमान निवासी 38 वर्षीय भगवानदास अपने परिवार के साथ बिलारी रोड पर स्थित हरि लॉन मैरिज हॉल में शादी समारोह में अपनी निजी ई रिक्शा से परिवार सहित शामिल होने के लिए गए थे। शादी समारोह में भोजन करने के बाद वह अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ बाहर निकले उसके बाद सभी ई-रिक्शा में घर आने के लिए सवार हुए। खड़ी ई रिक्शा में सामने से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे परिवार के सभी सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए 10 वर्षीय निभी, 7 वर्षीय शिवा, 8 वर्षीय निधि, 25 वर्षीय पूजा, 2 वर्षीय निवेश, 35 वर्षीय नन्ही, 38 वर्षीय भगवानदास गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को घायलों को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और भगवान दास की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।

# झारखंड में सड़क दुर्घटना में चार व्यक्तियों की मौत

**रामगढ़/गुमला।** झारखंड के रामगढ़ और गुमला जिलों में हुई तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पहली दुर्घटना रविवार देर रात रामगढ़ के भदानीनगर थाना क्षेत्र के बंगदा गांव के पास हुई।

भदानीनगर थाने के प्रभारी अख्तर अली ने बताया, 'मृतकों की पहचान आनंद मुंडा (29) और प्रदीप मुंडा (42) के रूप में हुई है, जो रामगढ़ के मुर्रामकला गांव के रहने वाले थे जबकि घायल बच्चे की पहचान मंगरा मुंडा के रूप में हुई है।'

अली के अनुसार, यह दुर्घटना तब हुई जब वे रामगढ़ से भुरकुंडा जा रहे थे तभी एक वाहन से आगे निकलने की कोशिश के दौरान उनकी मोटरसाइकिल दूसरी 'लेन' पर चली गई।

पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में जिले के गोला-सिकिदिरी मार्ग पर एक व्यक्ति के पेट में ट्रैक्टर से निकली लोहे की छड़ घुस जाने से उसकी मौत हो गई।

गुमला में बसिया थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई।

बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने बताया, 'मृतक की पहचान 56 वर्षीय जय सिंह राम के रूप में हुई है जो खूंटी जिले के जरियागढ़ के रेग्रे गांव के निवासी थे।'

# कुलगाम में दो आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़

**कुलगाम।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के दमहाल हंजीपोरा के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान दो पुराने आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद 9 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया।

अधिकारी ने कहा कि अहमदाबाद और नेंगरीपोरा वन क्षेत्रों के बीच दो पुराने ठिकानों का पता लगाया गया और बाद में उन्हें ध्वस्त कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि ठिकानों से गैस सिलेंडर और कपड़े सहित कुछ सामान बरामद किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# भाकियू भानु ने अवैध अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



उत्तम भारत संवाददाता

**शाहबाद।** सोमवार को भाकियू भानू की मासिक पंचायत में तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर में चलने वाले एक अवैध अस्पताल को बंद करने की मांग की ,मासिक पंचायत में सहकारी समितियां के केंद्रों पर धन ना खरीद करने पर किसानों को हो रही समस्याओं के बारे में भी चर्चा की क्षेत्र के बड़गांव में कन्या इंटर कॉलेज का सरकार के द्वारा प्रस्ताव पास किया गया था मगर अभी तक इंटर कॉलेज का निर्माण शुरू नहीं हुआ है निर्माण को जल्द शुरू कराया जाए जिससे किसानों गरीबों के बच्चे अच्छी शिक्षा ले सके, मासिक पंचायत के बाद धरना स्थल पर पहुंचे नए तहसीलदार हरिश चन्द्र जोशी को सम्बंधित ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की ,इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खा, मंडल सचिव झंडू सिंह, दीपक चौधरी, राजेश शर्मा, विद्याराम पाल, प्रमोद कुमा,र हरिश्चंद्र दानी सागर,महिपाल सिंह, रियासत खां,रामचरण सिंह, रमेश मौर्य, सलमान खा, अकरम खा,शकील अहमद,एजाज खा, प्रमोद कुमार, योगेंद्र सिंह, जोगेंद्र कुमार, बृजेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, इम्तियाज़ खा, अमित सेन, शाखरुद्दीन मलिक आदि किसान मौजूद रहे।

# सुप्रिया सुले ने मृत डॉक्टर के परिजनों से मुलाकात की

बीड (महाराष्ट्र),। राकांपा (एसपी) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने सोमवार को उस महिला डॉक्टर के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने महाराष्ट्र के सतारा जिले में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। बीड में डॉक्टर के परिवार से मुलाकात के बाद सुले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से आग्रह किया कि घटना की जांच पूरी होने तक किसी को भी 'क्लीन चिट' न दी जाए।

उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाने की भी मांग की।

सुले के साथ पार्टी सांसद बजरंग सोनवणे और पार्टी की युवा इकाई के अध्यक्ष महबूब शेख भी थे।

बीड जिले की रहने वाली डॉक्टर को 23 अक्टूबर को सतारा के फलटन शहर में एक होटल के कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया था। अपनी हथेली पर लिखे एक 'सुसाइड नोट' में, उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी गोपाल बदाने ने उनके साथ कई बार बलात्कार किया, जबकि सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा था कि मुख्यमंत्री फडणवीस, जिनके पास गृह विभाग है, ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को तुरंत एक महिला आईपीएस अधिकारी के तहत एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया है।

डॉक्टर के परिवार से मुलाकात के बाद सुले ने संवाददाताओं से कहा, ''इस मामले में कुछ सरकारी प्रतिनिधियों के बयान बेहद असंवेदनशील और परेशान करने वाले हैं। डॉक्टर महाराष्ट्र की सक्षम बेटी थी और उसे न्याय मिलना चाहिए। लोगों को लगता है कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन न्याय मिलने तक हम चुप नहीं रहेंगे।''

सीडीआर (कॉल डेटा रिकॉर्ड) के कथित तौर पर लीक होने पर चिंता व्यक्त करते हुए, सुले ने सवाल उठाया कि चुनिंदा जानकारी कैसे सार्वजनिक की गई।

राकांपा (एसपी) के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, ''जांच होने दीजिए। इतनी जल्दी क्यों है? जो भी दोषी है - चाहे वे कोई भी हो - दंडित किया जाना चाहिए।''

उन्होंने कहा कि सांसद सोनवणे जल्द ही दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें मामले के तथ्यों से अवगत कराएंगे।

# टांडा क्षेत्र में वाईक चोर गिरोह सक्रिय, नुमाइश देखने गए युवक की बाइक चोरी

उत्तम भारत संवाददाता

**टाण्डा।** टांडा के ग्राम मोहनपुरा में नुमाइश देखने गए एक युवक की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चुरा ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं, पुलिस की निष्क्रियता और गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली टांडा क्षेत्र के ग्राम मोहनपुरा में अटल महोत्सव मेला लगा हुआ है। जोकि 25 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक की अनुमति प्रशासन द्वारा दी गई है, जिसका समय प्रतिदिन शाम चार बजे से रात्रि 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। आपको बता दें कि नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी इकान पुत्र सुलेमान शनिवार को देर रात करीब 11 बजे मोहनपुरा में लगी नुमाइश देखने गया था। इकान ने अपनी मोटरसाइकिल को मेले के सामने टाइल्स के गोदाम पर खड़ी की थी। जब वह नुमाइश देखकर लौटने लगा तो बाइक मौके से गायब मिली। युवक ने आसपास काफी तलाश की, मगर वाइक का कोई सुराग नहीं मिला। चोरी की सूचना मिलने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे पीड़ित और नाराज़ हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नुमाइश स्थल पर रोज़ाना भारी भीड़ रहती है, लेकिन पुलिस की ओर से कोई विशेष सुरक्षा इंतज़ाम या निगरानी नहीं की गई है। चर्चा है कि नगर में चोर गिरोह सक्रिय है। पूर्व में भी बाइक चोरी की कई वारदातें सामने आ चुकी हैं।

पीड़ित इकान ने कोतवाली टांडा में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह सक्रिय है, उन्होंने पुलिस प्रशासन से गस्त बढ़ाने की मांग की है।

# बिहार में 14 नवंबर को दोपहर एक बजे तक राजद का सफाया हो जाएगा: शाह

**शिवहर/सीतामढ़ी (बिहार)।** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी और 14 नवंबर को दोपहर एक बजे तक राज्य से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का सफाया हो जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने शिवहर में चुनावी रैली के दौरान बिहार के लिए जारी कई परियोजनाओं का जिक्र किया और नयी परियोजनाएं शुरू किए जाने का वादा किया।

राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवम्बर को होंगे, जबकि मतगणना 14 नवम्बर को की जाएगी।

शाह ने कहा कि सीता मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सीतामढ़ी से अयोध्या तक वंदे भारत ट्रेन शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिथिला-कोशी में बाढ़ को रोकने के लिए 11,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जारी हैं, सोनबरसा नानपुर में 505 एकड़ भूभाग में औद्योगिक पार्क स्थापित किया जाएगा तथा मिथिलांचल को 500 करोड़ रुपये की लागत से वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

शाह ने कहा कि सीतामढ़ी-अयोध्या रामजानकी पथ 550 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और अयोध्या-सीतामढ़ी रेल पटरी के दोहरीकरण पर 5,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे।''

उन्होंने कहा कि राजग बिहार में रक्षा गलियारा बनाएगा, हर जिले में कारखाने लगाएगा और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) एवं औद्योगिक पार्क बनाएगा।

शाह ने कहा, ''राजग पटना, दरभंगा, पूर्णियाएवं भागलपुर हवाई अड्डों को वैश्विक मानकों के अनुसार बनाएगा तथा प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज होगा।''

उन्होंने बिहार में राजग की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि ''14 नवंबर को दोपहर एक बजे तक'' राजद का सफाया हो जाएगा।

शाह ने कहा, ''(पूर्व मुख्यमंत्री) लालू (प्रसाद यादव) का कार्यकाल घोटालों से भरा रहा था। (बिहार के मुख्यमंत्री) नीतीश कुमार एवं नरेन्द्र मोदी की जोड़ी ही विकसित बिहार सुनिश्चित कर सकती है।''

इसके बाद उन्होंने सीतामढ़ी में चुनावी रैली के दौरान कहा कि सीतामढ़ी में सीता मंदिर धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक केंद्र बनेगा।

# एनसीएल जागरूकता अभियान आयोजित किया



उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत हादी अकैडमी जूनियर स्कूल थाना कोतवाली जनपद रामपुर में मिशन शक्ति टीम द्वारा एनसीएल जागरूकता अभियान आयोजित किया गया इस दौरान छात्र छात्राओं को नए भारत का नए कानून के बारे मे जानकारी दी गई जिनमें जीरो एफ आई आर, ई एफ आई आर, समयबद्ध न्याय महिला एवं बाल संरक्षण प्रावधान नए अपराध की परिभाषा प्रौद्योगिकी एवं फॉरेंसिक के उपयोग से संबंधित पहलुओं पर विस्तार से बताया गया कार्यक्रम में महिला उप निरीक्षक निशु, महिला हेड कांस्टेबल चिंकी यादव, म0का सोनिका और ज्योति व कांस्टेबल सम्मी देओल ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए बालिकाओं को नारी सम्मान स्वावलंबन एवं सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ हेल्पलाइन नंबर 1090,1930,112,101,102,181 आदि के बारे में जागरूक किया कार्यक्रम का उद्देश्य था कि महिलाएं अपने अधिकारों को जाने और अपराधिक घटनाओं के प्रति सजग रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीद दिवस को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय स्मारक समारोह में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए कुरुक्षेत्र आएंगे।

गौरतलब है कि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को लेकर हरियाणा में एक से 25 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय स्मृति समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस बीच, सैनी ने कहा कि 10वां अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। आध्यात्मिक ज्ञान और सांस्कृतिक जीवंतता का भव्य संगम गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 24 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।


'महोत्सव' का उद्देश्य विश्व को भारत की कालातीत ज्ञान परंपराओं से जोड़ना है, जिसमें कई देशों के विद्वान और राजदूत शामिल होंगे, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर कला, संगीत और विरासत का शानदार प्रदर्शन होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के प्रयास 2016 में शुरू हुए थे। पिछले कुछ वर्षों में इस भव्य महोत्सव के अंतरराष्ट्रीय संस्करण कई देशों में आयोजित किए गए हैं।

सैनी ने बताया कि इस वर्ष मध्य प्रदेश अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भागीदार राज्य होगा। सैनी ने बताया कि मध्य प्रदेश ब्रह्म सरोवर पर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में एक सांस्कृतिक मंडप का निर्माण कर रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भी 24 नवंबर को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का उद्घाटन किया जाएगा।

पंद्रह नवंबर से 5 दिसंबर तक ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर 'महाआरती' का आयोजन किया जाएगा। एक दिसंबर को ज्योतिसर तीर्थ पर गीता यज्ञ, गीता पाठ और भगवद् कथा का आयोजन किया जाएगा। गीता महोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सैनी ने बताया कि लगभग 18,000 विद्यार्थी गीता का वैश्विक पाठ करेंगे।

# हत्या के मामले में 'ऑपरेशन कनविक्शन' की सफलता; एक को आजीवन कारावास



**सैफनी।** पुलिस के 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत, प्रभावी पैरवी के चलते एक 13 साल पुराने हत्याकांड में अभियुक्त फराज को आजीवन सश्रम कारावास और 35,000 अर्थदंड की सज़ा सुनाई गई है। यह मामला 11.08.2012 को थाना शाहबाद क्षेत्र में चालक सुमित कुमार की हत्या और सेंट्रो कार चोरी से संबंधित था। स्थानीय पुलिस और मॉनीटरिंग सैल की सशक्त और समयबद्ध पैरवी के परिणामस्वरूप, न्यायालय ने 03.11.2025 को फराज पुत्र फरीद (निवासी सैफनी) को धारा 302/394 भादवि के तहत दोषी ठहराया। पुलिस ने बताया कि गंभीर अपराधों में त्वरित सज़ा दिलाने के लिए 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है।

## दण्डित किया

**रामपुर।** मा0 न्यायालय एडीजे/FTC-02, रामपुर द्वारा दिनांक 03.11.2025 को अभियुक्त फराज पुत्र फरीद निवासी मोहल्ला ईदगाह, कस्बा सैफनी, थाना शाहबाद, जनपद रामपुर को आजीवन सश्रम कारावास एवं 35,000/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है ।

# तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत, प्रधानमंत्री, राज्य सरकार ने शोक व्यक्त किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में बजरी से लदे एक ट्रक और एक बस की सोमवार को आमने-सामने की टक्कर होने से 13 महिलाओं एवं एक बच्ची समेत कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

ट्रक हैदराबाद से करीब 50 किलोमीटर दूर चेवेल्ला के पास तेलंगाना सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) की बस से टकरा गया जिसके बाद बजरी बस पर गिर गई।

एक जिला अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में 22 लोग घायल हो गए।

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सोमवार को तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना में लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती ने बताया कि दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि आमने-सामने की टक्कर तब होती है जब कोई वाहन गलत दिशा में होता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का कारण जांच के बाद पता चलेगा।

बस पर बजरी गिरने से कई यात्री वाहन के अंदर फंस गए और अधिकारियों ने मशीनों की मदद से बचाव एवं राहत अभियान चलाया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बस में सवार यात्रियों को वाहन से बाहर निकाल लिया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हुई दुर्घटना में लोगों की मौत होना बेहद दुखद है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।''

बयान में कहा गया है, ''प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।''

तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने चेवेल्ला स्थित उस सरकारी अस्पताल का दौरा किया, जहां दुर्घटना के पीड़ितों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, ''दुर्घटना में 19 लोग मारे गए हैं।''

प्रभाकर ने बताया कि राज्य सरकार मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देगी।

उन्होंने बताया कि टीजीएसआरटीसी की ओर से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि भी दी जाएगी। बस कंडक्टर के अनुसार, दुर्घटना के समय बस में 72 यात्री सवार थे। बस तांडूर से हैदराबाद जा रही थी।

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने दुर्घटना को लेकर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ टेली-कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार घायलों को उन्नत चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगी और मृतकों के परिवारों को शवों के अंतिम संस्कार में भी सहायता प्रदान करेगी। सरकार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों को राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए जिसमें आरटीसी द्वारा प्रदान किए गए बीमा के अलावा, मृतकों के परिवारों को मुआवजा प्रदान करना भी शामिल है।

तेलंगाना में हुए एक भीषण हादसे में जीवित बचे लोगों में से एक ने बताया कि बस चालक के पीछे की सीटों पर बैठे अधिकतर यात्रियों की दुर्घटना में मौत हो गई जबकि कंडक्टर के पीछे वाली सीटों पर बैठे लोग बच गए।

जीवित बचे व्यक्ति ने इस भयावह घटना के बारे में बताया कि वह बस में सो रहा था तभी एक जोरदार धमाके से उसकी आंख खुली और उसने स्वयं को बजरी में आधा दबा पाया। उसने मीडिया से कहा, ''कई लोग बजरी के नीचे दब गए। ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। मैं बस के बाईं ओर बैठा था। हम तो किसी तरह बाहर निकल गए लेकिन बस चालक के पीछे बैठे लोग नहीं निकल पाए और उनमें से कुछ की मौत हो गई। मैं कंडक्टर से तीन पंक्तियां पीछे बैठा था।''

व्यक्ति ने बताया कि वह एक खिड़की खोलकर बाहर आ गया तथा उसके पीछे छह और लोग भी थे।

उसने बताया कि बाद में एक अन्य व्यक्ति ने और यात्रियों को बाहर निकलने में मदद करने के लिए खिड़की के शीशे तोड़े। चेवेल्ला के सरकारी अस्पताल में एक चिकित्सक ने बताया कि दुर्घटना के शिकार कई लोगों की हड्डियां टूट गई हैं और उनके चेहरे, पेट एवं पैरों में चोटें आई हैं।

घायलों का इलाज जारी है और उन्हें हैदराबाद के बड़े सरकारी अस्पतालों में रेफर किया गया है।

टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में दिख रहा है कि बस का आधा हिस्सा बजरी से भर गया जिसके कारण यात्री अंदर ही फंस गए। अधिकारियों ने बस का मलबा हटाने के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया।

# फर्जी पासपोर्ट मामले में ईडी ने मारा बढ़ई के घर छापा, पाकिस्तान से कनेक्शन की जांच शुरू

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चकदाहा स्थित एक बढ़ई के घर पर फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच के सिलसिले में छापा मारा।




ईडी सूत्रों के अनुसार, आरोपी बिप्लब सरकार के परिसरों में छापेमारी की गई। बिप्लब पर फर्जी पासपोर्ट जारी करने वाले एजेंट होने का संदेह है। यह छापेमारी इस साल की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक से जुड़े मामले की जांच के तहत की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि बिप्लब सरकार का नाम एक अन्य आरोपी इंदु भूषण हलदर से पूछताछ के दौरान सामने आया, जिसे पिछले महीने विदेशियों को पैसे के बदले भारतीय पहचान पत्र (पासपोर्ट) दिलाने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बिप्लब सरकार के परिवार के सदस्य भी इसी तरह की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में जांच के घेरे में हैं।

ईडी की टीम सोमवार सुबह चकदाहा के परारी गांव में बिप्लब सरकार के घर पहुंच गई। मिट्टी से बने घर में तलाशी अभियान शुरू हुआ। इस दौरान टीम को पासपोर्ट मिला है।

ईडी इस बात की जांच कर रही है कि फर्जी पासपोर्ट कैसे बनाए गए और सभी लोग कहां-कहां गए। जांच एजेंसी ने आरोपी के परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की।

गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में फर्जी पासपोर्ट मामले में पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक को गिरफ्तार किया गया था। उस समय ईडी ने उत्तर 24 परगना और नदिया जिलों में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास कई जगहों पर तलाशी ली थी। सोमवार की तलाशी भी उन्हीं सूत्रों पर आधारित है। पिछले महीने, पासपोर्ट जालसाजी के एक मामले में इंदु भूषण हलधर नाम के एक आरोपी को नदिया में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में पता चला था कि इंदु भूषण ने आजाद मलिक का भारतीय पासपोर्ट नवीनीकृत करवाया था।

सूत्रों ने बताया कि बिप्लब सरकार का संबंध इंदु भूषण से है और पता चला है कि चकदाहा स्थित इंदु भूषण के साइबर कैफे से लगभग 350 फर्जी पासपोर्ट आवेदन किए गए थे।

उस सूचना के आधार पर ईडी ने बिप्लब सरकार के घर पर छापा मारा। हालांकि वह एक बढ़ई का काम करता है, जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि क्या उसका कोई बांग्लादेशी कनेक्शन है। कारण यह है कि इंदु भूषण कई मामलों में नकली फोटो पहचान पत्र भी बनाता था।

जांचकर्ता उसकी ट्रैवल हिस्ट्री और उसके सभी बैंक लेन-देन की जांच कर रहे हैं। अधिकारी उसके भाई बिपुल सरकार और उनके परिवार के सदस्यों के दस्तावेजों और पासपोर्ट की भी जांच कर रहे हैं। साथ ही मोबाइल फोन की भी जांच हो रही है। पिछले साल के अंत में पुलिस ने पश्चिम बंगाल से संचालित नकली भारतीय पासपोर्ट रैकेट की जांच शुरू की थी और कई गिरफ्तारियां भी की थीं। मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू को देखते हुए ईडी ने भी जांच अपने हाथ में ले ली थी। इसके बाद अप्रैल में, ईडी अधिकारियों ने आजाद मलिक को गिरफ्तार कर लिया था ईडी अधिकारियों की जांच से पता चला कि हवाला और नकली भारतीय पासपोर्ट रैकेट चलाने के अलावा आजाद मलिक उन देशों की यात्रा करने के इच्छुक लोगों के लिए नकली वीजा की व्यवस्था करने में भी शामिल था।

राज्य पुलिस ने इस मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है, जिसमें 130 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें से 120 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी कर दिया है।

# पंजाब में भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल के अलावा कोई सुरक्षित नहीं: कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कपूरथला में कांग्रेस नेता हरजिंदर सिंह पर हुए जानलेवा हमले के बाद राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में अब भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल के अलावा कोई भी सुरक्षित नहीं है।

प्रताप सिंह बाजवा ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'सुल्तानपुर लोधी की घटना दिल दहला देने वाली है। कपूरथला जिला परिषद के उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता हरजिंदर सिंह जिंदा, शाहजहांपुर गांव में अपने घर के बाहर गोलियों की बौछार में बाल-बाल बचे। '

उन्होंने आगे कहा, 'आम आदमी पार्टी सरकार में राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पंजाब में अब भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल के अलावा कोई भी सुरक्षित नहीं है।



बताया जाता है कि कांग्रेस नेता हरजिंदर सिंह पर दो नकाबपोश हमलावरों ने फायरिंग की थी। इस ताबड़तोड़ गोलीबारी में उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। कांग्रेस नेता पर यह हमला घर के नजदीक हुआ था। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। हालांकि, फायरिंग के कारण और हमलावरों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

इससे पहले भी कांग्रेस की पंजाब इकाई ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाए कि पंजाब में दिन-प्रतिदिन बिगड़ती कानून-व्यवस्था के कारण गैंगवार और गोलीबारी की घटनाएं आम हो गई हैं और बदलाव के बड़े-बड़े नारे लगाने वाली झाड़ू पार्टी के मंत्री हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। आम आदमी पार्टी को पंजाब की जनता ने अपनी सुरक्षा के लिए चुना था, इस खून-खराबे के लिए नहीं।

कांग्रेस इकाई ने मानसा, जालंधर, जगराओं, मोहाली और अमृतसर की हालिया घटनाओं का उदाहरण दिया। अमृतसर में मेडिकल शॉप और मानसा में आरटीआई कार्यकर्ता की दुकान पर गोलीबारी हुई थी। जालंधर में सुनार की दुकान को बंदूक के बल पर लूटा गया। जगराओं में कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या की गई थी। इसके अलावा, मोहाली में रियल एस्टेट व्यापारी पर फायरिंग की घटना हुई थी।

# वैशाली में कार-ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले में सोमवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।




यह भीषण दुर्घटना जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के नैपर गांव के पास सुबह करीब 4 बजे हुई। औद्योगिक थाने के प्रभारी के अनुसार, पूर्णिया से हाजीपुर जा रही एक तेज रफ्तार लग्जरी कार सड़क पर खड़े एक 16 पहियों वाले ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चकनाचूर हो गई।

सभी मृतक और घायल बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान काम कर रही एक एग्जिट पोल टीम से जुड़े थे। टक्कर की आवाज सुनते ही स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। औद्योगिक थाने के कर्मियों ने वाहन के अंदर फंसे शवों को निकालने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया।

शवों को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर के सदर अस्पताल भेज दिया गया, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। औद्योगिक थाने के प्रभारी अरविंद पासवान ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना तेज रफ्तार के कारण हुई। उन्होंने कहा, 'चूंकि दुर्घटनास्थल एक औद्योगिक क्षेत्र है, इसलिए सड़क किनारे बड़ी संख्या में ट्रक कतार में खड़े होकर सामग्री लादने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। तेज रफ्तार कार ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। घायलों की हालत गंभीर है।' उन्होंने आगे बताया कि मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी गई है। घायलों की पहचान हाजीपुर के मिल्की गांव की मूल निवासी पुष्पा चौधरी (28), उत्तर प्रदेश के सीतापुर की मूल निवासी शालिनी वर्मा (26) और सीतापुर निवासी कपिल कुमार (24) के रूप में हुई है।

पासवान ने कहा, 'पीड़ित पूर्णिया की ओर से आ रहे थे। हमें संदेह है कि वाहन चालक को कुछ सेकंड के लिए नींद आ गई होगी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। '

उन्होंने कहा, 'हमने पीड़ितों की पहचान कर ली है और उनके परिवार वालों को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। 'दुर्घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

# जहरीली शराब मामले में कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री जोगी रमेश और उनके भाई को न्यायिक हिरासत में भेजा

**विजयवाड़ा।** जहरीली शराब मामले में गिरफ्तार वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री जोगी रमेश और उनके भाई जोगी रामू को अदालत ने सोमवार को 13 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



रविवार को गिरफ्तार किए गए जोगी बंधुओं को सोमवार तड़के मजिस्ट्रेट के समक्ष उनके आवास पर पेश किया गया।

पुलिस रिमांड रिपोर्ट पर दलीलें सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने सुबह 5 बजे दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस दोनों को विजयवाड़ा जेल ले गई।

जहरीली शराब मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने रविवार तड़के एनटीआर जिले के इब्राहिमपट्टनम स्थित उनके आवास से जोगी रमेश को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनके भाई रामू को भी गिरफ्तार कर लिया।

एसआईटी ने जोगी रमेश और उनके भाई से विजयवाड़ा स्थित आबकारी विभाग के कार्यालय में 12 घंटे तक पूछताछ की। आधी रात के आसपास उन्हें मेडिकल जांच के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया और बाद में मजिस्ट्रेट के आवास पर उनके सामने पेश किया गया।

इस मामले के मुख्य आरोपी अडेपल्ली जनार्दन राव के बयान के आधार पर एसआईटी ने पूर्व मंत्री से पूछताछ की। राव ने आरोप लगाया था कि नकली शराब जोगी रमेश के निर्देशों पर बनाई गई थी। पिछले महीने वायरल हुए एक वीडियो में जनार्दन राव ने कहा कि उन्होंने टीडीपी के नेतृत्व वाले एनडीए के सत्ता में आने के तुरंत बाद नकली शराब का उत्पादन बंद कर दिया था, लेकिन जोगी रमेश ने इस साल अप्रैल में उन्हें फोन कर नकली शराब बनाने के लिए कहा था। मुख्य आरोपी ने यह भी दावा किया कि जोगी रमेश ने उसे अफ्रीका में एक डिस्टिलरी खोलने के लिए तीन करोड़ रुपए देने का आश्वासन दिया था। जनार्दन राव ने पुलिस को बताया कि 2023 में जब जोगी रमेश मंत्री थे तो उन्होंने इब्राहिमपट्टनम में नकली शराब का उत्पादन शुरू किया था। अफ्रीका रवाना होने से पहले उसने 23 सितंबर को इब्राहिमपट्टनम स्थित जोगी रमेश से उनके घर पर मुलाकात की थी।

जोगी रमेश की गिरफ्तारी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में नकली शराब मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिका दायर करने के एक दिन बाद हुई।

उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार जानबूझकर राजनीतिक कारणों से उन्हें इस मामले में फंसाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस द्वारा की जा रही जांच पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रभावित है। वाईएसआरसीपी नेता ने तर्क दिया कि केवल सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसी ही निष्पक्ष जांच कर सकती है। उन्होंने उच्च न्यायालय से मुलकालाचेरुवु और भवानीपुरम पुलिस थानों में दर्ज दो एफआईआर की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया। जोगी रमेश ने यह भी मांग की कि सीबीआई उनकी 15 अक्टूबर की शिकायत की जांच करे, जो उन्होंने पुलिस हिरासत में जनार्दन राव द्वारा दिए गए एक रिकॉर्डेड बयान के जारी होने के बाद दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि वीडियो दबाव में रिकॉर्ड किया गया है। वाईएसआरसीपी ने जोगी रमेश की गिरफ्तारी की निंदा की है और इसे अवैध बताया है। पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर आरोप लगाया कि वे नकली शराब मामले में अपनी और अपनी पार्टी के नेताओं की संलिप्तता से जनता का ध्यान हटाने के लिए गिरफ्तारी का सहारा ले रहे हैं।

# महिला क्रिकेट विश्व कप: शरद पवार समेत कई राजनेताओं ने टीम इंडिया को दी जीत की बधाई

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के बाद से भारतीय महिला क्रिकेट टीम को खेल, मनोरंजन और राजनीतिक जगह से बधाई देने का सिलसिला जारी है।



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष एवं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जीत की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने जो नया इतिहास रचा है, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। हमारी बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि 'नारी शक्ति' ही भारत की असली ताकत है। सभी विजयी खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई! '

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लिखा, 'भारत की ऐतिहासिक जीत। विश्व कप जीतने पर हमारी महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। दीप्ति शर्मा का क्या ही जादुई और मैच जिताऊ स्पेल थाउ वाकई लाजवाब। पूरी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अद्भुत धैर्य, प्रतिभा और टीम वर्क दिखाया है। भारत को अपनी महिला सितारों पर गर्व है। '

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लिखा, 'भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वन-डे विश्व कप जीतने पर पूरे देश को हार्दिक बधाई। यह एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि भारतीय टीम ने पहली बार विश्व कप जीता है। इस प्रतियोगिता में शुरुआती कठिनाइयों के बाद जैसी सफलता हासिल की है, वह बेहद प्रशंसनीय है। मैं पूरी टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। '

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय टीम को विश्व कप जीत की हार्दिक बधाई! आपने देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। '

शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने लिखा, 'विश्व चैंपियन! आईसीसी महिला विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम! सभी खिलाड़ियों और आज पूरे देश को हार्दिक बधाई जिन्होंने यह मैच देखा और जीत तक तालियां बजाई! '

नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले को 52 रन से जीतकर भारतीय टीम महिला वनडे विश्व क्रिकेट की नई चैंपियन बनी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 298 रन बनाए थे। टीम इंडिया की तरफ से शेफाली वर्मा ने सर्वाधिक 87 और दीप्ति शर्मा ने 58 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका 45.3 ओवर में 246 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा ने 5 और शेफाली ने 2 विकेट लिए।

# वर्कला के पास चलती ट्रेन से युवती को दिया धक्का, हालत गंभीर

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम जिले में वर्कला के पास एक शराबी यात्री ने चलती ट्रेन से 19 वर्षीय युवती को धक्का दे दिया। घटना में घायल युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



पास के पालोडे की रहने वाली श्रीकुट्टी रविवार को अपनी सहेली के साथ केरल एक्सप्रेस के अनारक्षित डिब्बे में अलुवा से तिरुवनंतपुरम जा रही थी, तभी यह घटना हुई।

पुलिस ने बताया कि उन्होंने वेल्लारडा के पनाचमूडु निवासी सुरेश कुमार को हिरासत में ले लिया है और उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

श्रीकुट्टी का वर्तमान में तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज हो रहा है। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि उसके सिर और पेट में गंभीर चोटें आई हैं।

अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, युवती की तबीयत में कुछ सुधार हुआ है लेकिन उसकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है।

अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि चिकित्सकों की एक टीम उसकी स्थिति की फिर से समीक्षा करने के बाद सर्जरी पर विचार करेगी।

यह घटना वर्कला रेलवे स्टेशन से रात लगभग साढ़े आठ बजे केरल एक्सप्रेस के रवाना होने के कुछ ही देर बाद हुई। श्रीकुट्टी और उसकी दोस्त अर्चना जब शौचालय से बाहर आई तो दरवाजे के पास खड़े कुमार ने कथित तौर पर श्रीकुट्टी को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया।

यात्रियों ने आपातकालीन चेन खींचकर पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचित किया। जल्द तलाश शुरू की गई और युवती वर्कला स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर दूर पटरियों पर पड़ी मिली।

उसे पहले एक मेमू (मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन से वर्कला रेलवे स्टेशन ले जाया गया और पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बाद में उसे तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

आरपीएफ कर्मियों द्वारा पकड़े गए आरोपी को कोचुवेली स्टेशन पर रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

अर्चना ने कोचुवेली स्टेशन पर संवाददाताओं को बताया कि उस पर और पीड़िता पर बिना किसी उकसावे के हमला किया गया। उन्होंने कहा, ''आरोपी ने श्रीकुट्टी को ट्रेन से बाहर धक्का दे दिया और फिर मुझे भी नीचे गिराने की कोशिश की लेकिन अन्य यात्रियों ने मुझे ऊपर खींच लिया जिससे मैं भागने में सफल रही।''

पुलिस ने कहा कि नशे में धुत कुमार ने बिना किसी उकसावे के पीड़िता पर हमला किया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और प्रारंभिक गवाह पहचान प्रक्रिया के बाद उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# महाराष्ट्र में जिला सहकारी बैंकों में 70 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की गईं

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) में 70 प्रतिशत नौकरियां संबंधित जिले के निवासी आवेदकों के लिए आरक्षित करने का निर्देश दिया है।

सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि राज्यभर के सभी डीसीसीबी में भविष्य की भर्तियां केवल बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस), टीसीएस-आयन (टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज) या महाराष्ट्र नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमकेसीएल) जैसी संस्थाओं के माध्यम से ही की जाएंगी, ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता व निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।

31 अक्टूबर को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है, '70 प्रतिशत पद संबंधित जिले के स्थानीय (डोमिसाइल) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेंगे। जबकि शेष 30 प्रतिशत पद अन्य जिलों के परीक्षार्थियों के लिए होंगे।

जीआर में कहा गया है कि यदि बाहरी जिलों के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं, तो वे पद भी स्थानीय परीक्षार्थियों से भरे जा सकते हैं।

जीआर के अनुसार, यह निर्देश उन बैंकों पर भी लागू होगा जिन्होंने इस आदेश से पहले भर्ती विज्ञापन जारी किए हैं। सरकार ने कहा कि ऑनलाइन भर्ती से पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता का भरोसा मजबूत होगा।

# कोलकाता में महिला को गोली मारी गई, हालत गंभीर

**कोलकाता।** कोलकाता के दक्षिणी हिस्से हरिदेवपुर इलाके में सोमवार तड़के एक अज्ञात हमलावर ने एक महिला को गोली मार दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता मौसमी को पास के एम आर बांगुर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हमलावर फरार हो गया है और उसकी तलाश जारी है। हरिदेवपुर पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा, ''यह घटना सुबह करीब छह बजकर 20 मिनट पर हुई।

# मनेर में राजद की कैंपेन गाड़ी सीज, लाउडस्पीकर नियम का उल्लंघन

**मनेर।** बिहार के मनेर विधानसभा क्षेत्र में राजद के एक चुनाव प्रचार वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया। यह कार्रवाई एसडीओ के आदेश पर की गई, जिसमें कहा गया था कि वाहन ने लाउडस्पीकर इस्तेमाल से जुड़ी अनुमति शर्तों का उल्लंघन किया है।



चुनाव प्रचार अपने चरम पर है और हर पार्टी मतदाताओं तक अपनी पहुंच मजबूत करने में जुटी है। ऐसे में प्रचार वाहनों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। लेकिन इस बीच प्रशासन बार-बार यह साफ कर चुका है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार अनुमति में दिए गए नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकता। इसी नियम के तहत मनेर में राजद के इस वाहन पर कार्रवाई हुई है।

सूत्रों के मुताबिक राजद की कैंपेन गाड़ी को लाउडस्पीकर नियम के उल्लंघन के आरोप में सीज किया गया है। घटना ने स्थानीय राजनीतिक माहौल को अचानक गरमा दिया और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।

मनेर विधानसभा क्षेत्र, पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। राजनीति में इस सीट की भूमिका निर्णायक रही है, जहां वर्षों से यादव समुदाय का वर्चस्व रहा है। इस जातीय समीकरण के कारण, जिस पार्टी ने यादव वोट बैंक को सफलतापूर्वक साधा, उसकी जीत लगभग सुनिश्चित रही। यही कारण है कि यह सीट लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का एक मजबूत गढ़ बन चुकी है।

मनेर के राजनीतिक इतिहास में शुरुआत में कांग्रेस पार्टी ने 7 बार जीत दर्ज की थी, जबकि आरजेडी 5 बार विजयी हुई है। निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी दो बार यहां से बाजी मारी है, लेकिन पिछले एक दशक से यहां राजद का दबदबा कायम है।

राजद के मौजूदा विधायक भाई वीरेंद्र इस सीट से लगातार तीन बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

2020 विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के निखिल आनंद को 32,917 वोटों के बड़े अंतर से हराया।

2015 में उन्होंने श्रीकांत निराला को 22,828 वोटों से पराजित किया। 2010 में उन्होंने अपनी जीत का सिलसिला शुरू किया था।

मनेर की राजनीति में दल-बदल का चलन भी खूब रहा है। यादव परिवार (जिसने कुल आठ बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया है) ने लगभग सभी प्रमुख दलों से चुनाव लड़ा है।

वहीं, दूसरी ओर 6 नवंबर को पहले चरण के मतदान से पहले पटना जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता बाइक रैली में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया है।

# अहमदाबाद कलेक्ट्रेट में राशन दुकानदारों की बैठक, लंबित कई समस्याओं का किया गया निपटारा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद कलेक्ट्रेट में सोमवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की प्रमुख सचिव मोना खंधार की अध्यक्षता में सरकारी उचित मूल्य दुकानदारों (राशन दुकानदारों) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इसमें दुकानदारों की लंबित मांगों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा सरकार की ओर से सकारात्मक पहल की गई। बैठक में प्रमुख सचिव मोना खंधार ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और संबंधित मंत्री ने दुकानदारों की एसोसिएशन द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पूर्णतः सकारात्मक रुख अपनाया है। उन्होंने कहा, 'कुल 20 मुद्दों में से 11 मुद्दों को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है। शेष 9 नीतिगत मुद्दों पर भी प्रक्रिया तेज गति से चल रही है और जल्द ही इन्हें हल किया जाएगा। 'खंधार ने दुकानदारों से अपील की कि वे गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने कहा, 'उचित मूल्य की दुकानें समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक सरकारी सहायता पहुंचाने का माध्यम हैं। आप सभी का दायित्व है कि पारदर्शिता और नियमितता के साथ राशन वितरण सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर सुजीत कुमार ने भी दुकानदारों से कहा कि चालान समय पर भरें और राशन का नियमित वितरण करें। दुकानदारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निदेशक मयूर मेहता, खाद्य नियंत्रक विमल पटेल, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गुजरात राज्य उचित मूल्य दुकानदार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# तेलंगाना के रंगारेड्डी में बस-ट्रक की टक्कर में, कम से कम 20 लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार को आरटीसी बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

तेलंगाना मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को फोन पर निर्देश दिया है कि इस दुर्घटना में युद्धस्तर पर आवश्यक राहत कार्य जारी रखें और सभी विभागों को राहत कार्यों में लगा दें। उन्होंने निर्देश दिया है कि दुर्घटना में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए आपातकालीन चिकित्सा सहायता के साथ-साथ पर्याप्त एम्बुलेंस और चिकित्सा कर्मचारी तैनात किए जाएं।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'यह अत्यंत हृदयविदारक है कि रंगा रेड्डी जिले के चेवेल्ला मंडल के खानपुर स्टेज पर हुई एक सड़क दुर्घटना में 17 से अधिक यात्रियों की मृत्यु हो गई। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं कई लोगों को आई गंभीर चोटों पर गहरा शोक व्यक्त करता हूं। सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और मृतकों और घायलों के परिवारों को तुरंत सहायता प्रदान करनी चाहिए। घायलों को बेहतर चिकित्सा सहायता प्रदान की जानी चाहिए। इस दुखद दुर्घटना के कारणों की व्यापक जांच की जानी चाहिए। '

यह दुर्घटना हैदराबाद-बीजापुर राजमार्ग पर चेवेल्ला मंडल के मिर्जागुडा के पास सुबह करीब 6.30 बजे हुई।

तंदूर से हैदराबाद आ रही बस को विपरीत दिशा से आ रहे कंक्रीट से लदे ट्रक ने टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद सारा सामान बस पर गिर जाने से कुछ यात्री कंक्रीट के नीचे दब गए।

इस टक्कर में बस में सवार 13 यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में बस और ट्रक दोनों के चालक शामिल हैं।

तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) की बस में कथित तौर पर 70 लोग सवार थे।

कई यात्री घायल हो गए और उन्हें चेवेल्ला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। मलबे में फंसे कई घायलों के मदद के लिए चीखने-चिल्लाने के बीच दिल दहला देने वाला दृश्य देखा गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। घायलों को बाहर निकालने के लिए तीन जेसीबी लगाई गई।मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंचने और राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने अधिकारियों को राहत कार्य शुरू करने और घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सेवा प्रदान करने का आदेश दिया है।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 11/3/2025 8:46 PM Page 1



## मृतक किसानों के परिजनों को वितरित किये किसान दुर्घटना बीमा के के चौक

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** एडीएम प्रशासन एवं एसडीएम ने मृतक किसानों के परिजनों को किसान दुर्घटना बीमा के 6 किसानों को पांच 5 लाख रुपए के चौक वितरित किये। पिछले दिनों अनिल कुमार निवासी ग्राम मिश्रीपुर की दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनकी पत्नी अनीता देवी, हेमराज पुत्र



पूरन सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर की दुर्घटना में मौत हो गई थी, उनकी पत्नी किरण, दीपक कुमार पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम आवी हफीजपुर की दुर्घटना में मौत हो गई थी, उनकी माता धनिया देवी, मानसिंह पुत्र खचेडू सिंह निवासी ग्राम काजी खेड़ा इनकी दुर्घटना में मौत हो गई थी, मृतक की पत्नी ममता, सत्येंद्र पत्नी सत्येंद्र सिंह ग्राम जमनिया खुर्द की मृत्यु हो गई थी, उनके पुत्र सनी चौधरी एवं ग्राम लदावली निवासी मनोज कुमार पुत्र रामफल सिंह की मौत हो गई थी उनकी पत्नी ज्ञानवती सभी आधा दर्जन मृतकों के स्वजनों को एडीएम प्रशासन एसडीएम संत दास पवार, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा ने कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपए के चौक वितरण किया।

# सरकारी धान खरीद केन्द्रो पर विचौलियो का धान खरीदने आरोप लगाकर किसानों का प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं की एक बैठक ब्लाक परिषद में आयोजित की गई जिसके अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने की व वह संचालन हरीराज सिंह ने किया। सोमवार को किसानों ने के किसानों से संबंधित शिकायतों पर विचार किया जिसमें निर्णय लिया गया की संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन दिया जाए जिस पर भारी संख्या में किसान जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए सरकारी धान खरीद केंद्र प्रभारी पर किसानों का धान न खरीदने व बिजोलियों का धान खरीदने का आरोप लगाया। अधिकारियों को दिए ज्ञापन में कहा कि सरकारी धान खरीद पर किसानों का ध्यान नहीं खरीदा जा रहा। राइस मिलसंचालक



किसानों का धान 1800 से 1900 रुपए के बीच खरीद रहे हैं। विचौलिया गर्दी को बंद कराया जाए। किसानों ने दो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने सहकारी समितियां में एनपीके खाद्य प्राप्त मात्रा में उपलब्ध कराने सभी बैंकों में किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों का क्रेडिट कार्ड नवीनीकरण के नाम पर पूर्ण पैसा जमा ने कर कर ब्याज ही जमा कराया जाएजो सब्सिडी पिछले वर्षों की नहीं आई रही है उसे तुरंत दिलाया जाए। अब्दुल्लापुर के सामनेमुरादाबाद से ठाकुरद्वारा बाईपास दिया जाए गंजादा आलम से सर्कल करें तक नहर की पटरी को पक्का कराया जाए। प्रदर्शन में चौधरी अयूब अली सुमित चौहान अनूप सिंह उदय पाल सिंह मंसाराम यादवसुशील कुमार बिश्नोई चौधरी मलखान सिंह सोमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# तिलस्मी मायाजाल से रोमांचित हो उठे दर्शक: जादूगर जुगनू

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के पावन पर्व पर अमरोहा जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार की ओर से तिगरी धाम पर ऐतिहासिक मेले के आयोजन पर श्रद्धालुओं के लिए उनके मनोरंजन के लिए जादूगर जुगनू और उनके रंगीन मायाजाल का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को देखने के लिए गंगा घाट पर बने मंच पर लाखों की संख्या में दर्शक पहुंचे जिन्होंने जादू के कार्यक्रम का भरपूर लुफ्त उठाया जादूगर जुगनू द्वारा एक से एक बढ़कर और रोमांचित करने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम दिखाने प्रारंभ किये कभी आग जलाकर किसी लड़की को प्रकट करना या कभी बातों बातों में हवा में उड़ा देना मां



गंगा को समर्पित गंगा की निर्जल जलधारा गंगा तेरा पानी अमृत के नाम से प्रस्तुत की जादूगर जुगनू द्वारा हैरतअंगेज कारनामें दिखाकर लोगों को हतप्रद कर दिया जूनियर जुगनू अंकुश द्वारा खाली हाथों से हजारों ताश के पत्ते हवा में उछाल कर दर्शकों को अचंभित कर दिया एक के बाद एक नए से नए अपने प्रयोग दिखाकर दर्शकों में उत्सुकता और पैदा कर दी जूनियर जुगनू मैजिशियन अनुभव द्वारा मेलोडी मैजिक चदिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया कार्यक्रम में जादूगर जुगनू अनुभव गुप्ता अंकुश गुप्ता दलसिंह संजीव कुमार शर्मा विजय कुमार कुमारी वैशाली कुमारी भूमि वैष्णवी आराध्या चहक मिताली किरन आरब मौजूद रहे कार्यक्रम को देखने के लिएमें देर रात तक जिलाधिकारी महोदय एसपी सिटी जनप्रतिनिधि एवं लाखों की संख्या में दर्शन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संयोजन डॉ बृजेश कुमार जी ने किया वह सफल संचालन उत्कर्ष अग्रवाल ने किया कार्यक्रम उपरांत सभी अधिकारियों ने सभी कलाकारों का सम्मान किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस, 56 शिकायतों में 03 का मौके पर निस्तारण, शेष पर कार्रवाई के निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** सोमवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पैमाईश, राशन वितरण, विद्युत, अतिक्रमण सहित विभिन्न प्रकार के 56 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित कराया गया और शेष शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। भूमि विवाद के मामलों पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के अनुरूप पैमाइश करके विवाद का समाधान कराएं। भूमि विवाद के



मामलों के समाधान को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। राशन वितरण के अंतर्गत राशन कार्ड में नई यूनिट जोड़ने, नवीन राशन कार्ड जारी करने अथवा राशन कार्ड निरस्तीकरण के दौरान विभागीय नियमों तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निहित प्रावधानों का गंभीरता पूर्वक अनुपालन होना चाहिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए साथ ही विद्युत बिलों में अनियमितता के मामलों में भी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी में तहसील परिसर में भूलेख कक्ष के नवीनीकरण कार्य का भी जायजा लिया तथा तहसील प्रशासन द्वारा कराए गए कार्य की सराहना की।

# लेखपालों ने अपनी मांगो को लेकर दिया ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा कांठ ने संघ से जुड़े लेखपालों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी कांठ के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है। मांगे पूरी न होने के कारण उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ आगामी 15 नवंबर 2025 से आंदोलन पर जाने के लिए बाध्य होगा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील कांठ की शाखा से जुड़े लेखपालों ने संघ के अध्यक्ष अली हुसैन के नेतृत्व में एक ज्ञापन तहसील समाधान दिवस में एसडीम के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है। उनकी प्रमुख मांगों में प्रारंभिक वेतनमान उचीकरण, पदोन्नति के अवसरो में वृद्धि, नायब तहसीलदार के 50: सीधी भर्ती के पदों में से 25: शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने वाले लेखपालों के लिए विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने हेतु आरक्षित करने, भत्तो में वृद्धि, नियतयात्रा भत्ता के स्थान पर वाहन भत्ता, विशेष वेतन भत्ता, पदनाम परिवर्तन, अंतर मंडलीय स्थानांतरण, वेतन विसंगति आदि मांगे प्रमुख हैं। लेखपाल संघ ने प्रेषित ज्ञापन में बताया है कि शासनादेश 23 अगस्त 2018 के अनुसार अंतर मंडलीय स्थानांतरण हेतु ऑनलाइन आवेदन परिषद ने मंगा लिए हैं किंतु स्थानांतरण सूची आज तक जारी नहीं की गई है जबकि अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों के स्थानांतरण हो चुके हैं। ज्ञापन द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्देश के बावजूद राजस्व निरीक्षक पदों पर पदोन्नति हेतु चयन वर्ष 2025 26 की डी पी सी अभी तक जारी नहीं हो सकी है। लेखपाल संघ की तहसील शाखा ने ज्ञापन में मांगे पूर्ण नहीं होने पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ 15 नवंबर 2025 से आंदोलन पर जाने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर, तहसील मंत्री पुष्पराज सिंह, निशांत त्यागी, सुशील कुमार, अमित कुमार, जहीरूद्दीन कोषाध्यक्ष, अंकित चौहान, अंकित सक्सेना मीडिया प्रभारी, आदि लेखपाल प्रमुख हैं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, दुकानों से लिए पनीर-मावा के नमूने

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शहर की विभिन्न दुकानों पर छापामारी करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए। इस अभियान का उद्देश्य बिक्री के लिए पेश खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करना है। यह जांच अभियान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित दुकानों से पनीर, मावा, मिठाई और बताशे जैसे नमूने लिए। इन सभी सैंपलों को आगे की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नमूना संग्रह के दौरान स्थानीय व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भी



विभागीय अधिकारियों का पूरा सहयोग किया। उन्होंने इस कार्रवाई को उपभोक्ताओं के हित में एक सराहनीय कदम बताया। डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी नमूने में मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नहीं पाई जाती है या उसमें मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग का यह अभियान नगर में जारी रहेगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में शिमशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद में प्राचार्य प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में शिमशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शिविधिक जागरूकता शिविरश लगाया गया। इस शिविर में तहसील सदर जिला मुरादाबाद से आए हुए नायब तहसीलदार, श्री सूरज प्रताप सिंह ने स्वयं सेविकाओं को लैंगिक समानता के बारे में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आजकल महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं अतः महिलाओं एवं छात्राओं को स्वयं से संबंधित कानून के बारे में जानकारी होनी चाहिए जिससे वह स्वयं को जागरुक कर सके और



अपने परिवार को भी इन कानूनों से संबंधित जानकारी दे सके जिससे कि आवश्यकता पड़ने इनका प्रयोग किया जा सके। श्री सूरज प्रताप सिंह जी के साथ आयी उनकी टीम जिसमें अमर सिंह जी लेखपाल रामपाल जी, मुकुंद राम थे उन्होंने भी स्वयं सेविकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम को महिला थाना सिविल लाइंस से आई हुई उनकी टीम ने और भी गति प्रदान की।

महिला थाना प्रभारी ने नारी सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 112 आदि के बारे में स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी इस अभियान में एनएसएस की दोनों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नीतू सिंह एवं विदुषी यादव उपस्थित रहीं।

## पात्र गृहस्थी योजना के अंतर्गत समारोह पूर्वक नगर विधायक ने किए वंचित/गरीब परिवारों को राशन कार्ड वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** वंचित/गरीब परिवारों को पात्र गृहस्थी योजना से आच्छादित करने हेतु राशन कार्ड उपलब्ध कराये जाने के लिए विधायक नगर रितेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा कल्पना पत्नी रामपाल, नगमा पत्नी अफजल अहमद, तबस्सुम पत्नी मौ0 असलम, अजरा पत्नी आसिव, रीशा पत्नी इस्लाम, राविया पत्नी फिरोज, अर्चना पत्नी रविन्द्र, संध्या पत्नी अमित यादव, शिवानी पत्नी राजकुमार, शुभाली दिवाकर पत्नी ललित, संतोष पत्नी धर्मवीर, रामसुमेरी पत्नी हरकेश, रजनी पत्नी रवि कुमार, प्राची विश्नोई पत्नी शेलेन्द्र, दिव्या सक्सैना पत्नी विशाल, उपासना पत्नी दीपक,



ललिता देवी पत्नी रिंकू सक्सैना, मीना पत्नी विरेन्द्र, ज्योति पत्नी विनोद, रंजना पत्नी सचिन आदि कुल 25 निर्धनतम परिवार लाभार्थियों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वितरित किए गये। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के आवेदकों द्वारा एसएसडीजी के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन राशन कार्ड आवेदन पत्रों की जांच उपरान्त पात्र पाये जाने पर माह अक्टूबर 2025 में महानगर मुरादाबाद में 2180 संशोधित/नये राशन कार्डो के सापेक्ष 8277 यूनिट निर्धनतम परिवारों को जारी किए गये हैं तथा माह अक्टूबर 2025 में 3555 संशोधित/नये राशन कार्डो के सापेक्ष 13744 यूनिट निर्धनतम परिवारों को जारी किए गये हैं।

# महिलाओं से दिन दहाड़े लूट, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** दिन दहाड़े नकाब पोश बदमाशों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए सुरजननगर मार्ग पर मदारपुर मोड़ पर पैदल जा रहे दो महिलाओं का बेग छीन बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। दिन दहाड़े लूट की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लूटी शिकायत महिलाओं से घटना की जानकारी कर नकाब पोश बदमाशो की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी विकास कुमार की पत्नी रश्मि देवी और सचिन कुमार की पत्नी सोनी देवी के साथ निकट के गांव शरीफनगर में ज्वैलरी लेने गई थी। जहां पर शरीफनगर में सरार्फा सुभाष सिंह की दुकान से पैरों की पाजेव लेकर वापस ई रिक्शा बैठक कर घर आ रही थी। दोनों महिलाएं



मदारपुर मोड़ नर्सरी पर उतारकर पैदल अपने घर करीब दोपहर करीब 4.00 बजे पैदल जा रही थी। जैसे ही घर के लिए पैदल चली तभी पिछे आ रहे बाइक सवार नकाबपोश बदमाश के उनके हाथ बैग छीन कर फरार हो गए। बेग में चांदी की पाजेव, मोबाइल और 300 रुपए की नगदी थी। दिन दहाड़े महिलाओं के साथ नकाबपोश बदमाशो द्वारा की लूट की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। लूट की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह और कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें। जहां पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश में घंटो काबिंग की और रास्तो में लगी सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि महिलाओं से लूटे गए बेग में एक मोबाइल, पैरों की पाजेव और 300 रुपए नगद थे। इस मामलें मुकदमा कायम किया जाएगा।

## समाचार

# कपड़ा व्यापारी की कार को ओवरटेक कर किया फायर, तीन पर मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** मुंबई के कपड़ा व्यापारी ने उत्तराखंड के गांव चकरपुर बाजपुर एवं थाना टांडा के गांव लालपुर निवासी दो भाईयों के खिलाफ भोजपुर क्षेत्र में रास्ते में कार को ओवरटेक कर रोककर फायर करने एवं रुपयों का तकाजा करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में रामपुर के गांव मुकर्रमपुर थाना स्वार के मूल निवासी अरमान पुत्र अशरफ ने कहा है कि बीस वर्षों से परिवार के साथ मुंबई में रहकर कोट पेंट के कपड़े का व्यापार करता हूं। दो महीने से गांव में आया हुआ हूं। 29 नवंबर को कार से अपनी पत्नी बच्चों और मम्मी को महानगर में स्थित निजी अस्पताल से दवाई दिलाकर अपने घर गांव मुकर्रमपुर को लौट रहा था। रास्ते में गांव गणेशपुर के निकट ढेला नदी पुल से गांव देवीपुरा को जाने वाले बाईपास पर पीछे से दो बाइकों पर सवार थाना टांडा के गांव लालपुर निवासी दो भाईयों जुनैद व दानिश पुत्र शौकत अली एवं उत्तराखंड के गांव चकरपुर बाजपुर निवासी फईम उर्फ समद पुत्र कदीर ने ओवरटेक कर कार को रोककर फायर कर दिया। व्यापारी ने बताया कि आरोपियों पर 1करोड़ 80 लाख रुपए उधार हैं। तीनों के खिलाफ थाना टांडा में धोखाधड़ी का केस दर्ज हैं जिसमें जांच चल रही है। आरोपी उधार का तकाजा करने एवं लंबित मुकदमें को वापस नही लेने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भोजपुर के बाजार से बाइक चोरी

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** रविवार को मोहल्ला नावपुर निवासी मोहम्मद इदरीस पुत्र अब्दुल अजीज बाइक से साप्ताहिक बाजार से दाल और सब्जी खरीदने गया था। बाजार के बाहर बाइक खड़ी करके सब्जियां खरीदने चला गया। कुछ देर बाद लोटकर आया तो बाइक गायब थी। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी की तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर बाइक बरामद करने में जुटी है।

## लेखपालों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ठाकुरद्वारा इकाई के पदाधिकारियों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पर आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को सौंपा। ज्ञापन तहसील मंत्री हिमांशु के नेतृत्व में सौंपा गया। लेखपाल संघ ने ज्ञापन में कहा कि विगत नौ वर्षों से लेखपाल पद की शैक्षणिक योग्यता एवं पदनाम परिवर्तन की



मांग लंबित है। इसके साथ ही प्रारंभिक वेतनमान, सूचीकरण, एसीपी में विसंगतियों, मृतक आश्रित लेखपालों को पुरानी पेंशन का लाभ देने, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पद सृजन करने, स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 1000 करने, नियत यात्रा भत्ता के स्थान पर वाहन भत्ता देने तथा विशेष वेतन भत्ता 100 से बढ़ाकर 2500 प्रति माह करने की मांग की गई है।

## क्षेत्राधिकारी हाईवे द्वारा थाना पाकबड़ा का अर्धवार्षिक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** सोमवार को पाकबड़ा थाना का निरीक्षण किया गया! क्षेत्र अधिकारी द्वारा पाकबड़ा थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया! एक महत्वपूर्ण पर्यवेक्षी प्रक्रिया है जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी क्षेत्र क्षेत्राधिकार द्वारा थाने की कार्यप्रणाली, व्यवस्था और का गहन मूल्यांकन करते हैं। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को उजागर करना नहीं, बल्कि थाने के कामकाज में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए क्षेत्राअधिकारी अपने अधीनस्थों की क्षमता, प्रदर्शन और जांच के



मानकों का पता लगाते हैं। पुलिसकर्मियों के सामने आने वाली कठिनाइयों और समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना। ही इनका कर्तव्य है। निरीक्षण के दौरान जाँच किए जाने वाले प्रमुख कार्य एफआईआर रजिस्टर, सामान्य डायरी, आगंतुक रजिस्टर, और अन्य सभी आवश्यक अभिलेखों का उचित रख रखाव को सुनिश्चित किया जाता है। मालखाना जब्त किए गए माल और संपत्ति का उचित भंडारण और रिकॉर पुलिस कर्मियों के रहने की स्थिति, बैरक की व्यवस्था और थाने परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया जाता है। महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क इन डेस्क के कामकाज और दक्षता की भी जाँच की गई। लंबित मामलेध्विवेचना लंबित पड़ी जांचों की समीक्षा की गई और उनको शीघ्र ही निस्तारण के निर्देश दिए गए थाने में उपलब्ध वाहनों की स्थिति और रख रखाव। निरीक्षण के अंत में, निरीक्षण अधिकारी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करते हैं और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हैं, जिन्हें बाद में निरीक्षण पुस्तिका में दर्ज किया जाता है। थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी के साथ समस्त पुलिस स्टाफ भी रहा।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त विजेता और प्रतिभागी छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर किया सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डिलारी पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा कंपोजिट विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों की विज्ञान क्विज की प्रतियोगिता आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी भूपेश दिनकर और विज्ञान एआरपी मारूफ अली जी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में समस्त प्रतियोगिता छात्राओं की परीक्षा ली गई, तत्पश्चात उसमें क्वालिफाइड 30 छात्रों की पुनः परीक्षा कराई गई। द्वितीय चरण की परीक्षा में बैठे 30 छात्रों में से अंतिम रूप से 10 छात्रों का चयन प्राप्तांक और उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया। जिनमें पांच छात्र जिले स्तर पर क्विज के लिए और पांच छात्र जिले स्तर पर मॉडल के लिए चुने गए। इन चुने गए छात्रों में अनमोल और आस मौहम्मद मनकुआ मकसूदपुर, निशु काजीपुरा, उवैस आलम सलारपुर, हिमांशी सलारपुर, सुमित कुमार मनकुआ, शीतल कुमारी हाजी नगला, सैफ रजा ईग्राह, तनु धारक नगला, निहारिका जटपुरा आदि का चयनकिया गया।

# चौकिंग के दौरान पुलिस ने दस वाहन चालकों के काटे चालान

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** ऊमरी चौकी प्रभारी ने 10 दो पहिया वाहनों के चालान काटते हुए सभी यात्रियों को यातायात के प्रति जागरूक किया। यातायात महीना शुरू होते ही पुलिस ने वाहन चालकों की जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रति पुलिस अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को ऊमरी कलां पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक कार्तिक चौधरी ने ऊमरी चौराहे पर एवं ऊमरी कला नगर में ऑटो रिक्शा चालक एवं अन्य वाहन चालकों को रोककर उन्हें यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। चौकी प्रभारी प्रभारी ने 10 पहिया वाहन चालकों के चालान किये। उन्होंने कहा कि कोहरा बहुत तेजी से आना शुरू हो गया है। उन्होंने यात्रियों से आग्रह किया कि कोहरे में दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बहुत अधिक रहती हैं। गन्ने का सीजन शुरू हो गया है। गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक निकलते रहते हैं। समस्त दो पहिया वाहनों को चाहिए कि हैलमेट अवश्य लगाएं। उन्होंने यात्रियों से कहा कि जरा सी असावधानी मौत का कारण बन सकती है। ध्यान रखें कि घर पर आपका परिवार आपकी प्रतीक्षा में है। उन्होंने बताया कि सभी दो पहिया वाहनों के चालान किए गए हैं। जिन में सभी दो पहिया बाहन चालकों के चालान वाहन ट्रिपल राइडिंग व बिना हेलमेट के किए गए हैं।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/3/2025 6:42 PM Page 1






# भारत ने जीता महिला विश्व कप, 52 साल का इंतजार खत्म

## भारत की महिला वनडे विश्व कप जीत के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मुंबई के डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रच दिया। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से मात दी। इस जीत के साथ ही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इतिहास रच दिया है।

हरमनप्रीत महिला विश्व कप जीतने वाली दुनिया की सबसे अधिक उम्र की कप्तान बन गई हैं। हरमनप्रीत कौर ने 36 साल 239 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की है। हरमनप्रीत ने इस टूनामेंट में बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया और 9 मैचों की 8 पारियों में 32.50 की औसत के साथ 260 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 89.04 का रहा है। इसके अलावा, हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी बेलिंडा क्लार्क को भी पीछे छोड़ दिया है।

हरमनप्रीत ने फाइनल मैच के बाद बीसीसीआई और सहयोगी स्टाफ को टीम पर भरोसा बनाए रखने के लिए क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी जीत है और इसका श्रेय पूरे टीम प्रयास को जाता है। हम अब हर दिन बेहतर होना चाहते हैं। अगले साल भी विश्व कप है और चैंपियंस ट्रॉफी भी है, इसलिए यह अंत नहीं, बल्कि एक शुरूआत है। हम बस अपना बेस्ट देना चाहते हैं।

वहीं, आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल ने भी इस जीत की तुलना 1983 में पुरुष टीम द्वारा जीते गए विश्व कप से की। धूमल ने कहा, यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दिन है। पुरुष टीम ने 1983 में जो हासिल किया था, उसे भारतीय महिलाओं ने आज मुंबई में दोहराया है। यह ऐतिहासिक जीत देश में महिला क्रिकेट को जबरदस्त बढ़ावा देगी और मुझे विश्वास है कि हमारा खेल अब नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा।

इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87 रन, दीप्ति शर्मा ने 58 रन और स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। भारत की सलामी जोड़ी ने 100 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन भारत ने जल्दी-जल्दी विकेट लेकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। शेफाली वर्मा ने भी गेंद से कमाल दिखाते हुए 2 विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्र्ट ने 101 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम 246 रन पर ऑलआउट हो गई।

## बीसीसीआई ने टीम और सहयोगी स्टाफ के लिए 51 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप का खिताब जीत लिया। मुंबई के डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया। पूरे देश में जश्न का माहौल है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए 51 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की है। उन्होंने इसे भारतीय महिला क्रिकेट के लिए बड़ा पल बताया। आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल ने भी इस जीत की तुलना 1983 में पुरुष टीम द्वारा जीते गए विश्व कप से की। उन्होंने कहा कि आज का दिन महिला क्रिकेट के इतिहास में यादगार बन गया है, और अब महिला क्रिकेट नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। धूमल ने कहा, यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दिन है। पुरुष टीम ने 1983 में जो हासिल किया था, उसे भारतीय महिलाओं ने आज मुंबई में दोहराया है। यह ऐतिहासिक जीत देश में महिला क्रिकेट को जबरदस्त बढ़ावा देगी और मुझे विश्वास है कि हमारा खेल अब नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87 रन, दीप्ति शर्मा ने 58 रन और स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। भारत की सलामी जोड़ी ने 100 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन भारत ने जल्दी-जल्दी विकेट लेकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। शेफाली वर्मा ने भी गेंद से कमाल दिखाते हुए 2 विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्र्ट ने 101 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम 246 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट में एक नए दौर की शुरूआत हो गई है। खिलाड़ियों की आंखों में खुशी के आंसू थे और देश का तिरंगा गर्व से लहरा रहा था।

## प्लेयर ऑफ द मैच रहीं शेफाली वर्मा, कहा- भगवान ने मुझे कुछ अच्छा करने के लिए भेजा था



भारतीय टीम ने महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने अपना पहला आईसीसी खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर विश्व चैंपियन बनी। फाइनल में 87 रन की विस्फोटक पारी खेलने के साथ ही 2 विकेट लेने वाली शेफाली वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतिका रावल के इंजर्ड होने के बाद सेमीफाइनल में शेफाली वर्मा को एंट्री दी गई थी। इस युवा खिलाड़ी ने फाइनल में अपने प्रदर्शन से इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद शेफाली ने कहा, मैंने शुरूआत में कहा था कि भगवान ने मुझे कुछ अच्छा करने के लिए भेजा है। वो बात सच साबित हुई। मुझे बहुत खुशी है कि हमने आखिरकार वर्ल्ड कप जीत लिया। यह मेरे लिए एक बहुत ही यादगार पल है। मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। ये मुश्किल जरूर था, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था। मुझे विश्वास था कि अगर मैं खुद को शांत रखूं, तो मैं कुछ भी कर सकती हूं। उन्होंने कहा, फाइनल मेरे लिए, पूरी टीम के लिए अहम था। मेरी कोशिश रन बनाने और टीम को जीत दिलाने की थी। मैंने अपनी योजनाओं पर काम किया। मुझे बहुत खुशी है कि वो पूरी हुईं। कप्तान हरमन और टीम का मुझे सहयोग मिला। सभी ने दिल खोलकर खेलने को कहा था। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। शेफाली ने सचिन तेंदुलकर का जिक्र करते हुए कहा, जब मैंने सचिन सर को देखा, तो मुझे एक अलग ही उत्साह मिला। मैं सचिन सर से बात करती रहती हूं। वे मुझे हमेशा आत्मविश्वास देते हैं। वे क्रिकेट के उस्ताद हैं। मुझे उनसे बहुत प्रेरणा मिली।

## दीप्ति शर्मा रही प्लेयर ऑफ द सीरीज, ट्रॉफी माता-पिता को किया समर्पित



भारतीय टीम ने महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने अपना पहला आईसीसी खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर विश्व चैंपियन बनी। फाइनल में 58 रन बनाने और 5 विकेट लेकर भारत की ऐतिहासिक जीत की कहानी लिखने वाली दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन पूरे टूनार्मेंट यादगार रहा। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने के बाद दीप्ति ने कहा, मुझे जो भी भूमिका दी जाती है, मैं उसका हमेशा आनंद लेती हूं। मैं किसी भी परिस्थिति में खेलने के लिए तैयार रहती हूं, क्योंकि मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मुझे आज परिस्थिति के अनुसार खेलना था और मैंने बल्ले और गेंद दोनों से अपनी भूमिका का आनंद लिया। लौरा ने बहुत अच्छी पारी खेली। हम बहुत शांत थे। हम हमेशा एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते रहते थे, जो भी ड्रिंक्स ब्रेक या अन्य ब्रेक हमें मिलता था, हम उस समय का उपयोग योजनाओं पर चर्चा करने के लिए करते थे। हमने विश्व कप जीत लिया है।

# सुंदर की आतिशी पारी ने भारत को दिलाई बराबरी

**होबार्ट।** वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 49) की आतिशी पारी के दम पर भारत ने रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ऑस्ट्रेलिया के 186 रनों के जवाब में भारत ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सुंदर ने 23 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की मैच विजयी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाये। जितेश शर्मा ने मात्र 13 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जितेश ने भारत के लिए मैच विजयी चौका मारा।

मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 16 गेंदों में (25) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके लगाये। उन्हें नेथन एलिस ने आउट किया। छठे ओवर में एलिस ने शुभमन गिल (15) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तेजी के साथ रन बटोरे।





आठवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने सूर्यकुमार यादव को आउटकर भारत को तीसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव ने 11 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लागते हुए 24 रन बनाये। अक्षर पटेल 12 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल का विकेट गिरने के बाद मैदान पर आये सुंदर ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े। तिलक वर्मा 26 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुये, लेकिन उसके बाद सुंदर ने जितेश के साथ भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट लिये। मार्कस स्टॉयनिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए टिम डेविड (74) और मार्कस स्टॉयनिस (64) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन बनाये थे। टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ट्रैविस हेड (छह) और जॉश इंगलिस एक रन बनाकर आउट हुये। दोनों बल्लेबाजों को अर्शदीप सिंह ने आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम डेविड ने कप्तान मिचेल मार्श के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल मार्श (11) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। वरूण ने इसी ओवर में मिचेल ओवेन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड के साथ आतिशी बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर 118 के स्कोर तक ले गये। इसी दौरान शिवम दुबे ने टिम डेविड को तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवी सफलता दिलाई। टिम डेविड ने 38 गेंदों पांच छक्के और आठ चौके लगाते हुए 74 रनों की पारी खेली। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने मार्कस स्टॉयनिस को आउटकर अपना तीसरा विकेट लिया। मार्कस स्टॉयनिस ने 39 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाये।

ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रनों का स्कोर बनाया। मैथ्यू शॉर्ट (26) और जेवियर बार्टलेट तीन रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती को दो विकेट मिले। शिवम दुबे ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# फाइनल हारने के बाद छलका वोल्वाड्र्ट का दर्द: दौड़ में थे, बस अंत में चूक गए

**नवी मुंबई।** महिला विश्व कप के फाइनल में भारत से रविवार को यहां 52 रन की शिकस्त झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्र्ट ने कहा कि उनकी टीम ने अपने पहले खिताब के सपने को पूरा करने के लिए कड़ी टक्कर देने की कोशिश की लेकिन आखिर में जीत से दूर रह गयी। जीत के लिए 299 रन का पीछा करते हुए वोल्वाड्र्ट की लगातार दूसरी शतकीय पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका 246 रन पर आउट हो गया। वोल्वाड्र्ट ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, हां, मुझे लगा था कि हम बहुत देर तक दौड़ में रहे। मुझे लगता है कि हम उनके साथ बराबरी पर थे। मेरी और (एनेरी) डर्कसन की साझेदारी काफी मजबूत थी। वोल्वाड्र्ट और डर्कसन ने छठे विकेट के लिए 61 रन जोड़े थे। डर्कसन 40वें ओवर में जब आउट हुई तब टीम को 90 रन की जरूरत थी। वोल्वाड्र्ट भी हालांकि 42वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गयी। उन्होंने कहा, मुझे लगा था कि हम इसे अंत तक ले जाएंगे। फिर जब हम आखिरी 10 ओवरों में पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, तभी वह आउट हो गयी और फिर मैं भी जल्द आउट हो गयी। उन्होंने कहा, मुझे अब भी लगा था कि क्लो (ट्रायोन) और नाडेस (नाडिन डि क्लार्क) हमें जीत दिला सकते है लेकिन आखिर में लगा कि हमने डि क्लार्क के लिए बहुत ज्यादा काम छोड़ दिया है। वह आखिर में अकेले पड़ गयी। वोल्वाड्र्ट ने विश्व कप में बेहद खराब शुरूआत करने के बाद शानदार वापसी कर फाइनल में पहुंचने पर टीम के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा, उस मैच (इंग्लैंड के खिलाफ पहले लीग मैच में 69 रन पर आउट होकर 10 विकेट से हार का सामना) के बाद वापसी करना टीम के लिए वाकई बहुत अच्छा रहा। मुझे लगता है कि एक टीम के तौर पर हम जो लचीलापन दिखा पा रहे हैं वह शानदार रहा। मुझे लगता है कि मैंने कप्तान के तौर पर कोच मंडला माशिम्बी के साथ अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हम उन मैचों के बाद टीम को फिर से तैयार कर पाए और फाइनल तक पहुंच पाये। उन्होंने इस दौरान अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन, खासकर सेमीफाइनल और फाइनल की पारियों के बारे में कहा कि इस टूनार्मेंट में उनके खेल ने काफी प्रगति की है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान ने सेमीफाइनल में 169 रन की ऐतिहासिक पारी के बाद भारत के खिलाफ फाइनल में 101 रन का योगदान दिया था।

